छोटीबड़ीबात

आज ही के दिन 1992 में अयोध्या में रामजन्मभूमि स्थल पर उमड़ी भीड़ ने बाबरी मस्जिद को गिरा दिया था।

क्यूआर कोड स्कैन कर पहुंचें दैनिक भास्कर पर

dainikbhaskarup.com

देश का विश्वसनीय अखबार

दैनिक भास्कर

झांसी | वर्ष-74, अंक-1 | मंगलवार 06 दिसम्बर 2022 | कुल पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00

'वुहान लैब से ही लीक हुआ था कोरोना' पेज 10>

पैरा बैडमिंटन में भारत को छह स्वर्ण समेत 14 पदक पेज 11>

छिटपुट घटनाओं के बीच दूसरे चरण में 58.44% मतदान

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान सोमवार को छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। दूसरे चरण के मतदान में उत्तर और मध्य गुजरात के 14 जिलों की 93 सीटों पर वोट डाले गए। कुछ जगहों पर मारपीट की घटनाओं के अलावा मतदान बहिष्कार की भी घटनाएं हुईं।
दूसरे चरण में शाम पांच बजे तक औसत मतदान 58.44 फीसदी दर्ज किया गया। इसमें अहमदाबाद में 53.16, अरवल्ली 60.18, बनासकाठा 65.65, आणंद 59.04, छोटो उदेपुर 62.04, दाहोद 55.80, पाटण 56.09, महीसागर 54.26, वडोदरा 56.75, साबरकांठा में 65.84, पंचमहाल 62.03, गांधीनगर 59.14 फीसदी दर्ज किया गया।
दूसरे चरण के मतदान में सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद के साबरमती विधानसभा सीट अंतर्गत राणीप क्षेत्र में मतदान किया। प्रधानमंत्री मोदी की माता हीराबा ने भी सौ साल की उम्र में गांधीनगर स्थित रायसणा क्षेत्र में बूथ पर जाकर मतदान किया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अहमदाबाद के बूथ पर जाकर मतदान किया। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने भी अहमदाबाद में मतदान किया। केन्द्रीय मंत्री देबूसिंह चौहाण समेत राज्य के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में मतदान किया। क्रिकेटर इरफान पठान और यूसुफ पठान ने भी वडोदरा में अपने मत डाले। महेसाणा जिले की खेरालू तहसील के तीन गांवों में लोगों ने पानी के मुद्दे पर मतदान का बहिष्कार किया। खेरालू के डाओल, डालीसरा और वरेठा गांव के करीब 5 हजार लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। इसके अलावा वडोदरा के रेलवे गोदी क्षेत्र के लोगों ने भी पानी की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। यहां करीब 300 लोगों ने मतदान में भाग नहीं लिया। गांधीनगर के समीप कलोल विधानसभा सीट अंतर्गत संत अन्ना स्कूल में वोटिंग बूथ के बाहर गड़बड़ी का आरोप कांग्रेस उम्मीदवार ने लगाया। इसके बाद दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। बात गाली-गलौज से मारपीट तक बढ़ गई। बाद में पुलिस ने मामला शांत कराया।

तीन सीटों पर उपचुनाव सम्पन्न

- **मैनपुरी में 51.2 % रामपुर में 31.22 % और खतौली में 56.40 % हुआ मतदान**

भास्कर ब्यूरो

लखनऊ। यूपी की मैनपुरी लोकसभा सीट और रामपुर, खतौली विधानसभा सीट पर मतदान खत्म हो चुका है। मैनपुरी में 51.2 %, रामपुर में 31.22 % और खतौली में 56.40 % तक मतदान हुआ। वोटिंग के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि पुलिस लोगों को वोट डालने नहीं दे रही हैं। इसके बावजूद चुनाव आयोग आंखें मूंदे बैठा है। इस चुनाव को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के सेमीफाइनल की तरह देखा जा रहा है। एक तरफ मैनपुरी सीट का रिजल्ट देश की राजनीति में अखिलेश का राजनीतिक कद तय करेगा, तो दूसरी तरफ रामपुर सीट आजम खान के परिवार की राजनीति का भविष्य तय करेगी। वहीं, मुजफ्फरनगर की खतौली सीट पर भाजपा अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहती है। बहरहाल, इन तीनों सीट का रिजल्ट 8 दिसंबर को आएगा, लेकिन राजनीतिक जानकार बताते हैं कि तीनों ही जगह कांटे की टक्कर है। आजम खान के विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम खान ने कहा कि रामपुर उपचुनाव नहीं हो रहा बल्कि धांधली की जा रही है।

ज्ञानवापी केस की सुनवाई अब 7 दिसंबर को, 6 अन्य मुकदमों को भी सुनने की मांग

वाराणसी। ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रार्थना पत्र की सुनवाई आज वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में हुई। इस प्रार्थना पत्र के माध्यम से मां श्रृंगार गौरी केस के साथ ही ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े अन्य 6 केस को सुनने की मांग की गई है। कोर्ट में यह प्रार्थना पत्र मां श्रृंगार गौरी केस की लक्ष्मी देवी, सीता साहू, रेखा पाठक और मंजू व्यास की ओर से दी गई है। इस प्रार्थना पत्र के समर्थन में मां श्रृंगार गौरी केस की ही एक अन्य वादिनी राखी सिंह नहीं हैं। कोर्ट ने इस प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की अगली डेट 7 दिसंबर फिक्स की है। वहीं, मां श्रृंगार गौरी केस के तहत ज्ञानवापी परिसर में तहखाने को तोड़कर और मलबे को हटाकर एडवोकेट कमीशन की कार्रवाई आगे बढ़ाने की मांग की गई। हाईकोर्ट के निर्देश पर पर सुनवाई के लिए अगली डेट 23 जनवरी 2023 फिक्स की गई है।

33 हजार 700 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

- **नई योजनाओं के लिए 14000 करोड़ का प्रस्ताव**

भास्कर ब्यूरो

लखनऊ। यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2022 2019 के लिए 33700 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया। बजट में नई योजनाओं के लिए 14000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है।
अनुपूरक बजट में फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट के लिए भी प्रबंध किया गया है। नगर विकास विभाग की स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी व प्रधानमंत्री आवास योजना प्रस्ताव है। पीडब्ल्यूडी ने सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए करीब 2000 करोड़ रुपये मांगे हैं। वहीं सिंचाई विभाग के कंप्यूटराइजेशन के लिए भी राशि मिलने की उम्मीद है। सरकार की घोषणा के तहत युवाओं के लिए निशुल्क टैबलेट व स्मार्ट फोन के लिए भी बजट प्रस्तावित होगा। इसके अलावा अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट व अन्य सुविधाओं के लिए भी अनुपूरक बजट के माध्यम से धन की व्यवस्था की जाएगी
बजट पेश करने से पहले सदन में सपा नेता मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं सदन में अनुपूरक बजट पेश करने से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ के आवास पर बैठक हुई। मंत्री परिषद की बैठक में बजट को मंजूरी दी गई।
वहीं यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को सपा सदस्यों ने विधानसभा परिसर में चौधरी चरण सिंह प्रतिमा के पास जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन कर रहे सपाइयों ने सरकार पर आरोप लगाए। सपाइयों ने कानून व्यवस्था और महंगाई को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। सपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि सरकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। सपाइयों ने कहा कि सरकार जनता का पैसा का दुरुपयोग कर रही है। स्लोगन लिखे तक नारों को लेकर सपाइयों ने योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



यूपी : कैबिनेट बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में अनुपूरक बजट के साथ ही कई अन्य प्रस्ताव पर भी मुहर लगी है। कैबिनेट बैठक में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर राजकीय पॉलिटेक्निकों तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन निजी सहभागिता से किए जाने के संबंध में मुहर लगी है। इसी तरह अप्रचलित एवं अनुपयोगी कानूनों को निरसित किए जाने हेतु प्रस्तावित उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक 2022 को अधिनियमित कराए जाने के संबंध में कैबिनेट की मुहर लगी है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा विधेयक, 2022 को प्रख्यापित कराए जाने के संबंध में कैबिनेट ने मुहर लगाई है।

यूपी विधान सभा शीतकालीन सत्र : सदन में मुलायम सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के शीतकालीन सत्र के पहली दिन सदन की कार्यवाही शुरु होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव लगभग 83 वर्ष के थे। वह 10 बार विधानसभा के सदस्य और एक बार एमएलसी रहे। वह कई बार मंत्री, तीन बार मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भी रहे। वह लोकसभा सदस्य भी चुने गए। केंद्र की देवगौड़ा सरकार में रक्षा मंत्री भी रहे। उनका निधन प्रदेश और देश के लिए बड़ी क्षति है। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की अनुपस्थिति में समाजवादी पार्टी के विधायक व विधानसभा में मुख्य सचेतक मनोज पांडेय ने भी श्रद्धांजलि व्यक्त की। इनके अलावा कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा मोना, बसपा नेता उमाशंकर सिंह, अपना दल एस के नेता व कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और निषाद पार्टी अध्यक्ष डा. संजय निषात समेत अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि व्यक्त की। सत्र शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार की सुबह 9:30 बजे कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में सदन में पेश होने वाले अनुपूरक बजट के प्रस्ताव को रखा गया। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी।

सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया-जबरन धर्मांतरण संविधान के खिलाफ

- **कहा- भारत में रह रहे हैं तो यहां के कल्चर के हिसाब से चलना होगा**

एजेंसी

नई दिल्ली। जबरन धर्मांतरण मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस बार भी जबरन धर्मांतरण को गंभीर समस्या बताया और कहा कि जबरन धर्मांतरण भारत के संविधान के खिलाफ है। 14 नवंबर को हुई पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार से इसे रोकने का प्लान पूछा था और हलफनामा दाखिल करने को कहा था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस एमआर शाह और सी टी रविवकुमार की बेंच को बताया कि वे सभी राज्यों से जबरन धर्मांतरण का डेटा इकठ्ठा कर रहा है। इसके लिए उन्होंने कोर्ट से एक हफ्ते का समय मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी।

भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना गर्व की बात : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभआ चुनाव के मद्देनजर पार्टी नेताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने के महत्व और दायित्व के बारे में भाजपा पदाधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही जी-20 की अध्यक्षता के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भाजपा नेताओं को प्रेरित करते हुए कई मुद्दों पर विचार विमर्श भी किया।

लखनऊ, कानपुर व गाजियाबाद समेत महापौर की आठ सीटों को रखा गया अनारक्षित

महापौर, पालिका व पंचायतों में चेयरमैन की सीटों का आरक्षण तय

भास्कर ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 762 में 760 नगर निकायों में महापौर और चेयरमैन के सीटों के आरक्षण की अनंनतिम अधिसूचना जारी कर दिया है। इनमें 17 नगर निगमों में महापौर के अलावा 199 नगर पालिका परिषद और और 544 नगर पंचायतों के चेयरमैन की सीटें शामिल हैं। हालांकि आरक्षण सभी 762 नगर निकायों के लिए निर्धारित कर दिए गए हैं।
लखनऊ, कानपुर व गाजियाबाद समेत महापौर की आठ सीटों को अनारक्षित रखा गया है। 2017 में ये तीनों सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित थीं। प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात की ओर से जारी अधिसूचना पर 7 दिनों में सुझाव व आपत्ति मांगे गए हैं। महापौर और चेयरमैनों के आरक्षित सीटों की जानकारी देते हुए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश नगर निगम (स्थानों और पदों का आरक्षण और आवंटन) नियमावली 1994 में दी गई व्यवस्था के अनुसार चक्रानुक्रम के आधार पर सीटों का आरक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार महापौर की 17 सीटों पर चुनाव होना है। वर्ष 2017 में 16 सीटों के लिए चुनाव हुआ था। शाहजहांपुर सीट पर पहली बार चुनाव होने जा रहा है।
महापौर की कुल 17 नगर निगमों में से 8 सीटें अनारक्षित रखी गई हैं, जबकि महिलाओं के लिए तीन सीटें, आरक्षित की गई हैं। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग के लिए 2 और अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 2 सीटें आरक्षित की गई हैं। इसी प्रकार अनुसूचित जाति महिला और अनुसूचित जाति के लिए 1-1 सीटें आरक्षित की गई हैं। इसी प्रकार नगर पालिका परिषदों की 200 सीटों में से अनुसूचित जाति महिला के 9 और अनुसूचित जाति के लिए 18 सीटें, पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 18 और पिछड़ा वर्ग के लिए 36 सीटें आरक्षित की गई है। जबकि महिला के लिए 40 और 79 सीटें अनारक्षित श्रेणी में हैं।
इसी प्रकार नगर पंचायतों की 545 सीटों में 217 सीटें अनारक्षित और 107 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग के लिए 98 और पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 49 सीटें, अनुसूचित जाति के लिए 48 तो अनुसूचित जाति महिला के 25 सीटें आरक्षित की गई है। जबकि अनुसूचित जनजाति महिला के लिए एक सीट आरक्षित किया गया है।
उन्होंने बताया कि आरक्षण की अनंतिम अधिसूचना पर सात दिनों में आपत्तियां मांगी गई हैं। इसके बाद आपत्तियों का निस्तारण करते हुए अंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी। सीटों और वार्डों के आरक्षण की अंतिम अधिसूचना जारी होने के बाद इसकी जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार यह काम 12 दिसंबर तक पूरा कर लेगी। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग को कार्यक्रम सौंप दिया जाएगा। इसके बाद तुरंत चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी।

दैनिक भास्कर
02 मंगलवार, 06 दिसम्बर 2022 झांसी

चित्रकूट

उदारता और स्वाधीनता
मिल कर ही जीवनतत्त्व है।
-अमृतलाल नागर

अधिसूचना जारी होते ही निकालें होर्डिंग: अभिषेक आनंद

निकाय चुनाव बाबत बैठक में बोलते डीएम।

- **डीएम ने निकाय चुनाव को लेकर दिये अधिकारियों को दिशा-निर्देश**

चित्रकूट। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर निकाय चुनाव बाबत अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कहा कि नगरीय निकाय के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को अधिकारी मुश्तैद रहें। सोमवार को कलेक्टेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने कहा कि जिस अधिकारी को जो दायित्व दिये गये हैं, उसका संवेदनशीलता से पालन करें। संवेदनशील/अतिसंवेदनशील की सूची मुख्यालय को भेजी गई है। सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि बूथों में प्रकाश, पेयजल, टायलेट की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। अधिसूचना जारी होने के दो-तीन घंटे के अन्दर टीम बनाकर होर्डिंग उतरवायें। मतगणना स्थल पर किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एसडीएम व सीओ को निर्देश दिये कि संवेदनशील बूथों को दो-तीन दिन के अन्दर चेक कर लें। पोलिंग बूथ आबादी से दो-तीन किमी के अन्दर हैं तो ठीक हैं, वहां आवागमन को रास्ता भी देखें। एसडीएम व सीओ को निर्देश दिये कि वार्ड में अभी से चल रही चुनावी चर्चाओं पर नजर रखकर प्रभावी कार्यवाही तक करें, ताकि चुनाव सुचितापूर्ण व निर्भीकता तथा स्वतंत्रता से हो सकें। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि वीडियोग्राफी की चैकस व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में एसपी अतुल शर्मा, सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कंवर बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर राजबहादुर, एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

टोकन व्यवस्था से किसानों को मिले खाद:राम सिंह

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी।

- **भाकियू ने सदर एसडीएम को सौपा ज्ञापन**

चित्रकूट। भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा कि जिले के किसान रबी की बुवाई की तैयारी में हैं। किसानों को सही ढंग से खाद नहीं मिल रही है। इससे किसानों का समय बर्बाद हो रहा है। सोमवार को भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने एसडीएम सदर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि टोकन व्यवस्था से किसानों को खाद दी जाये, ताकि किसान अनावश्यक भीड़ न लगायें। साधन सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता के अनुसार टोकन दिये जाए। इससे वितरण में दिक्कत नहीं होगी और किसानों को समय से खाद मिल जाएगी। जिन समितियों में खाद नही पहुंची, वहां भी स्टाक पर रखी खाद को पहुंचाते हुए भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्राइवेट खाद विक्रेताओं की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय ने लो-वोल्टेज की समस्या उठाई। किसानों को पलेवा को पानी नहीं मिल रहा। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि बछरन गांव में जिलाधिकारी की जनचैपाल में पांच दिन का समय देते हुए आवारा जंगली जानवरों को संरक्षित करने का आदेश जारी हुआ था। अभी तक जंगली जानवरों को संरक्षित नहीं किया गया। जंगली वनरोज व बन्दरों की निरंकुशता देखने को मिल रही है। वन विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा।

जिलाधिकारी के आदेशों को वन विभाग नजर अंदाज किये है। कृषि विभाग से संचालित सोलर पम्प के डीलर की तानाशाही से किसानों को सोलर पम्प नहीं लगा रहे। किसानों से सुविधा शुल्क मांगा जा रहा है। कंठीपुर गांव के किसान शिवमोहन, भाकियू तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, विजय कुमार त्रिपाठी, छेदीलाल सिंह, नरेश सिंह, अर्जुन सिंह, नरेश तिवारी, नीलकंठ द्विवेदी, आकाश सिंह, राकेश सिंह, महेश्वरी प्रसाद, रामेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

जनता की समस्याओं का हो त्वरित निदान-डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में कोविड-19 का पालन करते हुए जनता दर्शन में आए जन सामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें । डीएम ने कहा कि जनता दर्शन में आने वाली शिकायतो का त्वरित निदान कर फरियादियों को राहत पहुंचाने का काम करें। उन्होने जिले के सभी उपजिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप जनता की समस्याओं का तय समय में निस्तारण किया जाये।अनावश्यक फरियादियों को भटकाने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। जनता दर्शन में आने वाली समस्याओं का हर हाल में एक सप्ताह के अंदर निस्तारण किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजमन्न यादव उपस्थित थे।

समस्या सुनते डीएम

सार सुर्खियां

बाजारवाद में तब्दील हो गया तहसील मुख्यालय

चित्रकूट। जिला मुख्यालय की तहसील कर्वी इन दिनों बाजारवाद में तब्दील हो गई है। हैसियत प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज व अन्य प्रमाण पत्रों में लोगों से निश्चित धनराशि वसूले बिना कोई प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है। हाल में सत्ता पक्ष के एक जनप्रतिनिधि से हैसियत प्रमाण पत्र के नाम पर पचास हजार रुपये की वसूली की गई थी, बाद में जनप्रतिनिधि से माफी मांगते हुए रुपये लौटाये गये थे।

सोमवार को कर्वी तहसील के बाजारवाद में तब्दील होने की खबर मिली है। तहसील कर्वी में इन दिनों हैसियत प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, शस्त्र आवेदन व अनुसूचित जाति की भूमि के विक्रय की अनुमति आदि मामलों में निर्धारित धनराशि फिक्स है। तहसील में कोई भी कार्य बिना निर्धारित धनराशि दिये सम्भव नहीं है। यहां तक कि हाल में सत्ता पक्ष के एक जनप्रतिनिधि से भी हैसियत प्रमाण पत्र के नाम पर तहसील में पचास हजार रुपये रिश्वत ले ली गई थी। उस जनप्रतिनिधि ने सारा मामला मोबाइल फोन में रिकार्ड कर लिया था। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को जनप्रतिनिधि ने पूरे मामले से अवगत कराया। इस पर तहसील कर्वी के जिस कर्मचारी ने जनप्रतिनिधि से पचास हजार रुपये लिए थे, उसने धनराशि ही वापस नहीं की, बल्कि जनप्रतिनिधि से माफी भी मांगी थी। इस तरह से इस मामले को यहीं पर रफा-दफा कर दिया गया। इससे साफ जाहिर है कि जब सत्ता पक्ष के एक जनप्रतिनिधि को तहसील प्रशासन में घूस देनी पडती है तो आम जनता के साथ कैसा सलूक होता होगा। इस बात की कल्पना ही की जा सकती है कि आम जनता का तहसील में किस कदर शोषण होता होगा, जबकि योगी सरकार में भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टालरेंस के निर्देश हैं। इन निर्देशों का कहीं पालन नहीं हो रहा है।

ठेकेदार संतोष पांडेय को जिला पंचायत ने किया ब्लैक लिस्टेड: अमृतपाल कौर

जानकारी देती सीडीओ अमृतपाल कौर

चित्रकूट। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री अमृतपाल कौर ने बताया कि जिला पंचायत चित्रकूट में निर्माण कार्यों के लिए किये गये अनुबन्ध, अनुबन्ध की शर्तों के उल्लंघन, विभाग की आर्थिक हानि एवं जिला पंचायत की छबि धूमिल करने के कारण ठेकदार संतोष कुमार पाण्डेय को जिला पंचायत विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड किया गया है। सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि अपर मुख्याधिकारी, जिला पंचायत, चित्रकूट के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 11 नवम्बर, 2022 के अन्तर्गत ठेकदार संतोष कुमार पाण्डेय पुत्र दीनबन्धु पाण्डेय निवासी ग्राम व पोस्ट छीबो, जनपद चित्रकूट द्वारा जिला पंचायत चित्रकूट विभाग में निर्माण कार्यों के लिए किये गये अनुबन्ध, अनुबन्ध की शर्तों के उल्लंघन, विभाग की आर्थिक हानि एवं जिला पंचायत की छबि धूमिल करने के कारण जिला पंचायत विभाग द्वारा उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने उपरोक्त क्रम में जनपद की समस्त कार्यदायी संस्थाओं एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपर मुख्याधिकारी, जिला पंचायत चित्रकूट के उक्त कार्यालय ज्ञाप के द्वारा ठेकेदार संतोष कुमार पाण्डेय पुत्र दीनबन्धु पाण्डेय को ब्लैक लिस्टेड किये जाने के फलस्वरूप सुनिश्चित कर लें कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार से उनकी सहभागिता न की जाये।

दो छात्राओं का इंस्पायर एवार्ड में हुआ चयन

चित्रकूट। राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी की प्रधानाचार्य पुष्पा वर्मा ने बताया कि विद्यालय की दो छात्राओं कु नन्दनी मिश्रा व कु तमन्ना का चयन इंस्पायर एवार्ड मानक प्रदर्शनी 2021-22 में जिला स्तर पर हुआ है। दोनों छात्राओं ने अपने माडल के साथ गांधी इंटर कालेज उरई में दो नवम्बर हिस्सा लिया था। सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी की प्रधानाचार्य पुष्पा वर्मा ने बताया कि अब राज्य स्तर पर हिस्सा लेने को कु तमन्ना कक्षा नौ का चयन हुआ है। पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है कि छात्राओं की इस उपलब्धि में प्रभारी शिक्षिका श्रीमती रीतू द्विवेदी का सहयोग सराहनीय रहा है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इंस्पायर एवार्ड मानक भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से प्रस्तुत कार्यक्रम है। कक्षा छह से दस तक के बच्चों को पढने को प्रेरित करता है। इसका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता विकसित करना एवं विज्ञान के क्षेत्र में नवाचारों को लक्षित करना है। योजना में छात्रों को जिला स्तर पर दस हजार रुपये की सहयोग राशि मॉडल बनाने को सरकार की ओर से दी जाती है।

एसपी अतुल शर्मा ने फोर्स के साथ पैदल गस्त कर चित्रकूटवासियों को कराया सुरक्षा का अहसास

पैदल गस्त करते एसपी।

अराजकतत्वों पर कडी निगाह रखने के दिये निर्देश

चित्रकूट। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कर्वी शहर में किया पैदल गस्त, आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सोमवार की शाम पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अतुल शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय एवं कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा कर्वी शहर में पैदल गस्त किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा दुकानदारों, व्यापारी बंधुओँ एवं शहरवासियों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान एसपी ने कहा कि अराजकता किसी दशा में बर्दास्त नही की जायेगी।माहौल को खराब करने का कुप्रयास करने वालों के विरूद्ध कडी से कडी कार्रवाई की जायेगी।इसके अलावा एसपी ने निकाय चुनाव के मददेनजर पुलिस अधिकारियों से विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।

पैदल गस्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी अवधेश कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती सविता श्रीवास्तव, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव,चैकी प्रभारी शिवरामपुर रजोल नागर एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

चित्रकूट नगर पालिका के पिछडा वर्ग महिला होने से कहीं खुशी तो कहीं छायी मायूसी

चित्रकूट। कर्वी नगर पालिका की सीट पिछडा वर्ग महिला के लिए आरक्षित होने से सामान्य वर्ग के चुनाव लडने के तलबगारों की भाग-दौड थम गई है। अब कर्वी नगर पालिका सीट पर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता व महेश साहू उर्फ मट्टू साहू की पत्नियां ही चुनावी समर में उतर सकती हैं। सोमवार को कर्वी नगर पालिका सीट के आरक्षण की घोषणा हो गई है। अब ये सीट पिछडा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो गई है। ऐसे में सामान्य वर्ग के जो प्रत्याशी चुनाव लडने के तलबगार थे, उनकी आशाओं पर पानी फिर गया है। अब चुनाव के ज्यादा रोमांचक होने के आसार बनने लगे हैं। समाजसेवी रामबाबू की पत्नी तथा महेश साहू की पत्नी ही चुनावी समर में भाजपा से आ सकती हैं। इनमें से कोई एक ही चुनावी समर में उतर सकता है। इसी क्रम में नगर पालिका सीट के पिछडा वर्ग महिला के आरक्षित होने पर सपा से मान सिंह पटेल की पत्नी व अन्य कोई दावेदार सामने आ सकता है। फिलहाल नगर पालिका कर्वी की सीट का आरक्षण आने के बाद चुनावी समर में खासा बदलाव देखने को मिलेगा। प्रत्याशी भी अप्रत्याशित होगा। जिले की नगर पंचायत राजापुर सीट अनुसूचित जाति महिला के खाते में जाने से जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की पत्नी संतोषी जाटव व सपा से पूर्व चेयरमैन लक्ष्मी प्रसाद वर्मा की पत्नी रामबाई वर्मा के बीच मुकाबला देखने को मिल सकता है।

जमीनी विवाद को लेकर चले लाठी डण्डे, महिलाओं सहित कई घायल

थाने के बाहर खडे घायल।

राजापुर (चित्रकूट)। ग्राम पंचायत बरुआ के मजरा खुटहाई का पुरवा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डण्डे चले। जिससे दो महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। जिनकी तहरीर पर राजापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार को करीब 11बजे राजेश पुत्र पन्नालाल निवासी ग्राम पंचायत बरुआ खुटहाई का पुरवा व शंकर दोनों चाचा-भतीजे अपने खेत को देखने गए हुए थे कि पड़ोसी रामप्रताप, शिवप्रताप, लवलेश, अवधेश, हरिशंकर, पंचू, धीरू ट्रैक्टर लेकर राजेश और ननका के खेत मे बने मेड़ को जोतवा डाला। जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद लाठी डण्डे चल गए। मारपीट की खबर पाकर मौके पर राजेश की माँ सियादुलारी व पत्नी राजमती भी पहुँच गईं। जिसमें उपरोक्त लोगों ने इन दोनों को भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।साथ ही देवमती, नथिया व बेला को भी मामूली चोंटें आई हैं, जिन्हें कुछ लोगों की मदद से थाने लाया गया। जहाँ प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में उपचार कराते हुए मेडिकल रिपोर्ट बनवाई गई। वादी राजेश की तहरीर पर थाना राजापुर में मुदकमा दर्ज कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें वादी राजेश की तहरीर पर रामप्रताप, शिवप्रताप, लवलेश, अवधेश, हरिशंकर, पंचू व धीरू के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

तपोभूमि चित्रकूट के सीवर लाइन कार्य को विभाग ने बनाया तमाशा : मदनगोपाल दास

- **कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

संत मदनगोपाल दास।

चित्रकूट। श्री कामदगिरि पीठम के संत मदनगोपाल दास ने मन्दाकिनी सीवर लाइन कार्य की शिथिलता पर आक्रोश जताया है। उन्होंने मप्र के सीएम शिवराज सिंह चैहान को लिखे पत्र में कहा कि सीवर लाइन की कार्यदायी संस्था शहरी विकास विभाग व ठेका कम्पनी एवं तकनीकी एजेंसी की करतूतों के तमाशे पर नजर टिकाने की गुजारिश की है। सोमवार को संत मदनगोपाल दास ने मप्र के सीएम शिवराज सिंह चैहान को लिखे पत्र में कहा कि शासन स्तर से पांच वर्ष से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी सीवर लाइन कार्य धरातल पर नहीं उतारा जा सका। ठेका कम्पनी खानापूरी कर कार्य से बाहर हो चुकी है। दूसरी कम्पनी ने तकनीकी असहयोग एवं कम बजट दिखाते हुए शिथिल है। पूर्व में जिस कम्पनी को ठेका मिला था, उसने शहर में इधर-उधर खुदाई कर धन व समय की बर्बादी की है। वर्तमान में जिस कम्पनी को कार्य दिया गया है, उसकी गति भी चिन्ताजनक है। अभी तक विधिवत सर्वे तक नहीं हो पाया। सम्पूर्ण नालों आदि की डिजाइन को आवश्यकतानुरुप अन्तिम रुप नहीं दिया गया। कार्य के सापेक्ष बजट न होने की बात कही जा रही है।

संत मदनगोपाल दास के अनुसार नई कम्पनी के कार्य आवंटन के बाद तकनीकी एजेंसी ने चित्रकूट में कदम तक नहीं रखा। कार्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है। भ्रष्टाचार की भी आशंका जताते हुए मन्दाकिनी सीवर लाइन योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य बताते हुए मुख्यमंत्री को कार्य में नजर टिकाने की गुजारिश की है। मप्र सरकार की कार्यशैली के प्रतिकूल विभाग/ठेका कम्पनी/तकनीकी एजेंसी की करतूत देखकर कार्य तमाशा प्रतीत जाता है। बिना मुख्यमंत्री के नजर गडाये बिना सीवर लाइन का कार्य धरातल पर उतरना सम्भव नहीं है। ये जानकारी मीडिया प्रभारी अर्चन पंडित के हवाले से मिली है।

मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में 32 ने लिया हिस्सा

चित्रकूट। गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता से सम्बन्धित मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में चित्रकूटधाम मण्डल के चारों जिलों के चयनित 32 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

सोमवार को प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर डॉ दुर्गेश कुमार शुक्ला, प्राचार्य गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ विनय कुमार चैधरी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि डॉ दुर्गेश कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। इन दिनों युवाओं के बीच बाइक का क्रेज बढ़ रहा है। उन्हें नियमों के तहत हेलमेट पहनकर गति सीमा पर अंकुश लगाते हुए चलना चाहिए। सड़क पर पैदल चलते हुए भी सतर्क रहना चाहिए।

प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने कहा कि वर्तमान में बढ़ रहे सड़क हादसों से हो रही परिवार, समाज एवं देश की हानि पर चिन्ता जताई। कहा कि समाज का प्रत्येक सदस्य जागरूक होकर यातायात नियमों के प्रति सजग रहे तो बडे हादसों को रोका जा सकता है। यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार पाल ने प्रतिभागी छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए सफलता की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ मुकेश कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा पेश की।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल में डॉ एस कुरील, डॉ रामनरेश यादव, डॉ सीमा कुमारी, डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ राकेश कुमार शर्मा, गजेन्द्र सिंह, डॉ विनय कुमार, डॉ बृजेश श्रीवास्तव, डॉ ऋषिप्रताप सिंह, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ धीरेन्द्र सिंह शामिल रहे। संचालन डॉ वंशगोपाल ने किया। आभार सहसंयोजक डॉ गौरव पाण्डेय ने जताया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ नीरज गुप्ता, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ रचित जायसवाल एवं विभिन्न महाविद्यालयों से आये प्राध्यापक मौजूद रहे।

आम सूचना

M/s. Mahaveer Construction Add. AN33 PAC Rajgarh, Jhansi.
Tin-09532412225
हमारी फर्म का फार्म 38 सं. EE3040837 वास्तव में कहीं खो गया है।

अशोक शुक्ला महिला महाविद्यालय
नदीगांव रोड ब्लाक के सामने कोंच (जालौन)

आवश्यकता है

1. प्राचार्य 01 पद
2. **प्रवक्ता (स्नातक स्तर)**- गणित-01, शिक्षा शास्त्र-01, समाजशास्त्र-01, इतिहास-01, राजनीति विज्ञान-01, भूगोल-01 पद।
3. **प्रवक्ता (परास्नातक स्तर)**-गृहविज्ञान-01, शिक्षाशास्त्र-01, समाजशास्त्र-01

वेतन एवं योग्यता-यू.जी.सी. एवं उत्तर प्रदेश व विश्वविद्यालय के नियमानुसार।
प्रवक्ताओं की संख्या घट बढ़ सकती है।
अभ्यार्थी अपने आवेदन प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक से महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

भवदीय
विपिन शुक्ला
(प्रबन्धक)
अशोक शुक्ला महिला महाविद्यालय कोंच

श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मिलता है मोक्ष- आचार्य अरविन्द जी महाराज

कथा का रसपान कराते भागवताचार्य।

राजापुर (चित्रकूट)। ग्राम पंचायत बेराऊर में श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्योत्सव की कथा का व्याख्यान करते हुए कथाव्यास आचार्य अरविंद महाराज ने बताया कि भक्ति के बिना मनुष्य जीवन का उद्धार नहीं हो सकता है। कई प्रकार के पापों का श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही नाश होता है। कथावाचक अरविन्द जी महाराज ने कहा कि भाव से भक्ति, भक्ति से शक्ति तथा शक्ति से मोक्ष प्राप्त होता है। भाव जीवात्मा के रूप में तथा परमात्मा भक्ति के रूप में सत्संग मण्डल में आते हैं। जब जीव और परमात्मा के द्वारा कथा श्रवण की जाती है तो सुख, शांति समृद्धि तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। भाव व जीवात्मा के रूप में भक्त प्रहलाद ने परमात्मा को याद किया तब नरसिंह भगवान ने खम्भे से प्रकट होकर हिरण्यकश्यप जैसे आताताई का वध कर भक्त की रक्षा की थी। श्रीमद्भागवत कथा के अट्ठारह हजार श्लोकों में से एक श्लोक श्रवण करने से जीव और परमात्मा का मिलन हो जाता है और मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। चार वेद षट शास्त्रों में श्रीमद्भागवत पुराण मोक्ष प्रदान करती है। उन्होंने कहा है कि मानव जीवन में कर्म ही सर्वश्रेष्ठ है। कर्म के अनुसार लोगों को स्वर्ग और नर्क की प्राप्ति होती है और सत्संग और धर्म के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति का सहारा परमात्मा होता है। उनके भजन 'जनम के साथी माता पिता हैं कर्म के साथी कोई नहीं। धर्म का साथी परमात्मा है अधर्म का साथी कोई नहीं' के भजन को सुनकर श्रोता भाव विभोर होकर झूम उठे। इस मौके पर मुख्य यजमान लालबहादुर सिंह, धर्मपत्नी कमला देवी, आयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर सिंह, मधुरेंद्र प्रताप सिंह, शिवनरेश सिंह, रवि सिंह, चन्दन सिंह, हरिश्चंद्र पाण्डेय, मनराखन सिंह, इन्द्रबहादुर सिंह, हरिश्चंद्र पाण्डेय, केदार पाण्डेय, बद्री प्रसाद, करुणेश मिश्रा, सरदार सिंह, पहलवान सिंह, वीरेंद्र पाण्डेय, रजनीश पाण्डेय, राहुल सिंह, अनिल सिंह, पवन पाण्डेय, रोहित सिंह, शिवशंकर तिवारी आदि नर नारी मौजूद रहे।

कोई कर रहा वादा तो कोई गिना रहा कमियां

निकाय चुनाव में सोशल मीडिया से जम कर हो रहा प्रचार-प्रसार

झाँसी। एक बार फिर निकाय चुनाव में सोशल मीडिया प्रचार का एक प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। प्रत्याशियों ने फेसबुक और वाट्सएप पर अपना चिह्न के साथ इमेज बना कर डालना शुरू कर दिया है। मत देने की अपील के साथ ही चुनावी वादे भी सोशल मीडिया के माध्यम से किये जा रहे हैं। प्रत्याशी ही चुनाव प्रचार में तामझाम करने के बजाय फेसबुक और वाट्सएप पर वोट मांग रहे है, यानी नगरीय निकाय चुनाव में उम्मीदवारों के बीच मुकाबला जमीन पर ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर भी चल रहा है।

उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया पर सक्रिय

उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया पर जम कर सक्रिय है। प्रायः हर वार्ड के मतदाता फेसबुक से जुड़े हुए हैं। वार्डों में वाट्सएप ग्रुप भी बना हुआ है। प्रत्याशी व उनके समर्थक वाट्सएप ग्रुप का जम कर उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा मतदाताओं को उनके पर्सनल नंबर पर मैसेज भी भेजा रहा है। चुनाव चिह्न हरेक मतदाता तक पहुंचाना बड़ी चुनौती है। इसके लिए सोशल मीडिया बेहतर माध्यम साबित हो रहा है।

फेसबुक और वाट्सएप में सैकड़ों लोग साथ जुड़े रहते हैं

फेसबुक और वाट्सएप में सैकड़ों लोग साथ जुड़े रहते हैं। इस पर लोगों की प्रतिक्रियाएं भी देखने को मिल जाती है। सोशल मीडिया पर प्रचार के दौरान लोगों से मिलने वाली प्रतिक्रियाएं भी प्रत्याशियों के लिए बेहतर साबित हो रहा है। फीडबैक के आधार पर प्रत्याशियों को मतदाताओं का मन टटोलने का भी अवसर मिल रहा है और वे अपनी स्थिति का आंकलन भी कर पा रहे हैं। दरअसल, सरकार की ओर से दो बच्चों सहित अन्य नियम लागू करने के बाद कई प्रत्याशियों के सपने तो धराशायी हो गये, लेकिन शिक्षित व युवा प्रत्याशियों ने चुनाव में घर-घर वोट मांगने के बजाय सोशल मीडिया को ही प्रचार का माध्यम बना दिया।

चुनाव में पहली बार वाट्सएप का प्रयोग जमकर हो रहा

निकाय चुनाव में पहली बार वाट्सएप का प्रयोग जमकर हो रहा है, क्योंकि गत

निकाय चुनाव के समय वाट्सएप का प्रयोग कम था। नाममात्र ही लोग इसका प्रयोग करते थे, मगर आज के दौर में यह प्रमुख साधन बन गया है। लोकसभा व विधानसभा चुनाव के बाद पंचायत चुनाव में सोशल मीडिया का प्रयोग किया और लोगों तक अपनी बातों को पहुंचाने में सफल रहे, उसके बाद से चुनावों में सोशल मीडिया चुनाव प्रचार बनता चला गया।

ग्रुप बना कर युवाओं को जोड़ा जा रहा

निकाय चुनाव में कूदे प्रत्याशियों का कहना है कि चुनाव में सोशल मीडिया का बहुत फायदा है। ग्रुप बना कर अपने वार्डों के लोगों खासकर युवाओं को जोड़ा जा रहा है। सभी को चुनाव में वोट डाल भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील भी की जा रही है। बताया जा रहा है कि अगर वह वार्ड का पार्षद बना, तो उसके विकास का एक समाना विकास करवाया जायेगा। वाट्सएप पर ग्रुप बना कर वोटरों से अपडेट ली जा रही है।

वाट्सएप के डीपी भी बदल गये

चुनाव में खड़े प्रत्याशियों व उनके चहेते युवाओं के फेसबुक व वाट्सएप से प्रोफाइल पिक्चर भी बदल गयी है। चुनाव से पहले जहां युवाओं ने अपने डीपी किसी हीरो-हीरोइन या फिर अन्य पिक्चर लगा रखी थी, लेकिन चुनाव की जानकारी के बाद अब एकदम से सोशल मीडिया निकाय चुनाव के रंग में रंग गया है। प्रत्याशी अपने चुनाव चिह्न के साथ रियल फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर डाल रहे है, ताकि प्रचार को चुनाव की तारीख आने तक तेज गति दी जा सके।

जमीनी प्रचार का भी बदला तरीका

सोशल मीडिया से प्रचार के अलावा निकाय चुनाव में प्रत्याशियों ने जमीनी प्रचार का अपना तरीका भी बदल दिया है। प्रत्याशियों ने अब टोली बना कर प्रचार करना शुरू किया है। वे अपने कुनबे सहित जान पहचान के गण्यमान्य लोगों को साथ लेकर लोगों के घर जा रहे हैं। जिस व्यक्ति का मुहल्ले में जिससे संपर्क रहता है, वे उनके घर जाकर वोटरों को प्रत्याशी को वोट देने के लिए राजी करते हैं। इसके लिए कई तरह का प्रलोभन भी दिया जा रहा है।

सात माह में झाँसी मंडल ने कमाए 1155 .05 करोड़

- यात्री परिवहन से मंडल ने प्राप्त किया 72.88 करोड़ का राजस्व
- झाँसी मंडल द्वारा माल लदान व राजस्व अर्जन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

झाँसी। झाँसी मण्डल यात्री सुविधाओं में निरंतर उच्चीकरण तथा विकास के साथ-साथ रेल राजस्व तथा माल लदान वृद्धि में बढोत्तरी के लिये निरन्तर प्रयत्नशील है। मंडल द्वारा माह नवम्बर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आय अर्जन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, जिसमें यात्री परिवहन से मण्डल ने रू. 72.88 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया है। जो गत वर्ष इस अवधि से प्राप्त राजस्व रू. 57.19 करोड से 27.43 प्रतिशत अधिक है। माल यातायात में मण्डल ने इस माह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रु.68.77 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। जो कि गत माह नवम्बर में प्राप्त राजस्व रू.59.29 करोड़ से लगभग 15.99 प्रतिशत अधिक है। टिकट चैकिंग के पेनल्टी केसों से माह नवम्बर में 37581 प्रकरण पर कार्यवाही कार्य हुए रू. 2.58 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया।

टिकट चैकिंग में 23.54 करोड़ का राजस्व किया अर्जित

इसी क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अप्रैल-22 से नवम्बर-22 तक की अवधि में मंडल द्वारा आय अर्जन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है, यात्री परिवहन से मण्डल ने रू. 535.26 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया है। जो गत वर्ष इस अवधि से प्राप्त राजस्व रू. 348.67 करोड से 53.51 प्रतिशत अधिक है। माल यातायात में मण्डल ने रु.584.51 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। जो कि गत वर्ष सामान अवधि में अर्जित रू.508.62 करोड़ से लगभग 14.92 प्रतिशत अधिक है। टिकट चैकिंग के पेनल्टी के 3.56 लाख केसों से मंडल ने रू. 23.54 करोड़ का राजस्व अर्जित किया, जो कि गत वर्ष में प्राप्त राजस्व से लगभग 14.56 प्रतिशत अधिक है।

माल लदान में झाँसी रेल मंडल को मिली हैं अच्छी उपलब्धि: शशिकांत त्रिपाठी

माह अप्रैल से नवम्बर तक झांसी मण्डल की समस्त स्त्रोतों से अर्जित आय रू.1155.05 करोड़ रही। जो कि गत वर्ष सामान अवधि में प्राप्त आय रु. 887.51 करोड़ से 30.15 प्रतिशत अधिक रही। मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर रेल कर्मियों को बधाई दी और आगे बढ़कर और भी बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि मंडल की यह उपलब्धि इस संदर्भ में और अधिक उल्लेखनीय हो जाती है कि इस मंडल रेल के परिधि में रेलवे की माल लदान में मुख्यतः योगदान करने वाले प्राकृतिक संसाधन जैसे कोयला या लौह अयस्क आदि नहीं पाये जाते हैं, फिर भी मंडल द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किया जा रहा है।

यूपी निकाय चुनाव 2022

निकाय चुनाव की तैयारियों ने पकड़ा जोर, नामांकन में इन बातों का रखें खास ध्यान

झाँसी। नगर निकाय चुनाव की तैयारियां गति पकड़ने लगी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव सम्बन्धी दिशा-निर्देश भी जारी होने लगे हैं। आयोग के नोटिफिकेशन के मुताबिक इस चुनाव में भी उम्मीदवारों के लिए उम्र का बंधन है। महापौर, नगर पालिका व नगर पंचायत के चुनाव लड़ने वालों की आयु कितनी होनी चाहिए। आयु में गड़बड़ी होने पर नामांकन रद्द भी हो सकता है।

महापौर, नगर पालिका व नपं अध्यक्ष के लिए 30 वर्ष आयु जरूरी

नगर निगम के महापौर पद, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 30 वर्ष की आयु होना जरूरी है। इसी प्रकार नगर निगम के पार्षद, नगर पालिका और नगर पंचायत के लिए 21 वर्ष की आयु होनी चाहिए। इसके लिए आयु का प्रमाणपत्र देना होगा। इसमें गड़बड़ी होने पर नामांकन भी रद्द हो सकता है।

नामांकन करने वाले उम्मीदवारों के लिए शर्तें

नामांकन के दौरान नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत का एक वर्ष का टैक्स बकाया नहीं होना चाहिए। नामांकन दाखिल करने के दौरान निकाय के टैक्स का अन्तिम बिल लगेगा। आरक्षण की श्रेणी में आने पर जाति प्रमाणपत्र, नोटरी या शपथपत्र होना चाहिए। अपराधिक मुकदमे दर्ज होने पर उसका भी रिकार्ड देना होगा। संपत्ति और दायित्व का विवरण शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।

कौन नहीं लड़ सकता निकाय चुनाव

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार अगर कोई दिवालिया हो, नगर निकाय या उसके नियंत्रण में कोई लाभ का पद धारण करता है, तो वह चुनाव नहीं लड़ सकता। इसके साथ ही राज्य सरकार, केन्द्र सरकार, स्थानीय प्राधिकारी की सेवा में होने या जिला सरकारी काउंसिल, अपर या सहायक जिला सरकारी काउंसिल, अवैतनिक मजिस्ट्रेट, अवैतनिक मुंसिफ होने पर चुनाव में उम्मीदवार नहीं बना जा सकता। वह व्यक्ति भी चुनाव नहीं लड़ सकता है, जो किसी सरकारी पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार या राजद्रोह करते हुए पदच्युत हुआ हो।

इस बार झाँसी महानगर अनुसूचित जाति से होगा मेयर

झाँसी। नगर निकाय चुनाव के मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत के अध्यक्ष पदों के आरक्षण का सोमवार को ऐलान हो गया। इस बार झाँसी में मेयर अनुसूचित जाति का होगा। सिर्फ बरुआसागर नगर पालिका के अध्यक्ष पद को अनारक्षित रखा गया है। बाकी 12 पदों को आरक्षित किया गया है। शाम को नगर विकास विभाग के मंत्री एके शर्मा के लिस्ट जारी करने के बाद मेयर पद के कई दावेदारों के आरमान ठंडे पड़ गए। वर्तमान मेयर रामतीर्थ सिंघल भी सीट आरक्षित होने की वजह से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

नगर निकाय की लिस्ट

झाँसी नगर निगम- अनुसूचित जाति
मऊरानीपुर नगर पालिका- अनुसूचित जाति महिला
गुरसरांय नगर पालिका- अनूसूचित जाति
समथर नगर पालिका- अनुसूचित जाति
चिरगांव नगर पालिका- पिछड़ा वर्ग महिला
बरुआसागर नगर पालिका- अनारक्षित
रानीपुर नगर पंचायत- अनुसूचित जाति महिला
कटेरा नगर पंचायत- अनुसूचित जाति महिला
एरच नगर पंचायत- अनुसूचित जाति
टोड़ीफतेहपुर नगर पंचायत- अनुसूचित जाति
गरौठा नगर पंचायत- अनुसूचित जाति
मोंठ नगर पंचायत- अनुसूचित जाति
बड़ागांव नगर पंचायत- महिला

नागरिक सुरक्षा कोर झांसी ने रैली निकाल कर किया जागरूक

झाँसी। नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा कोतवाली प्रभाग द्वारा शहर में संचारी रोगों से बचाव एवं जागरूकता रैली निकाली रैली का शुभारंभ उप नियंत्रक मुनेश कुमार गुप्ता एवं चीफ वार्डन बाल किशन कुशवाहा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रैली डिवीजनल वार्डन कोतवाली विनय सिजरिया एडवोकेट के नेतृत्व एवं वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक सुनील कुमार सिंह की देख देख मै निकाली गई एवं बैनर, तख्तियौं, पम्पलैट आदि के माध्यम से जनता को संचारी रोगों से बचाव एवं स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया, रैली का शुभारंभ शहर कोतवाली से होते हुए, गांधी गर का टपरा, सर्राफा बाजार,

बड़ा बाजार, गांधी रोड, चौधरयाना, खत्रयाना, मानिक चौक होते हुए शहर कोतवाली पर समापन हुआ।

रैली में प्रमुख रूप से डीवीजनल वार्डन नगरा भूपेन्द्र खत्री, आरक्षित अतुल अग्रवाल किल्पन, डिप्टी डिवीजनल वार्डन आनन्द सक्सेना, अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, स्टाफ आफिसर चीफ दिलीप अग्रवाल, सुमित गौड प्रतीक वर्मा, अनूप वर्मा, अनिल कुमार मोर्या, घटना नियंत्रण अधिकारी अंकुर बट्टा, संजय वर्मा, सुदर्शन शिवहरे, पोस्ट वार्डन विजय मिश्रा, शुभम टण्डन, राकेश पांचाल, पीयुष शर्मा, राजेश कुमार, प्रभारी जुगल कुशवाहा, कालका प्रसाद, राशिद पठान, नीलम शर्मा, पल्लवी साहू, श्याम लाल प्रजापति, विनोद कुमार, विशाल शाक्या, आशुतोष किल्पन, सोनू केशरी, अनमोल अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक सुनील कुमार सिंह द्वारा किया गया।

9 दिसंबर को होगा जंगी प्रदर्शन

झाँसी। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ, शाखा नगर निगम, के जिलाध्यक्ष अशोक प्याल की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें संघ द्वारा सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान किये जाने हेतु ज्ञापन दिये जाने पर नगर निगम प्रशासन द्वारा कार्यवृत जारी कर समस्याओं के समाधान हेतु विन्दुवार उल्लेख करते हुये समाधान की रूपरेखा प्रेषित की गई थी, परन्तु काफी समय गुजर जाने के पश्चात भी कार्यवृतानुसार किसी का समाधान नही किया गया है, जिससे सफाई कर्मचारियों में आकोश एंव असंतोष व्याप्त है, ऐसी स्थिति में संघ मजबूर होकर 9 दिसम्बर 2022 को सैकड़ों सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति में अनुरोध पत्र / स्मरण पत्र प्रस्तुत करेगा। यदि समाधान की प्रक्रिया नही अपनाई गई तो सफाई कर्मचारियों के आवाहन पर संघ आन्दोलन के लिए मजबूर होगा। ऐसी स्थिति में नगर निगम प्रशासन जिम्मेवार होगा। बैठक में सर्व मुन्नालाल करौसिया, सुभाष माते, सुरेश ठेकेदार, नरेश डागौर, रामजीसरन करौसिया, शम्भू नरवारे, कैलाश चन्द्र खरे, महेन्द्र करौसिया, उमेश ड्राईवर, संजय ड्राईवर, जितेन्द्र आगवान, हरीशंकर नाहर, पारस पहलवान, प्रकाश चौधरी, अरूण चौधरी, आदि उपस्थित रहे। संचालन मोहन उर्फ वोरा ने किया।

सूचना

हम अपने सम्मानित ग्राहकों, इंटरमीडियरीज़ (मध्यस्थों) और आम जनता को सूचित करना चाहते हैं कि, पहली मंज़िल, आईसीआईसीआई बैंक लि., C/o. कनिका, 239/1, एए सिविल लाइंस, कानपुर रोड, कचेरी रोड, **झांसी - 284001, उत्तर प्रदेश** स्थित हमारे शाखा कार्यालय को नीचे दिए नए स्थल पर स्थानांतरित कर रहे हैं. नई शाखा सर्विसिंग के लिए 2 से 3 महीनों के अंदर खुलेगी. आपसे रिन्यूअल्स और दावा संबंधी सहायता सहित अपनी पॉलिसी के लिए उपलब्ध सेवाएँ हासिल करने हेतु इस पर ध्यान देने और शाखा कार्यालय की जानकारी प्राप्त करने के लिए हमारी वेबसाइट www.icicilombard.com पर विजिट करने या आईएल टेक केयर ऐप डाउनलोड करने का निवेदन किया जाता है.

नया पता (स्थानांतरण)
दूसरी मंज़िल के सामने की ओर, शुभम कॉम्प्लेक्स,
एलीट झोंकन बाग रोड, एलीट चौराहा,
झांसी - 284001, उत्तर प्रदेश.

पुराना पता (बंद होनेवाला)
पहली मंज़िल, आईसीआईसीआई बैंक लि.,
C/o. कनिका, 239/1, एए सिविल लाइंस, कानपुर रोड,
कचेरी रोड, झांसी - 284001, उत्तर प्रदेश.

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी के लिए
अधिकृत हस्ताक्षरिती

सभी संबंधित से आग्रह है कि इस बात का ध्यान रखें.

ICICI Lombard
GENERAL INSURANCE

कॉर्पोरेट पता: आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड हाउस, 414, वीर सावरकर मार्ग, सिद्धी विनायक मंदिर के पास, प्रभादेवी, मुंबई 400 025. बीमा आग्रह की विषय वस्तु है. ऊपर दर्शाया ट्रेड लोगो आईसीआईसीआई बैंक तथा नॉर्थब्रिज फायनांशियल कॉर्पोरेशन से संबद्ध है और लायसेंस के अंतर्गत आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जीआईसी लि. द्वारा प्रयोग किया जा रहा है. आईआरडीए रजि. नं. 115. • टोल फ्री नं.: 1800 2666. फैक्स नं. 02261961323. सीआईएन L67200MH2000PLC129408. वेबसाइट: www.icicilombard.com. ईमेल: customersupport@icicilombard.com

कथित जालसाज राजा भदौरिया भेजा गया जेल

झाँसी। राजकीय रेलवे पुलिस ने ट्रेनों में पैंट्री कार का ठेका दिलाने समेत कई अन्य ठगी के मामले के मास्टर माइंड राजा भदौरिया को गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश किया। राजकीय रेलवे पुलिस के सीओ नईम मंसूरी का कहना है कि मध्य प्रदेश के भिण्ड क्षेत्र में रहने वाले राजा भदौरिया उर्फ रंजीत के खिलाफ अदालत से वारंट जारी किया गया था। राजकीय रेलवे पुलिस कई माह से उक्त वारंटी की तलाश में लगी हुई थी. आरोपी के स्टेशन परिसर के पास मौजूद होने की सूचना पर रेलवे पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसे अदालत में पेश किया गया।

सीओ के मुताबिक ठगी के कई मामलों में राजा साहब का नाम सामने आया है। कुछ समय पहले उसने पैंट्रीकार में ठेका दिलाने के नाम पर नगरा निवासी कादिर खान से 20 लाख रुपयों की ठगी की थी। कादिर के पैसा वापस मांगने पर उसे मौत के घाट उतार देने की धमकियां दी जा रही थी। उसके रहन-सहन एवं कपड़े पहनने के अंदाज से लोग उस पर आसानी से भरोसा कर लेते थे। इसका फायदा उसने कई कारोबारियों से करोड़ों रुपयों की ठगी कर ली। ठगी का शिकार तमाम लोग जीआरपी, आरपीएफ और नवाबाद थाना का चक्कर काट रहे थे। सीओ के मुताबिक आरोपी के अदालत ने जेल भेज दिया है।

इंजन की आवाज नहीं दी सुनाई, टकराकर हुई युवक की मौत

रेलवे इंजन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। यह युवक खेत से घर लौट रहा था। आवाज न आने पर वह इंजन से टकरा गया। सूचना पर गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

मोंठ थाना क्षेत्र के ग्राम अमरा निवासी वीरेंद्र दोहरे मजदूरी करता था। रविवार को वह पशुओं को चारा लाने के लिए खेत पर गया था। शाम को वह चारे की गठरी रखकर घर आ रहा था। वह पटरी पर चल रहा था, तभी ट्रेन के इंजन से वह टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी लगते ही खेत पर काम कर रहे कुछ लोग वहां पहुंच गए। इसकी जानकारी मिलते मृतक के परिजन भी आ गए। सूचना पर गई पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों का कहना है कि वीरेंद्र दोहरे को सुनाई नहीं देता था। बीती शाम ट्रेन का अकेला इंजन आ गया जिससे उसकी टकराने पर मौत हुई है।

कैंसर पीड़ित कैदी की मौत

कैंसर पीड़ित कैदी की मौत हो गई। इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। पुलिस ने कैदी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

मालूम हो कि बबीना थाना क्षेत्र के सुकुवां ढुकुवां के पास रहने वाला रवि कुमार आदि को नवाबाद थाने की पुलिस ने चोरी करने की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया था। वह 1 मई 2022 से जेल में निरुद्ध है। इसके पहले भी वह जेल जा चुका हैं। जेल जाने के पहले भी वह बीमार चल रहा था। सोमवार की सुबह अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। उपचार के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। यहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर गई नवाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इस संबंध में वरिष्ठ जेल अधीक्षक का कहना है कि कैदी रवि कुमार कैंसर व टीवी का मरीज था। इसका जिला कारागार में भी उपचार भी किया गया। इसका एक भाई भी जेल में निरुद्ध है। इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है।

सारसुर्खियां

तालाब में सिंघाड़े तोड़ते वक्त करंट से युवक की मौत

झाँसी। करंट लगने से युवक की मौत हो गई। वह तालाब में सिंघाड़ा तोड़ने गया था। तालाब के बीच से खेत में बिजली के लिए तार डले हुए थे। इसी तार में करंट दौड़ रहा था। जब वह नाव से सिंघाड़े तोड़ते हुए बिजली तार के पास पहुंचा तो करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। समथर थाना क्षेत्र के छोटा बेलमा गांव निवासी माता प्रसाद रायकवार और उसके पिता कैलाश रायकवार ने तालाब में सिंघाड़े लगाए थे। किसानों ने तालाब के बीच से होकर खेत में बिजली के लिए तार डाले हुए थे। इस तार में करंट आ रहा था। रविवार को बेटा माता प्रसाद नाव से सिंघाड़े तोड़ रहा था। जब वह बिजली तारों के पास पहुंचा तो करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक माता प्रसाद घर नहीं पहुंचा तो मां कुसुमा देवी ने पिता को तालाब पर भेजा। पिता कैलाश तालाब किनारे पहुंचे तो नाव तालाब के अंदर थी। पिता ने काफी देर तक आवाज लगाई, लेकिन बेटे ने कोई रिप्लाई नहीं दिया। तब पिता तालाब में कूदकर नाव के पास पहुंचे तो नाव के अंदर बेटा मृत पड़ा था। गनीगत रही कि जब पिता तालाब में कूदे तब बिजली की सप्लाई नहीं आ रही थी। नहीं तो और बड़ा हादसा हो सकता था। माता प्रसाद रायकवार अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी शादी जून 2021 में संतोषी से हुई थी। माता प्रसाद से बड़ी 4 बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। इकलौते बेटे की मौत के बाद घर पर कोहराम मच गया। शव घर पहुंचा तो मां और पत्नी बेसुध हो गईं।

तीन अभियुक्त गिरफ्तार

झाँसी। अलग- अलग थानों की पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक के पास से तमंचा बरामद किया है जबकि दो वारंटी शामिल है। टहरौली थाने की पुलिस ने ग्राम मवई निवासी कमलेश राय को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से 312 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को अदालत में पेश किया। वहां से उसे जेल भेजा गया। वहीं, रक्सा थाने की पुलिस ने ग्राम बछौनी निवासी आनंद कुमार और धनीराम को वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। दोनों को अदालत में पेश किया।

किसानों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

झाँसी। भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सोलंकी एवं राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव हीरा सिंह भदौरिया के निर्देशानुसार बुन्देलखण्ड के किसानों की समस्याओं का समाधान कराने हेतु बुन्देलखण्ड अध्यक्ष जितेंन्द्र भदौरिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जिलाधिकारी के मध्यम के द्वारा ज्ञापन दिया गया। जिसमे प्रमुख रूप में किसान आयोग का गठन, किसानों का कर्जा माफी, 60 वर्ष से ऊपर जीवन यापन करने वाले बुर्जुग किसान को 10 हजार प्रति माह मासिक भत्ता दिये जाने की मांग रखी जिससे किसान अपना ओर अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। ज्ञापन देने में अंजुल पुरोहित बरुआसागर, राजा खटीक पूर्व पार्षद चिरगाँव, प्रसन्न राजपूत क्षेत्र पंचायत सदस्य बड़ागांव, अमित योगी पार्षद चिरगाँव, गौरव झारखाड़िया बरुआसागर, अभिषेक दीक्षित, अमित चक्रवर्ती, हैदर अली, अनवर अली, दीपेन्द्र सिंह, मनमस्त यादव, संजू ठाकुर राजगढ़, राम मोहन यादव एवं आदि किसान भाई बंधु रहे।

जीएसटी एसआईबी के छापा, मचा हड़कंप

झाँसी। जीएसटी एसआईबी (स्पेशल इंवेस्टीगेशन ब्रांच) टीम ने सीपरी बाजार क्षेत्र के बूढ़ा स्थित गल्ला मंडी, मोंठ समेत कई स्थानों पर छापा मारा। टीमों ने टैक्स चोरी की जांच कर रही है। इस कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

गीता तपोवन जयंती महोत्सव मनाया गया

झाँसी। चिन्मय मिशन झांसी के तत्वाधान में मोक्षदा एकादशी पर जेल चौराहा स्थित प्रांगण में गीता जयंती पर पूजन और विचार सम्मेलन हुआ। इस अवसर पर गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद के गुरु जी हिमव्रत सन्यासी स्वामी तपोवन की जयंती भी मनाई गई। मिशन के महोत्सव का धूमधाम से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के माध्यम से विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष डॉ प्रमोद गुलाटी, ब्रह्मचारी राघवेंद्र चेतन्य और सचिव ई ० मुकेश गुप्ता आदि द्वारा किया गया। इसके बाद चिन्मय युवा केंद्र के अभिलाषा, सौरभ मनीष ,अनुज, यस जिज्ञासा शिवम लक्ष्य योगेश आदि ने भागवत गीता स्तुति का उच्चारण कर आवाहन किया। सचिव इं० मुकेश गुप्ता ने अतिथियों और साधकों का स्वागत करते हेतु चिन्मय मिशन के द्वारा किए जा रहे गीता के विश्व में प्रचार और मोह नष्ट कैसे हो उसके लिए श्रीकृष्ण के उपदेश ज्ञान को बच्चो को समझाया। इस अवसर पर हरीश अग्रवाल, एस एस सिरोठिया, गोपाल सरन गोयल, एस एन गुप्ता, आर पी गुप्ता आदि ने गीता के अलग अलग ज्ञान को साझा किया। ब्रह्मचारी राघवेंद्र चैतन्य द्वारा स्वामी तपोवन के योगदान को विस्तार से बताया गया। उन्होंने गीता का सार और चिन्मय मिशन के केंद्र द्वारा गीता प्रसार का मुख्य स्त्रोत होना बताया। श्री राहुल अग्रवाल ट्विंकल, उपासना शिवी द्वारा बाल विहार के 25 बच्चो को स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में एसएस सिरोठिया, मोहन सिंह एसपी गुप्ता, बीके खरे, एचएन मोर, अशोक अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, श्रीमती कृष्णा सक्सेना, श्रीमती रजनी गुप्ता, वी के सेठ, पी एन गुप्ता, आर बी श्रीवास्तव, कुसुम गुप्ता,अजय कुमार, राजीव, देवेंद्र सहित मिशन के अन्य सदस्य, साधक बाल विहार, युवा केंद्र के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बहमचारी राघवेंद्र ने सभी बच्चो को गीता पुस्तक प्रदान की गई एवम आभार व्यक्त किया गया।

> शिक्षा का अर्थ है उस पूर्णता की अभिव्यक्ति, जो सब मनुष्यों में पहले से ही विद्यमान है।
> - स्वामी विवेकानंद

निकाय चुनाव को देखते हुए एसपी ने 55 पुलिसकर्मियों को किया इधर से उधर

- **लापरवाही बरतने पर रेढर थाना अध्यक्ष को किया लाइन हाजिर**

दैनिक भास्कर, उरई (जालौन)। रवि कुमार में जिले में निकाय चुनाव को देखते हुए एक थाना अध्यक्ष अमित 40 उपनिरीक्षक और 14 आरक्षी समेत 55 पुलिस कर्मियों को इधर से उधर किया और निकाय चुनाव की जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिले का पुलिस महकमा निकाय चुनाव की तैयारियों में जोर शोर से जुटा हुआ है। जिसके चलते पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पुलिसकर्मियों की तैनाती में बदलाव करते हुए उप निरीक्षक सर्वेश यादव को माधोगढ़ से जालौन, उदय पाल सिंह को उरई की मंडी चौकी से कुठौंद की कंझारी चौकी, संजीव कुमार कटिहार को उरई कोतवाली की मेडिकल चौकी से थाना सिरसाकलार, शैलेंद्र सिंह को कोतवाली उरई से थाना सिरसाकलार, मदनलाल को महिला थाना से कालपी, नरेंद्र कुमार मिश्रा को जालौन कस्बा चौकी से महिला थाना, महादेव यादव को कोतवाली जालौन से रामपुरा की उमरी चौकी, अनिल कुमार को कोतवाली जालौन से थाना आटा, लाल बहादुर को कुठौंद की कंझारी चौकी से कोंच कोतवाली की सुरई चौकी, आशीष कुमार त्रिवेदी को थाना सिरसाकलार से पुलिस लाइन, विजय कुमार द्विवेदी को थाना सिरसाकलार से पुलिस लाइन, आनंद कुमार सिंह को कोतवाली कोंच से वरिष्ठ उप निरीक्षक जालौन कोतवाली, कमल किशोर को कोंच की सुराही चौकी से पुलिस लाइन, राजेश सिंह यादव को थाना एट से कैलिया की जगनपुरा चौकी, मंसूर अंसारी को थाना एट से कोंच सागर चौकी, अतुल कुमार राजपूत को रामपुरा की उमरी चौकी से कोतवाली जालौन की कस्बा चौकी, सुशील पराशर को थाना रामपुरा से कैलिया, सोनू श्रीवास्तव को थाना माधोगढ़ से कैलिया, अभिषेक सिंह को थाना कैलिया से थाना माधोगढ़, सुरेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से कार्यालय, बृजभान सिंह को थाना चुर्खी से पुलिस लाइन, शिशुपाल सिंह को थाना रेंडर से पुलिस लाइन, राजेंद्र पांडे को पुलिस लाइन से थाना रेंडर, रमाकांत को पुलिस लाइन से थाना चुर्खी, हरिराम सिंह को कालपी की टरनन चौकी से उरई की जेल चौकी, सुनील कुमार सिंह को पुलिस लाइन से उरई कोतवाली की मंडी चौकी, रामप्रसाद राव को यातायात से पुलिस लाइन में तैनात किया गया। इसके अलावा 27 अन्य पुलिसकर्मियों की भी तैनाती में पुलिस अधीक्षक ने बदलाव किया।

दो ट्रकों की भिड़ंत में एक ट्रक के चालक परिचालक गंभीर हालत में भर्ती

दैनिक भास्कर, उरई। दो ट्रकों में आवाज ठीक करने के चक्कर में भिड़ंत हो गई। जिससे एक ट्रक के चालक परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने बड़े लोगों को बाहर निकाला और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के चालक परिचालक को उरई मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

रविवार की देर रात झाँसी से गिट्टी लादकर एक ट्रक कानपुर की ओर आ रहा था। जैसे ही वह आटा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे स्थित उकासा पुलिया के पास पहुँचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करने में के चक्कर मे दूसरे ट्रक से भिडंत हो गई। इससे दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे से मौके पर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुँच गई। पुलिस ने हादसे में घायल ट्रक चालक सलमान निवासी झाँसी को खून से लथपथ बाहर निकालकर एम्बुलेंस से उरई अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ उसकी हालत गम्भीर बताई जा रही है। वही हेल्पर को हल्की चोटे आई।

प्रतिष्ठानों पर गन्दगी पाये जाने पर साफ-सफाई के लिये नोटिस किये जारी

उरई जालौन। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जिलाधिकारी के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त (खाद्य)-II के नेतृत्व में आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु विशेष अभियान चलाकर प्रतिष्ठानों से नमूना संग्रहण की कार्यवाही की गयी एवं प्रतिष्ठानों पर गन्दगी पाये जाने पर साफ-सफाई हेतु नोटिस जारी किये गए। उन्होंने बताया कि न्यामतपुर से पप्पू सिंह पुत्र बालकराम सिंह निवासी ग्राम बम्हौरा की मिठाई की दुकान से खाद्य पदार्थ लड्डू का नमूना संग्रहित किया गया व सूधार सूचना जारी की गयी। न्यामतपुर से राकेश कुमार पुत्र आशाराम निवासी इगूई के परिसर से खाद्य पदार्थ वर्फी का नमूना संग्रहित किया गया व परिसर में गंदगी होने पर नोटिस जारी किया गया। जतिन कुमार सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)-II ने बताया कि संग्रहित नमूनों को जॉच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जॉच रिर्पोट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-II जतिन कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल शर्मा मौजूद रहें।

जानवर बांधने की विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई को पीटा

माधौगढ़। जानवर बांधने को लेकर बड़े भाइयों ने छोटे भाई, उसकी पत्नी की लाठी डंडा मारकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गोहन थाना क्षेत्र के गांव नवादा निवासी निरंजन सिंह, दरवाजे पर बकरियां बांध रहे थे।इसी को लेकर बड़े भाइयों से कहा सुनी होने लगी। बाद में लाठी डंडा चलने लगे।शोरगुल सुन निरंजन सिंह की पत्नी प्रियंका आ गई ।लाठी डंडा दोनों लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।प्रियंका 27 के सिर में गहरी चोट के चलते डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया निरंजन ने तीन बड़े भाइयों के खिलाफ तहरीर दे दी है।गोहन एसओ महेश कुमार का कहना है कि तहरीर आ गई है। आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नाले व रास्ते पर अतिक्रमण कर लेने की शिकायत एसडीएम से की

कोंच। तहसील क्षेत्र के गांव सतोह में कतिपय दबंगों द्वारा आम रास्ते व नाले पर बलात अतिक्रमण कर लेने की शिकायत ग्रामीण ने एसडीएम से करते हुए अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है। नारायण दास पाल पुत्र नंदकिशोर ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के ही दो सगे भाइयों ने गांव किनारे से निकले नाले और आम रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा है जिससे पानी का निकास अवरुद्ध हो गया है और गांव वालों को काफी दिक्कत हो रही है। जब उन्हें ऐसा करने से रोका गया तो वे लड़ाई झगड़े पर उतारू हो गए। नारायण दास ने अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

एसपी ने रेंढर थानाध्यक्ष को किया लाइन हाजिर

उरई। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने रेंढ़र थाने के प्रभारी अशोक कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। फिलहाल उनके स्थान पर किसी दूसरे प्रभारी को तैनात नहीं किया गया । अशोक कुमार के लाइन हाजिर होने के पीछे पुलिसिंग में लापरवाही बरतना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों की काफी शिकायतें भी पुलिस अधीक्षक को मिल रही थी।

एक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज

उरई। जालौन कोतवाली क्षेत्र के सिकरी राजा निवासी शैलेंद्र सिंह पुत्र शिव सिंह चौकी थाना मैं रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि ओम नारायण पुत्र मेवा लाल निवासी बम्होरी खुर्द थाना चौकी ने जूनियर हाई स्कूल की बाउंड्री तोड़ दी। जब उसने बाउंड्री के बारे में पूछताछ की तो उक्त आरोपी उसे गाली गलौज देकर जान से मारने की धमकी देने लगा। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मृत्यु भोज पर होने वाले खर्च से गरीबों की मदद करें: बाबूजी

गरीबों को कंबल वितरित करते सरनाम सिंह यादव

- **मां के निधन पर नहीं किया त्रयोदशी भोज, गरीब कन्या की शादी में देंगे आर्थिक मदद, कंबल भी बांटे**

कोंच। पिछले डेढ़ दशक से गरीब, दिव्यांग, असहाय लोगों को नित्य प्रति भोजन कराने के अलावा अन्य जरूरतें पूरी करने वाली प्रमुख समाजसेवी संस्था दरिद्र नारायण सेवा समिति के संयोजक कढोरेलाल यादव और उनकी टीम की मुहिम रंग लाती नजर आ रही है। उन्होंने मृत्यु भोज के खर्च से गरीबों की मदद करने का जो आह्वान समाज के लोगों से किया है उसका असर लोगों पर पड़ने लगा है। वरिष्ठ सपा नेता अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक सरनाम सिंह यादव ने भी इस आह्वान को आत्मसात कर उस परंपरा को बढ़ावा देने का काम किया जिसमें मृत्यु भोज नहीं करके उस पर खर्च होने वाले धन को जरूरतमंदों की सेवा में लगाने का सूत्रपात कुछ दिन पहले पालिका सभासद धर्मेंद्र यादव के देहावसान पर किया गया था। सरनाम सिंह की माताजी श्रीमती ओमवती यादव मौखरी वाली का पिछले दिनों निधन हो गया था और उनकी त्रयोदशी के दिन उनके आवास पर जुटे लोगों ने दिवंगत मौखरी वाली को श्रद्धांजलि अर्पित की। सरनाम ने त्रयोदशी भोज नहीं करने का फैसला लेते हुए गरीब कन्या की शादी में आर्थिक मदद के तौर पर इक्यावन हजार की राशि देने की घोषणा के साथ ही जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस दौरान ऐसी नई मुहिम के उत्प्रेरक दरिद्र नारायण सेवा समिति के संयोजक कढोरेलाल यादव ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि इस तरह फिजूलखर्ची रोकी जा सकती है और मृत्यु भोज पर होने वाले खर्च से गरीबों का भला किया जा सकता है। नगर वासियों ने भी इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए ऐसे कामों को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत बताई। इस दौरान प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह, शिवप्रसाद निरंजन, सुनील कुमार दुवे, अमित यादव आदि मौजूद रहे।

चार दिन से ठप्प है जलापूर्ति, कांशीराम कॉलोनी के लोगों का तहसील पर हंगामा

- **कॉलोनी के दर्जनों बाशिंदों ने एसडीएम के यहां लगाई पानी दिलाने की गुहार**

एसडीएम के यहां शिकायत करने पहुंचे कांशीराम कॉलोनी के लोग

कोंच। शहरी गरीब बस्ती कांशीराम कॉलोनी में पिछले चार दिन से वाटर सप्लाई ठप्प होने के कारण वहां रहने वाले पानी की एक एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। सोमवार को जब उनका धैर्य जबाव दे गया तो वहां के निवासियों ने हंगामा खड़ा कर दिया। तहसील पहुंचे कॉलोनी के बाशिंदों ने एसडीएम के यहां शिकायत की है जिस पर एसडीएम ने नगर पालिका के सेनेटरी इंस्पेक्टर को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। शहर की आबादी से बाहर बसी कांशीराम कॉलोनी में जलापूर्ति के लिए स्थापित ओवरहेड टैंक की मोटर फुंक जाने से वहां पिछले चार दिन से वाटर सप्लाई ठप्प पड़ी है। कॉलोनी में लगे अधिकांश हैंडपंप भी खराब पड़े होने से वहां पानी की भारी किल्लत पैदा हो गई। सोमवार को जब कॉलोनी वासियों का सब्र जबाव दे गया तो तमाम लोगों जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, ने तहसील मुख्यालय पहुंच कर हंगामा काटा। उन्होंने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि पानी न मिलने से कॉलोनी के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि शीघ्र ही जलापूर्ति व्यवस्था सुचारु कराई जाए। इस दौरान तबस्सुम, किन्नर रुखसार, वीरू, मुन्नी, असगरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह ने नगर पालिका के सेनेटरी इंस्पेक्टर हरिशंकर निरंजन को तत्काल व्यवस्था सुधारने को कहा है।

थाना प्रभारी कुठौंद में चार अभियुक्तों पर की गैंगस्टर की कार्रवाई

दैनिक भास्कर, कुठौंद (जालौन)। थाना कुठौंद में दिनांक 4 दिसम्बर 2022 को डीएम ने अनुमोदित गैंग चार्ट अभियुक्त गण विमल तिवारी पुत्र राम जी तिवारी निवासी ग्राम नावर थाना गोहनजिला जालौन उम्र करीब 25 वर्ष, मोहित कुमार पुत्र प्रेम बाबू कठेरिया निवासी ग्राम गोपालपुर थाना भवन जनपद जालौन उम्र करीब 20 वर्ष, आंसू उर्फ प्रिंस पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम सैदपुर उवारी थाना कुठौंद जनपद जालौन उम्र करीब 23 वर्ष, अंशुल कुमार पुत्र मुन्नेश बाबू निवासी ग्राम सैदपुर उबारी थाना कुठौंद जनपद जालौन उम्र करीब 23 वर्ष संगठित होकर सामूहिक रूप से गैंग के सदस्य चोरी लूट जैसे अपराध कार्य करके अवैध धन उपार्जन करते थे। गैंग के अपराधी गण असामाजिक कृतियों में संलिप्त हैं। जिस के संबंध में थाना कुठौंद व जालौन व गोहन में मुकदमा पंजीकृत है जो विचाराधीन न्यायालय में चल रहे हैं। यह एक सक्रिय आपराधिक गिरोह है जिसका गैंग लीडर विमल तिवारी पुत्र राम जी तिवारी निवासी ग्राम नावर थाना गोहन जिला जालौन उम्र करीब 25 वर्ष है तथा मोहित कुमार पुत्र प्रेम बाबू कठेरिया निवासी ग्राम गोपलापुर थाना गोहन जनपद जालौन उम्र करीब 20 वर्ष आशू उर्फ प्रिंस पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम सैदपुर उबारी थाना कुठौंद जनपद जालौन उम्र करीब 23 वर्ष अंशुल कुमार पुत्र मुन्नेश बाबू निवासी ग्राम सैदपुर उबारी थाना कुठौंद जनपद जालौन उम्र करीब 23 वर्ष गिरोह के सक्रिय सदस्य दाखिला गैंग चार्ट के आधार पर थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 221 /2022 धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण में अधिनियम 1986 दिनांक घटना व समय भिन्न-भिन्न घटनास्थल भिन्न-भिन्न दिनांक सूचना 4 दिसंबर 2022 समय रात्रि 10:27 बजे वादी राज्य द्वारा थाना प्रभारी अखिलेश द्विवेदी थाना कुठौंद जनपद जालौन बनाम -1-विमल तिवारी पुत्र राम जी तिवारी निवासी ग्राम नावर थाना गोहन जिला जालौन (गैंग लीडर), 2-मोहित कुमार पुत्र प्रेम बाबू कठेरिया निवासी ग्राम गुपलापुर थाना गोहन जनपद जालौन (गैग सदस्य), 3-आशू उर्फ प्रिंस पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम सैदपुर उबारी थाना कुठौंद जनपद जालौन (गैंग सदस्य), 4-अंशुल कुमार पुत्र मुन्नेश बाबू निवासी ग्राम सैदपुर उबारी थाना कुठौंद जनपद जालौन (गैंग सदस्य) अभियुक्त गणों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

ब्रह्म और जीव के मिलन में मोह और माया बाधक हैं:इंद्र देवेश्वरानंद

भागवत कथा कहते इंद्र देवेश्वरानंद महाराज, साथ में उनको प्रणाम करते आयोजक देवेंद्र राठौर व उनके बेटे इंद्रजीत ,

कथा पंडाल में उपस्थित श्रोता समुदाय

कोंच। यहां कंजड़बाबा के समीप चल रहे श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस कथा व्यास स्वामी इंद्र देवेश्वरानंद ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का दर्शन कराया। उन्होंने कहा, माया मोह का आवरण जहां पड़ा होगा वहां जीव और ब्रह्म का मिलन संभव नहीं है। परमात्मा से साक्षात्कार के लिए सांसारिक रीतियों को त्याग कर उस अजन्मे के साथ प्रीति जोड़नी होगी। कथा व्यास स्वामी इंद्र देवेश्वरानंद महाराज वृंदावन धाम ने श्रोताओं को भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा का संगीतमय रसपान कराते हुए कहा कि भगवान कृष्ण पांच दिन के होकर पालने में पड़े हैं, बधाई देने आने वालों का तांता लगा है। आशुतोष भगवान शंकर भी अपने प्रभु के मानव स्वरूप का दर्शन करने गोकुल पहुंचते हैं। उन्होंने नंदोत्सव की सुंदर झांकी का दर्शन कराया। उधर, कंस को जब विदित होता है तो वह ब्रज में जन्मे सभी नवजात शिशुओं का वध करा देता है। कृष्ण को मारने के लिए वह पूतना राक्षसी को गोकुल भेजता है। सुंदर रूप धारण करके पूतना नंद बाबा के यहां पहुंचती है और बालक कृष्ण का हरण करके आकाश में ले जाती है। अपने स्तनों पर कालकूट बिष का लेपन कर वह कृष्ण को स्तनपान कराती है तो कृष्ण दुग्ध के साथ उसके प्राण भी पान करके पूतना का उद्धार कर देते हैं। कन्हैया जब सवा महीने के हो गए तो नंद बाबा ने महर्षि गर्ग को बुलाया। गर्ग जी ने दोनों बालकों का नाम करण करते हुए रोहिणी के पुत्र का नाम बलराम तथा यशोदा के लल्ला का नाम कृष्ण रखा। सकटासुर, अघासुर, वकासुर, तृणावर्त आदि राक्षसों का वध भी गोपाल कृष्ण करते हैं। श्रोतागणों ने कथा का रसपान के मध्य संगीतमय भजनों पर भक्तिभाव में आनंदित होते हुए जमकर नृत्य किया। कथा विराम पर परीक्षित देवेंद्र राठौर ने भागवत जी की आरती उतारी तथा प्रसाद वितरित किया गया।

सार सुर्खियां

बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिरी बहाव तेज होने के कारण युवक डूबा

- **डकोर कोतवाली क्षेत्र के कुसमरिया के पास से निकली है नहर**

दैनिक भास्कर, उरई (जालौन)। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। नहर में पानी का अधिक बहाव होने के कारण बाइक सवार डूब गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन में नहर में गिरी बाइक को बरामद कर लिया है। अधिक पानी का बहाव होने के कारण डूबे युवक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है नहर में गिरे युवक की खोजबीन की जा रही है। वही सूचना पाते परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस डूबे हुए युवक की तलाश में जुटी हुई है। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इंगुई के रहने वाले ज्ञानेंद्र सिंह राजावत उरई कोतवाली के सुशील नगर में पिछले कई वर्षों से मकान बनाकर रह रहे थे। वह बिजली विभाग में ऑपरेटर के पद पर ग्राम कुसमिलिया में तैनात थे, सोमवार को है ड्यूटी पर जा रहे थे जब वह अपनी बाइक से ग्राम कुसमीलिया के पास से निकली नहर के समीप पहुंचे, तभी अचानक बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वह बाइक से नहर में जा गिरा, नहर का बहाव तेज होने के कारण वह बाइक सहित बह गया। इस हादसे को वहां से निकलने वाले राहगीरों ने देखा तत्काल वह मौके पर पहुंचे, जिन्होंने नहर में डूबे ज्ञानेंद्र को बचाने का प्रयास किया। मगर नहर का बहाव तेज होने के कारण उसे बचा नहीं सका। हादसे की सूचना तत्काल डकोर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डकोर कोतवाली पुलिस गोताखोरों की टीम के साथ मौके पर पहुंची, जिससे ज्ञानेंद्र के बारे में पता लगाया जा सके। वही ज्ञानेंद्र को अभी तक खोजा नहीं जा सका है। पुलिस ने ज्ञानेंद्र की बाइक को बरामद कर लिया है। जिसे क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया है। वहीं इस मामले में डकोर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक समीर का कहना है कि गोताखोर ज्ञानेंद्र की तलाश में जुटे हैं, जल्द ही उसे खोज लिया जाएगा।

जरूरतमंदों को भोजन कराया और गर्म वस्त्रादि भी बांटे

कोंच। 'सेवा परमो धर्मः' अर्थात सेवा ही जिनका जीवन संदेश है की अवधारणा के तहत सोमवार को नेहरू युवा केंद्र, ब्लॉक कोंच द्वारा स्वयंसेविका संस्कृति गिरवासिया ने अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के अवसर पर दरिद्र नारायण सेवा समिति आश्रम में स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया, साथ ही जरूरतमंदों एवं वृद्धजनों को भोजन वितरण किया गया। इसके साथ ही दीपक गर्ग बेटू, सौरभ पुरवार, मुकेश राठौर, विकास पटेल आदि समाजसेवियों ने मिलकर गर्म वस्त्रादि भी वितरित किए। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी रवि दीक्षित के निर्देशन में किया गया। दरिद्र नारायण सेवा समिति के कार्यकर्ता राजीव अग्रवाल ने नेहरू युवा केंद्र की संस्कृति गिरवासिया सहित समस्त टीम को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

प्राइवेट क्लीनिक में उपचार के दौरान बालिका की मौत

दैनिक भास्कर, एट। कस्बा एट में एक क्लिनिक पर एक वर्षीय बालिका इलाज की दौरान मौत हो गई वही परिजनों ने बालिका की मौत का जिम्मेदार डॉक्टर और कम्पाउंडर को ठहराया इसके बाद मृतिका के पिता रामविलास पुत्र रामसनेही ग्राम गररेही थाना कदौरा निवासी अपनी बच्ची आशी पाल का उपचार कराने के लिए एट कस्बे में एक क्लिनिक पर आए थे जिसमें बच्ची को दस्त और उल्टी हो रही थी इसके बाद डॉक्टर को दिखाया इसके बाद बच्ची का उपचार शुरू हुआ बच्ची को कम्पोण्डर ने इंजेक्शन लगाया इंजेक्शन लगाने के आधा घंटे बाद बच्ची की मौत हो गई जिस पर परिजनों क्लिनिक पर हंगामा काटा परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप भी लगाया और परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुची पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया वही मृतिका का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी दी हैं थाना प्रभारी रूप कृष्ण त्रिपाठी का कहना हैं कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर और मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी। वही मृतका की माता सुनीता का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

प्राचीन सूर्य कुंड मंदिर के प्रागण में हुआ मेले का आयोजन

दैनिक भास्कर, कदौरा (जालौन)। हर वर्ष की तरह इस बर्ष भी ब्लाक क्षेत्र के ग्राम मदरालाल स्तिथ प्राचीन सूर्य कुंड मंदिर के प्रांगण में भागवत कथा का आयोजन किया गया कथा समापन होते ही विशाल भंडारा भी कराया गया साथ ही भव्य मेले का भी आयोजन किया गया जिसमे हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रशाद ग्राहड़ किया।
मंदिर के पुजारी कामता हरि के ने बताया कि हर बर्ष मंदिर के प्रांगड़ में भागवत का आयोजन कराया जाता है और हर रात्रि रामलीला का मंचन भी होता है कथा समापन होते ही विशाल भंडारा भी कराया जाता भंडारे के दिन गांव में भव्य मेले का आयोजन भी होता है जिसमे दूर दराज से आये लोग मेले का लुफ्त उठाने और मंदिर में अपनी में माथा टेकते है,पुजारी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि ये मंदिर प्राचीन कई सौ बर्ष पुराना है और आस्था के केंद्र भी है यहाँ मांगी हुई मुराद कभी खाली नही जाती माना तो ये भी जाता है कि सूर्य कुंड में स्नान बाद शरीर मे अन्य रोगों के अलावा कोडी का मरीज भी ठीक हो जाता है। आयोजन में पहुँचे पूर्व विधायक नरेंद्र सिंग जादौन ने मंदिर में माथा टेकने के बाद चल रहे भंडारे का प्रशाद ग्राहड़ किया इसी दौरान मंदिर के पुजारी व 2 दर्जन ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौपते हुये अवगत कराया कि भारत का प्रशिद्ध सूर्य कुंड मंदिर कालपी यमुना नदी के पूर्व तट पर मुचू कुंद ऋषिनगरी ग्राम मदरालाल पुर में स्तिथ है,उन्होंने आगे अवगत कराया कि श्री मुहल बाबा के दर्शन करके लोघाकुंड में स्नान से कुष्ट रोग का निवारण होता है,मंदिर के मठ जो बरसात में क्षतिग्रस्त हो गए है। जिसके शेष मठो की मरम्मत के लिये पूर्व विधायक को अवगत कराया। पूर्व विधायक ने पुजारी को असवसन देते हुए बताया कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान, थाना अध्यक्ष उमाकान्त ओझा, एस आई लक्ष्मी कुमार,राम चन्द्र, सचिव अभिषेक यादव,पवन कुमार, हरि राम,रामनरेश,भारत निषाद,ओम नारायण,आदि मौजूद रहे।

दो लोगों के साथ हुई ऑनलाइन ठगी के पैसे खाते में वापस कराएं

दैनिक भास्कर, उरई। आनलाइन धोखाधड़ी कर खातों से ठगों द्वारा उड़ाए गए रुपयों की शिकायत मिलने पर साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों के हजारों रुपये वापस करा दिए। रुपये वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी नजर आई और उन्होंने साइबर सेल टीम की सराहना की। ठगों ने आनलाइन धोखाधड़ी कर कुछ दिन पहले कुठौंद थाना क्षेत्र के कुठीला गांव निवासी अरुण कुमार से 15 हजार और शहर कोतवाली क्षेत्र के गोपालगंज निवासी अनिल बाबू गुप्ता एडवोकेट से 81 हजार रुपये ठग लिए थे। पीड़ितों ने इसकी शिकायत साइबर सेल में की थी। जिस पर टीम प्रभारी राहुल सिंह ने कार्रवाई करते हुए दोनों लोगों के कुल एक लाख 76 हजार रुपये संबंधित बैंक व एप से संपर्क कर वापस करा दिए। ठगी के रुपये वापस मिलने पर पीड़ितों ने टीम के कार्यों की प्रशंसा की। टीम ने बताया कि आनलाइन ठगी होने पर तुरंत 1930 व 112 पर सूचना दे।

जीवन अविकल कर्म है, न बुझने वाली पिपासा है।
जीवन हलचल है, परिवर्तन है; और हलचल तथा
परिवर्तन में सुख और शान्ति का कोई स्थान नहीं।
-भगवती चरण वर्मा

कपड़ों की दुकान में रखा लाखो का माल ले उड़े चोर

कपड़ों की दुकान में रखा लाखो का माल ले उड़े चोर

अजनर (महोबा)। थाना क्षेत्र अजनर कस्बे में बस स्टैंड के पास स्थित कपड़ों की दुकान में बदमासो ने दिया चोरी की घटना को अंजाम । कस्बे के शरद मौसम के चलते सूनसान मौका पाकर अज्ञात बदमासो ने बस स्टैंड पर स्थित लवकुश दिवेदी पुत्र अरुण द्विवेदी निवासी अजनर की कपड़ों की दुकान में लाखो की चोरी की घटना को अंजाम दिया है । लवकुश द्विवेदी ने बताया रविवार की रात को करीबन 8:00 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया जब सोमवार को सुबह दुकान पर पहुंचा और सटर खोली तो दुकान में रखें कपड़े अलमारियों से गायब थे ।साथ ही पीछे लगे दरवाजे का गेट का ताला टूटा हुआ था । जब पीछे जा कर देखा तो दुकान की गोलक पीछे टूटी पड़ी हुई थी । जिसमें लवकुश ने बताया कि लगभग पचपन सौ रूपये रखे हुए थे । और दुकान में जो माल रखा था वह भी गायब है जो तकरीबन डेढ़ लाख रुपए की कीमत का था । पीड़ित ने जब सामन गायब देखा उसने पुलिस को सूचित किया ।मौके पर पहुंची पुलिस ने गाँव की मुआयना कर आप पास लगे सी सी टी वी केमरो से जाँच पड़ताल कर चोरो को तलास करने में जुटी है ।

जिला अधिकारी ने NAT परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

महोबा (भास्कर ब्यूरो)। जिला अधिकारी द्वारा विद्यालयों में निपुण असिसमेंट टेस्ट NAT परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया । छात्रों का शैक्षिक स्तर जांचने के लिए जिला अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय कुलई पहाड़िया तथा प्राथमिक विद्यालय बरा का निरिक्षण किया है । निरीक्षण के दौरान छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता की जांच की गई तथा बच्चों से प्रश्न की भी पूछे गए । साथ ही शिक्षको को बच्चो के पठन पाठन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए । साथ में मौजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने भी निपुण असिसमेंट टेस्ट का जायजा लिया उन्होंने बताया । निपुण असिसमेंट में टेस्ट में कक्षा एक से तीसरी तक के विद्यार्थियों का आंकलन निपुण लक्ष्य के आधार पर होगा और कक्षा चौथी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का आंकलन लर्निंग आउटकम के आधार पर होगा ।

बच्चों का शैक्षिक स्तर जांचने के लिए निपुण असिसमेंट टेस्ट का आयोजन

बेलाताल (महोबा)। छात्रों का शैक्षिक स्तर जांचने के लिए जैतपुर ब्लॉक समस्त परिषदीय विद्यालयों में निपुण असिसमेंट टेस्ट (NAT) का आयोजन किया गया । परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए प्रत्येक विद्यालय में एक पर्यवेक्षक को नियुक्त किया गया । और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी विद्यालयों में पहुंचकर निरीक्षण करते रहे । दो पालियों में हुई परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई । जैतपुर ब्लॉक के खंड शिक्षाधिकारी गौरव शुक्ला ने बताया स्कूल शिक्षा के अनुसार त्रैमासिक मूल्यांकन के लिए निपुण असिसमेंट टेस्ट (नेट) का आयोजन किया गया । परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई । पहली पारी में प्राथमिक और दूसरी पाली में जूनियर स्तर के बच्चों की परीक्षा हुई । परीक्षा ओएमआर शीट पर कराई गई । उन्होंने बताया इसका उद्देश्य विद्यालयों में बेहतर और सकारात्मक शैक्षिक वातावरण तैयार करना है । कक्षा एक से तीसरी तक के विद्यार्थियों का आंकलन निपुण लक्ष्य के आधार पर होगा और कक्षा चौथी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का आंकलन लर्निंग आउटकम के आधार पर होगा । जैतपुर ब्लॉक के सभी 191 विद्यालयों में परीक्षा का आयोजन किया गया । परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

एसपी ने थाना बिसवां का किया निरीक्षण

सीतापुर। सोमवार को पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान द्वारा थाना बिसवां का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कम्प्यूटर कार्यालय के साथ-साथ सम्पूर्ण परिसर को चेक किया गया। महिला हेल्पडेस्क पर मौजूद महिला पुलिसकर्मी से हेल्पडेस्क पर मिलने वाले प्रार्थना पत्रों के निस्तारण व उनके फीडबैक के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी। थाना कार्यालय के अभिलेखों को चेक कर उनके बेहतर रख-रखाव व उनको अद्यावधिक रखने, मालखाना को चेक कर उसमें दाखिल माल के निस्तारण एवं कार्यालय सहित पूरे परिसर में उच्च स्तर की साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी व रूर्बन अभियान के तहत निर्मित पिंक टॉयलेट में लगा एक वर्ष से ताला

महोबा (भास्कर ब्यूरो)। विकास खंड कबरई के अंतर्गत ग्राम श्रीनगर में बेलाताल श्रीनगर रोड पर बना श्यामा प्रसाद मुखर्जी व रूर्बन अभियान के तहत निर्मित पिंक टॉयलेट में लगभग एक वर्ष से ताला लगा हुआ है । विकासखंड कबरई की 13 पंचायतों में किए जाने थे इस योजना के तहत कार्य लेकिन इस योजना के द्वारा जो भी निर्माण कार्य कराए गए हैं वह सफेद हाथी साबित हो रहे हैं किसी भी स्ट्रक्चर का जनमानस उपयोग नहीं कर पा रहा है कारण निर्माण कार्य में बरती गई शिथिलता व गुणवत्ता विहीन कार्य के कारण किसी भी कार्य को आज तक जनोपयोगी नहीं बनाया जा सका। इसी का एक जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत श्रीनगर में निर्मित पिंक टॉयलेट है

जो 1.80 लाख रुपए की लागत से कार्यदाई संस्था यू पी पी सी एल के द्वारा बनाया गया है घटिया निर्माण के साथ साथ आज तक इसका उपयोग नहीं किया गया है। इस योजना से गांवों को शहरों की तरह विकसित करने के लिए शासन द्वारा 128. 57 करोड़ की धनराशि का डीपीआर तैयार किया गया था । लेकिन सरकार द्वारा लाख प्रयास करने के बाद भी गाँवों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। न तो टंकी में पानी और न ही साफ-सफाई बस सब केवल कागजों में संचालित है।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया की श्याम प्रसाद मुखर्जी के तहत जो कार्य कराए गए थे उन सभी को पंचायतों मैं हैंडोवर करा दिया गया है अब यह पंचायतों की जिम्मेदारी है कि उसको किस प्रकार से संचालित कराएं इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कुछ कार्यों की अभी जांच चल रही है तथा कुछ अनकंप्लीट है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत मात्र 21 करोड़ के ही कार्य कराए गए। जबकि इस योजना में 128 करोड रुपए स्वीकृत किए गए थे लेकिन गुणवत्ता विहीन कार्यों की बदौलत यह संभव नहीं हो पाया है जो जनपद के आला अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा हैं।

गाँव की सदन मे लगा रहता ताला :ग्रामीणो के कार्य हो रहे वाधित

पनवाड़ी (महोबा)। शासन ने ग्रामीणो की समस्याओ के समाधान के लिए प्रत्येक ग्राम पचायतो मे लाखो रूपये खर्च कर सचिवालये का निमार्ण करा करीव आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियो की नियुक्त कर गाँव की सदन का रूप दे कर्मचारियो द्धारा शासन द्धारा ग्रामीणो के लिए चलायी जा रही योजनाओ की जानकारिया देना एव उनके छोटे वडे कार्य परिवार रजिस्टिर की नकल आदि विभिन्न कार्यो को क्रियान्वन करने के लिए विगत वर्ष शासन ने व्लाक की सम्पूर्ण ग्राम पचायतो मे पचायत सहायक की नियुक्ति की गयी थी इन सव प्रयासो के वाद भी शासन का लाखो रूपये मानदेय मे खर्च होने के वाद भी ग्रामीणो को अपनी शासन द्धारा वनायी गयी गाँव की सदन से नही मिल पा रहा लाभ गाँव की सदन मे लटके रहते ताले ग्राम

विकास अधिकारी आधा दर्जन से अधिक पचायतो का दायित्व व्लाक मुख्यालय मे वने क्वाटर मे आफिस वना पचायतो का कर रहे सचालन कभी पचायतो मे अपने नही देते ग्रामीणो को दर्शन दूर भाष पर प्रधानो को देते कार्य के लिए आदेश।

वताते चले कि विगत दिन पत्रकारो की एक टीम ग्राम पचायत कोटरा मे विकास कार्यो की जमीनी हकीकत जानने पहुची यहाँ पर ग्रामीणो ने नाम न छापने की शर्त पर वताया कि एक सफायी कर्मी कल्लू नामक व्यक्ति की नियुक्ति है वह कभी गाँव मे सफायी करने नही आता स्वम ग्रामवासी अपने घरो के सामने सफायी करते है इसी कारण गाँव मे स्वच्छ भारत मिशन फ्लाप होता दिखा दूसरी ग्राम पचायत के सचियालय मे ताला लटका मिला पचायत सहायक अपनी टयूटी से नदारत मिला ।

सचियालय मे गन्दगी को देखते हुए ऐसा प्रतीक हो रहा था जैसे महीनो से गाँव की सदन खोली नही गयी।

पचायत मे आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियो की नियुक्ति होने के परिणाम स्वरूप न कभी कोई अधिकारी उपरोक्त कर्मचारियो को चेक करता है ग्राम प्रधान उपस्थिति रजिस्टिर मे फर्जी हस्ताक्षर करवा कर इनको मानदेय आहारित करवा देते है प्रधान एव ग्रामविकास अधिकारी की साँठ गाँठ से गाँव नियुक्ति कर्मचारी वे लगाम वने हुए है।इन अनिमिताओ के सम्वन्ध मे प्रभारी ए डी ओ पचायत दयाशकर जायसवाल से दूर भाष पर सचियालय खुलने और वन्द होने का समय पूछा उन्होने ने वताया कि 10 वजे से 5 वजे तक सचियालय खुलने का समय निर्धारित है जिसमे पचायत सहायक की डयूटी अनिवार्य वतायी। कर्मचारियो के दायित्वो का निर्वाहन न करने के कारण गाँव की सदन से नही मिल रहा ग्रामीणो को लाभ।

वार्ड सदस्यों ने गोटें बिछाना किया आरंभ

गुरसराय । नगर पालिका परिषद के वार्डों का आरक्षण होने के साथ ही वार्ड पार्षद के प्रत्याशियों ने अपनी गोटे बिछाना प्रारंभ कर दिया है। ज्ञात हो कि नगर निकाय के चुनाव को लेकर वार्ड मेम्बर के आरक्षण की घोषणा कर दी गई है ।विभिन्न वार्डों के समीकरण बदल जाने से प्रत्याशियों की गोटे भी उल्टी फंस गई है ।

नगर के 25 वार्ड में उलट-पुलट हो जाने से जो कई वर्षों से तैयारी में थे उनके समीकरण बिगड़ गए हैं और दूसरे वार्डों में वह चुनाव लड़ने की फिराक में फिरने लगे हैं ।कई वार्डों की ज्वलंत समस्याएं हैं जो बरसों से पूरी नहीं हुई है ।

उनमें सबसे प्रमुख समस्या टीचर्स कॉलोनी के नालियों के पानी के निकास की है जिसके लिए विगत 15 वर्ष से मोहल्ला वासी मांग करते चले जा रहे हैं या तो मुख्य सड़क के नाले को गहरा किया जाए या नालियों को एल आकार का बनाया जाए, लेकिन उनका आज तक हल नहीं हुआ और परिणाम यह रहा कि थोड़ी सी बरसात में गंदा पानी घरों में घुस जाता है

तथा जहरीले जीव जंतु भी मकानों के अंदर प्रवेश कर जाते हैं, लेकिन इसका हल नगर पालिका परिषद द्वारा नहीं किया गया। इसी के साथ नई बस्ती में हनुमान जी के मंदिर जाने वाली मुख्य सड़क आज भी अपूर्ण पड़ी हुई है ।इसी प्रकार नगर के कई चौराहों पर अतिक्रमण की समस्या है। जिनमें दबंग लोग सत्ता पक्ष के लोगों के सहारे चौराहों की सुंदरता को नष्ट कर रहे हैं लेकिन उस कब्जा को नहीं हटाया जा सका ।अब लोगों को इंतजार है नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के आरक्षण की घोषणा की। नगर पालिका परिषद के लिए नगर में सत्ता पक्ष से 20 से लेकर 25 उम्मीदवार तैयारी में लगे हुए हैं ,वहीं अन्य पार्टियों के प्रत्याशी भी अपनी पकड़ बनाए हुए हैं ।अब सारी स्थिति नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के आरक्षण के बाद ही स्पष्ट होगी।

पशु वाड़े में भीषण आग लगने से गाय एव वछिया गभीर घायल

पनवाड़ी (महोबा)। विकास खण्ड के ग्राम महोवकठ मे एक कृषक के अर्ध रात्रि मे किन्ही अज्ञात कारणो से भीषण आग लग गयी। आग लगने की सूचन पर गाँव वासी एकत्रित हुए देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामवासियो के अथक प्रयास से पशुवाडे मे वधी गाय एव वछिया को कडी मशक्त के वाद निकाल पाये दोनो पशु काफी मात्रा मे जल चुके थे। आग लगने की सूचना लेखपाल को पीडित ने दी है।

ग्राम महोवकठ निवासी जानकी कुशवाहा अपने पशुवाडे मे एक गाय का पालन किये था जो शाम



को गाय को चारा सानी देकर दूध आदि लगा कर अपने आवास पर आकर सो गया अर्ध रात्रि को किसी अज्ञात कारण से पशुवाडे मे आग लग गयी गाँव के किसी व्यक्ति ने देख शोर मचाया तव जानकी एव तमाम गाँव वासी पशुवाडे के समीप एकत्रित हो आग वुझाने का प्रयास किया आग ने विकराल रूप धारण कर लिया ग्रामीणो ने प्रयास कर किसी तरकीव से पशुवाडे मे वधी गाय एव वछिया को किसी प्रकार से खोल वाहर निकाल लाये परन्तु दोनो पशु काफी मात्रा मे जल घायल हो चुके थे। कृषक का पशुवाडे मे रखा भूसा आदि रखा सामान भी जल कर खाक हो गया कृषक को आग लगने से हजारो रूपये की क्षति हुयी है ।जानकी ने पशुवाडे मे लगी आग की सूचना

ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा ग्राम टोला में दिया गया व्यसन मुक्त बनने का संदेश

गुरसरांय। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गुरसराय द्वारा ग्राम टोला में ब्रह्माकुमारी बहनों बी के चित्रा, एवम कविता दीदी द्वारा व्यसन मुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया l। कार्यक्रम का शुभारम्भ परमात्म स्मृति भजन अपनी अपनी करनी का फल सबको मिलता है से हुआ l इस दौरान राजयोगिनी बी के चित्रा दीदी ने सभी को कहा हम जो करते हैं, वही फल पाते है , इसलिए अपने कर्मो में सकारात्मकता का समावेश करें l बी के कविता दीदी ने कहा आज हम सभी इस छोटी सी जीभ के गुलाम हो गए हैं जिस कारण आज हम इन व्यसनों के अधीन हैं आगे उन्होंने कहा व्यसनों से मुक्ति हमें केवल उस परमात्मा (सकारात्मक ऊर्जा) से जुड़कर ही मिल सकती है l तत्पश्चात शिवध्वजारोहण कर राष्ट्र गान गाया गया। जिसके नीचे सभी ने

अपनी अपनी कमजोरियों को छोड़ने का संकल्प किया l एवं छोड़ो बीड़ी और शराब, मानव जीवन करे खराब , एक दो एक दो, बीड़ी गुटखा फेंक दो के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में बी के कल्याणी, बी के दीक्षा प्रकाश राजपूत, सीताराम, प्रदीप, सत्यप्रकाश , महेश व्यास,किशोरीलाल यादव, भरत कुमार राजपूत, भूपेंद्र,जयकांत राजपूत, शिवा,शेखचंद राजपूत, अनमोल राकेश ,अहिल्या, ममता, मोहिनी , नीलम,पाना, मीरा, उमा, फूला देवी, गुड्डी देवी ,रानो , तख्तरानी इत्यादि माताएं भाई उपस्थित रहे l

चोरों ने किराने की दुकान को बनाया निशाना

गोला गोकरननाथ-खीरी। शहर के मेला मैदान में खोखे के अंदर चलाई जा रही एक किराने की दुकान में बीती रात (चोरी के दूसरे दिन) चोरों ने पटरा तोड़कर हजारों का सामान पार कर दिया। प्रेमचंद गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी किराने की दुकान मेला मैदान में है। बीती रात चोरों ने दुकान के पटरे तोड़कर उसमें रखा हुआ मसाला हल्दी, धनियां आदि और दो हजार नगद चुरा लिया है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। कई दुकानों में चोरी हो चुकी है। लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है परंतु पुलिस ने अभी तक न तो चोरों को पकड़ा है और न ही रिपोर्ट दर्ज की है।

सार सुर्खियां

अवैध कब्जाधारियों के आगे छावनी परिषद हुई नतमस्तक कब्जाधारियों का खौफ

बबीना। बिगत वर्षों से छावनी परिषद के अधीन आने वाली वन बिभाग कार्यालय से लेकर बडे तालाब चुंगी के दोनो तरफ छावनी परिषद की भूमि सड़क किनारे कब्जाधारियों द्वारा कब्जा करके अपना पैर जमा लिया है जबकि छावनी परिषद द्वारा कई बार इस जगह से कब्जा हटाने का प्रयास किया गया जबकि कब्जाधारी इतने मजबूत होते जा रहे है कि उनका खौफ छावनी परिषद के कर्मचारियों से लेकर उच्च अधिकारियों तक बढ़ता चला जा रहा है जबकि कुछ समय पहले छावनी परिषद द्वारा सुंदरीकरण का कार्य सड़क किनारे पड़ी जमीन पर किया गया सुन्दरीकरण के पूर्ण होने तक भी इंतज़ार नही किया गया पैर जमाना शुरू कर दिए जबकि अधिकारियों द्वारा चेतबनी भी दी गयी परन्तु कब्जाधारियों को कोई खौफ नही आखिर इनको किसकी सह है यह तो कारवाही के बाद पता चल सकता है ।

नेहरू युवा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

खरेला (महोबा)। नेहरू युवा केन्द्र संगठन की जिला युवा अधिकारी विष्णुप्रिया, एवम शुभम कुमार जी के कुशल निर्देशन में चरखारी ब्लॉक के पूर्व स्वयंसेवक मानवेंद्र सिंह के द्वारा खरेला चिकित्सालय में स्वयं सेवक दिवस के अवसर पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमे मुख्य अतिथि जयसिंह (आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी) उपस्थित रहे वहीं सुरेंद्र सिंह,विभूति सिंह,पुष्पेंद्र सिंह,आशीष अनुरागी की उपस्थिति में स्वयं सेवक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मरीजों को फल वितरित किए वहीं पास में मंदिर और तालाब की सफाई की और साथ ही में वृक्षारोपण भी कराया गया।

वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा के साथ किया गिरफ्तार

महोबा | पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 मलखान सिंह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 540/2022 धारा 323/504/506/307/308 भादवि व धारा 3(1)द,3(1)ध, 3(2)5क,3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त देवा शर्मा उर्फ जसवन्त पुत्र सत्यप्रकाश के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद खोखा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये हमीरपुर चुंगी छतरपुर रोड़ से गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 550/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया ।

जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया निस्तारित

महोबा। पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0 के0 गौतम मौजूद रहे । इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया ।

कब्र से महिला का शव निकाल कराया पोस्टमार्टम

लखीमपुर-खीरी। शहर के मोहल्ला संकटा देवी निवासी अंजुमन निशा उर्फ पूनम परवीन (40) की शादी कई साल पहले पड़ोसी शरीफ उर्फ तारा के साथ हुई थी। नौ अक्टूबर 2022 को पूनम की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। मायके वालों ने पुलिस को सूचना नहीं दी और उसके शव का मुस्लिम रीति-रिवाज से दफन कर दिया था। कुछ दिन बाद ससुराल और मायके वालों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिससे पूनम की मौत का मामला फिर सामने आ खड़ा हुआ। मृतका की बहन ने आरोप लगाया कि उसकी बहन की मौत स्वभाविक नहीं थी। उसने डीएम को प्रार्थना पत्र दिया और शव को कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम करवाने की मांग की। बहन की शिकायत पर डीएम ने महिला का शव कब्र से निकालकर उसका पोस्टमार्टम करवाने का आदेश दिया। डीएम के आदेश पर सोमवार को सीओसिटी संदीप कुमार सिंह कोतवाली पुलिस और मजिस्ट्रेट के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्र से खुदवाया और शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है।

दैनिक भास्कर
06 मंगलवार 06 दिसम्बर 2022 झांसी

संवाद

"प्यार की भूख को दूर करना रोटी की भूख से कहीं अधिक कठिन है।" - मदर टेरेसा

जेल सुधार की दरकार

बीते दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान दिवस के मौके पर अपने अभिभाषण में क्षमता से अधिक भरी जेलों और बड़ी संख्या में बंद कैदियों के प्रति चिंता जताते हुए जेल सुधार पर बल दिया। इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी देशभर के जेल प्रशासन को 15 दिनों के भीतर ऐसे कैदियों का ब्यौरा देने को कहा ताकि उनकी रिहाई के लिए एक राष्ट्रीय योजना बन सके। 'जेल सुधार का मुद्दा स्वतंत्रता के पश्चात हमेशा से ज्वलंत विषय रहा है। भारतीय संविधान में' जेलों एवं उसमें रखे कैदियों को भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची की प्रविष्टि 4 के तहत राज्य सूची के विषय के तहत रखा गया है। जेलों का प्रशासन और प्रबंधन संबंधी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी होती है। हालांकि गृह मंत्रालय जेलों और कैदियों से संबंधी मुद्दों पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियमित मार्गदशर्न तथा सलाह देता है। आंकड़े बताते हैं कि वर्तमान में जेलों का बुरा हाल होता जा रहा है। कैदी नारकीय जीवन जी रहे हैं, कैदियों के संदिग्ध स्थिति में मरने, उनके हंगामा मचाने और भागने की खबरें आती रहती हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार भारत में जेलों का कुल ऑक्यूपेंसी रेट 130.2 प्रतिशत है। 19 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 100 प्रतिशत से अधिक ऑक्यूपेंसी दर है, जो चिंताजनक है। एनसीआरबी के अनुसार इन कैदियों में अस्सी प्रतिशत से अधिक वंचित वर्ग से आते हैं, जिनके पास पर्याप्त विधिक सहयोग और आर्थिक संसाधनों का अभाव है, ऐसे में वे महंगी और धीमी कानूनी प्रक्रिया को नहीं झेल सकते। क्षमता से अधिक भीड़ होने की वजह से पर्याप्त बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का अभाव, समुचित जेल प्रशासन के लिए धन एवं स्टाफ की कमी, स्वच्छ वातावरण, साफ-सफाई, पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधाओं एवं जागरूकता की कमी से कैदियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता है। ट्रांसजेंडरों, महिला कैदियों और उनके बच्चों के अलग से रहन-सहन, सुरक्षा और स्वास्थ्य आदि के लिए भी अपर्याप्त व्यवस्था इन्हें बदहाल जीवन में जीने को मजबूर कर देते हैं। वर्तमान में कैदियों के सामने अपर्याप्त विधिक सहायता, विचाराधीन कैदियों की बढ़ती संख्या, हिरासत में होने वाली यातनाएं एवं मृत्यु तथा पारदर्शिता न होने की वजह से भ्रष्टाचार ने स्थितियों को गंभीर बनाया है। रित के बदले कारावास में मोबाइल, ड्रग्स या हथियार पहुंचने की घटनाएं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होने के साथ-साथ कानून के शासन को स्थापित करने के लिए भी चुनौती हैं। बड़ी चुनौती अपराध-अपराधियों पर अंकुश लगाना एवं साथ ही जेल से बाहर आने पर अपराधी अपराध की दुनिया मे वापस न लौटें यह सुनिश्चित करना है। देश भर की जेलों में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का विस्तार, क्षमता निर्माण एवं नई जेलों की स्थापना की जरूरत है ताकि जेलों में जरूरत से ज्यादा कैदियों को रखे जाने की समस्या का निदान हो सके। कैदियों की अनावश्यक भीड़ कम करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए। समाधान धीमे व जटिल न्यायिक तंत्र के दुरु स्तीकरण से ही होगा, लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता तब तक ऐसे विचाराधीन कैदियों को चिह्नित करके जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

ओपीएस के आगे दब गए असल मुद्दे

गत 12 नवंबर 2022 को हिमाचल प्रदेश की कुल 68 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव एक ही मरहले में सम्पन्न हो गए। सूबे की सियासी हरारत कुछ हद तक शांत हुई है, लेकिन आठ दिसंबर 2022 को राज्य एक बार फिर देश-दुनिया की निगाहों का मरकज बनेगा, जब चुनावों में किस्मत आजमा रहे प्रदेश के 412 सियासी सितारों के मुकद्दर का फैसला ईवीएम की कैद से बाहर आएगा। चुनावी नतीजों के साथ ही पलकों से सियासी जज्बातों का सैलाब छलकेगा तो पहाड़ की शांत शबनम पर गिरने वाले अश्क भी सियासी होंगे। एक तरफ जीत का श्रेय लेने की होड़ मचेगी तो वहीं शिकस्त के लिए तोहमतों का दौर पुनः शुरू हो जाएगा। चुनाव प्रचार में कई बड़े सियासी चेहरों ने शिरकत की थी। मगर इस बार पहाड़ की फिजाओं का सियासी मिजाज़ भांपना सियासत के ज्योतिषाचार्यों के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा है। सूबे की सियासत में वर्षों पुरानी सियासी रवायत बदलेगी या हुकूमत का तख्तोताज तब्दील होगा। मतदाताओं का खामोश फैसला आठ दिसंबर को सियासी तस्वीर साफ कर देगा। प्रत्याशियों को जम्हूरियत का हाकिम बनाने के लिए युवावर्ग से लेकर सौ वर्ष से अधिक उम्रदराज बुजुर्गों ने मतदान में दिलचस्पी दिखाई। पुरुषों की अपेक्षा महिला शक्ति ने अधिक भागीदारी दर्ज कराई, मगर चुनावी मैदान में केवल 24 महिला प्रत्याशी हिस्सा ले रही हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए कई लोकलुभावन वादे किए गए लेकिन चुनाव में 'ओपीएस' का मुद्दा हावी होने से पहाड़ की समस्याओं के कई अन्य मुद्दे दब कर रह गए। सरकारी अहलकार सेवानिवृति के बाद ओपीएस बहाली की पुरजोर मांग कर रहे हैं। ओपीएस पर सियासी मरहम लगाने की कोशिश भी हो रही है मगर सरकारी इदारे कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं। लाखों डिग्रीधारक युवा रोजगार मांग रहे हैं। प्रदेश हजारों करोड़ रुपए के कर्ज में डूब चुका है। बेरोजगारी के सैलाब में मुज्तरिब हो चुके प्रजातंत्र की बुनियाद युवावर्ग को कोई साहिल नजर नहीं आ रहा। मगर सियासत मुफ्तखोरी के हसीन ख्वाब दिखा रही है। पर्वतीय प्रदेश में रोजगार के सीमित साधन होने के कारण पहाड़ के उच्च शिक्षित युवा रोजगार के लिए देश के दूसरे राज्यों में भटक रहे हैं। **- प्रताप सिंह पटियाल**

प्रेरणाप्रद मोती

यदि हमें जीवन से प्रेम है, तो यही उचित है कि समय को व्यर्थ नष्ट न करें।

पं श्रीराम शर्मा आचार्य (गायत्री परिवार)

आज का राशिफल

मेष : आज का दिन आपके लिये भाग्यशाली है। नक्षत्र आपके लिये अत्यंत अनुकूल दिखाई देता है। सकारात्मक विचार करने से आप सकारात्मक ऊर्जा पाएंगे जिससे आप अपने मकसद तक पहुंच सकेंगे।
वृष : आप किसी ऐसे व्यक्ति की ओर आकर्षित होंगे जो आपकी रुचियों और इच्छाओं तथा जुनून को साझा करेगा।
मिथुन : आज आप जिन लोगों से मिलेंगे उनके लिए आप एक प्रेरणा होंगे। आपकी फुर्तीली ऊर्जा और आपके चारों ओर प्रेम तथा सुंदरता उन्हें प्रोत्साहित करती है।
कर्क : आपके इरादो से संबंधित पुस्तकों का संदर्भ लें। यह पुस्तकें आपको यशस्वी योजनायें बनाने में मार्गदर्शन करेगी।
सिंह : आपका दिन सामान्य रहेगा । किसी को अनचाही सलाह या तारीफ देने से बचें। मान सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक दायरा बढ़ेगा।
कन्या : आपको नुकसान पहुँचाने का कारण बने व्यक्ति पर दया दिखाना या उसे माफ करना आपके लिये आज मुश्किल होगा।
तुला : अपनी भावनाओं और मनोभावों को उस व्यक्ति के सामने स्पष्ट और खुले रूप से व्यक्त करें जिससे आप आकर्षित हैं।
वृश्चिक : आप एकबार पुनः दीर्घकालिक स्वप्न पर कार्य करने का प्रयास कर सकते हैं। कभी भी देरी नहीं है। वास्तव में आपको अपने सपनों को पहले की अपेक्षा पूरा करना अधिक आसान हो सकता है।
धनु : आपका मजाकिया स्वभाव आपको मित्रों और दूसरे लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय बनाता है जिनसे आप आज मिलते हैं।
मकर : महिलाएँ आज जिन पार्टियों या फंक्शनों में उपस्थित होंगी उनमें वे आकर्षक और लोकप्रिय होंगी।
कुंभ : आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। आज आपकी अथवा घर में किसी सदस्य की सेहत अकस्मात खऱाब होने या पुराने रोग के बढऩे से भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।
मीन : भावनात्मक रुप से आपका कठिन समय चल रहा है तथा आपके हृदय के घाव भरने में थोड़ा और समय लगेगा। परंतु आपके अपने लोगों से आपको करुणा एवं सहानुभूति प्राप्त होगी। जल्द ही यह समय भी निकल जाएगा।आज आप निष्क्रियता एवं थकावट महसूस करेंगे।

तालिबान के साथ तालमेल के संकेत

डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र

हाल में ही तालिबान ने दावा किया है कि अब भारत, अफगानिस्तान में रुकी हुई कम-से कम 20 परियोजनाओं पर पुनः अपना काम आरंभ कर सकेगा। इसके साथ ही अफगानिस्तान भारतीय निवेश हेतु खुल जायेगा। उल्लेखनीय है भारत ने इसी वर्ष जून (2022) में काबुल स्थित अपने दूतावास में तकनीकी टीम तैनात करके अपनी राजनयिक उपस्थिति कर दी थी। इसी के साथ काबुल में अगस्त 2021 से चल रही अपनी राजनयिक अनुपस्थिति को पुनः अपनी उपस्थिति में बदल दिया था। चूंकि अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के अधिकार के बाद भारत ने अपने दूतावास से सुरक्षा कारणों के चलते अपने अधिकारियों को वापस बुला लिया था। वास्तव में शुभ संकेत भारत द्वारा की गई मानवीय सहयोग व सहानुभूति का एक प्रतिफल कहा जा सकता है।

अफगानिस्तान के शहरी विकास एवं आवास मंत्रालय (एम.यू.डी.ए. के एक प्रवक्ता मोहम्मद के दौरान अनेक परियोजनाओं को भारत संचालित कर रहा था, किंतु अफगानिस्तान में राजनीतिक परिवर्तन व अन्य अनेक मुद्दों के फलस्वरुप उसमें अवरोध उत्पन्न हो गया था। अब भारत ने उन परियोजनाओं पर फिर से कार्य आरंभ करने में अपनी अभिरुचि दिखाई है। भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने आपसी संबंधों में सुधार व देश में रुकी परियोजनाओं को पुनः प्रारंभ करने में अपनी सोच व्यक्त की। वास्तव में यह टिप्पणी उस समय की गयी, जब भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने अफगानिस्तान के शहरी विकास एवं आवास मंत्री हमदुल्ल नोमानी के साथ एक बैठक आयोजित की। अफगानी अर्थशास्त्रियों के अनुसार इस कदम से दोहरा लाभ होगा। एक ओर जहां विकास को बढ़ावा मिले दूसरी ओर वहां रोजगार के अवसर भी अधिक बढ़ेंगे। स्मरणीय रहे कि भारत ने अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान

भारत ने अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है, क्योंकि भारत तालिबान के जबरिया काबिज होने का पक्षधर नहीं रहा। भारत इस बात पर भी जोर दे रहा है कि किसी भी देश के विरुद्ध आतंकी गतिविधियों के लिए अफगान भूमि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने आपसी संबंधों में सुधार व देश में रुकी परियोजनाओं को पुनः प्रारंभ करने में अपनी सोच व्यक्त की। वास्तव में यह टिप्पणी उस समय की गयी, जब भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने अफगानिस्तान के शहरी विकास एवं आवास मंत्री हमदुल्ल नोमानी के साथ एक बैठक आयोजित की। अफगानी अर्थशास्त्रियों के अनुसार इस कदम से दोहरा लाभ होगा। एक ओर जहां विकास को बढ़ावा मिले दूसरी ओर वहां रोजगार के अवसर भी अधिक बढ़ेंगे। भारत अफगानिस्तान के समक्ष उपस्थित मानवीय संकट के दूर करने के लिए अपनी अबाध मानवीय सहायता, सहयोग, सहानुभूति एवं सुरक्षा प्रदान करने कीएक जोरदार वकालत भी कर रहा है।

शासन को मान्यता नहीं दी है, क्योंकि भारत ने तालिबान के जबरिया काबिज होने का पक्षधर नहीं रहा। भारत काबुल में एक समावेशी सरकार के गठन के लिए जोर दे रहा है इसके अलावा वह इस बात पर भी जोर दे रहा है कि किसी भी देश के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगान भूमि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही भारत अफगानिस्तान के समक्ष उपस्थित मानवीय संकट के दूर करने के लिए अपनी अबाध मानवीय सहायता, सहयोग, सहानुभूति एवं सुरक्षा प्रदान करने कीएक जोरदार वकालत भी कर रहा है। ज्ञात रहे कि भारत अपनी अनवरत अफगानिस्तान नागरिकों को मानवीय सहायता प्रदान करता रहा है। आवश्यक खाद्यान्न पदार्थों एवं आवश्यक दवाओं की आपूर्ति के द्वारा चिकित्सा सहायता भी की है। इसके तहत वह पहले ही मदद के तौर पर 20,000 मीट्रिक टन गेंहू 13 टन दवाएं, 500,000 कोविड वैक्सीन की खुराक तथा सर्दियों से बचने हेतु आवश्यक कपड़े शामिल हैं। समाचार पोर्टल टोलो न्यूज केअनुसार इस मामले में अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट रूप से मानना है कि भारत की अटकी परियोजनाओं के आंरभ होने से रोजगार के अवसर व विकास की बढ़ोत्तरी के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। अर्थाशास्त्री दरिया खान बहीर ने कहा है कि इन परियोजनाओं के फिर से शुरु होने से लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होस कते हैं और यह लोगों की आय को बढ़ावा दे सकती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह अफगानिस्तान को राजनीति अलगाव से बाहर निकालने में अपना सक्रिय सहयोग भी दे सकती है। एक अन्य अर्थशास्त्री नाजकमिर जिरमल ने कहा कि इन भारतीय परियोजनाओं के पुनः प्रारंभ हो जाने के परिणामस्वरूप अफगानिस्तान में व्याप्त गरीबी और बेराजगारी के स्तर में कभी आयेगी। इसके साथ एक नया दौर शुरु हो जायेगा। विगत 15 महीनों में अफगानिस्तान में कूटनीतिक समीकरण में एक बड़ा बदलाव आया है। तालिबान के रिश्ते पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण होते जा रहे हैं, जबकि हाल ही में अफगानिस्तान के दूतावास में कार्यरत भारतीय कूटनीतिक तकनीकी टीम से तालिबान ने अनुरोध किया कि भार यहां पर लंबित परियोजनाओं को आरंभ करे। यद्यपि अभी वहां के वर्तमान परिवेश को दृष्टि में रखते हुए भारत अपनी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए उत्साहित नहीं है। विदेश मंत्रालय का यह भी मानना है कि तालिबान वैश्विक स्तर पर अपनी सरकार को मान्यता दिलाने के मंसूबे से भी भारत के साथ अपने राजनयिक संबंधों को लेकर और अधिक उत्साहित नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है कि तालिबान सरकार के शहरी विकास एवं आवास मंत्री हमदुल्लाह नोमानी ने भारतीय कूटनीतिक टीम से मुलाकात कर चार मांगें रखी हैं। - **लेखक हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के पूर्व प्राचार्य हैं।**

विश्व गुरू बनने की राह पर सशक्त कदम

डॉ अनिल कुमार निगम

जी-20 का नेतृत्व मिलने के साथ ही भारत ने विश्व को नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में एक और सशक्त कदम बढ़ा दिया है। समृद्ध ज्ञान परंपरा और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत के पास विश्व गुरू के रूप में खुद को साबित और स्थापित करने का एक स्वर्णिम अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से घोषणा की है कि 50 से अधिक शहरों में 200 से ज्यादा आयोजन किए जाएंगे, उससे यह आभास हो रहा है कि प्रधानमंत्री जी-20 में भारत की भूमिका को लेकर बेहद सजग और सतर्क हैं। भारत में अगले वर्ष 9 और 10 सितंबर को जी-20 सम्मेलन आयोजित होगा। पहली दिसंबर से इसकी अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत को मिल चुकी है। ध्यातत्व है कि विश्व की आबादी का छठा हिस्सा भारत में रहता है और यहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाज और विश्वास की विशाल विविधता है।

जी-20 एक वैश्विक आर्थिक सहयोग का बड़ा एवं प्रभावशाली संगठन है। यह विश्व की जीडीपी का लगभग 85 प्रतिशत, व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। जिस तरीके से संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नाममात्र की रह गई है, उसे देखते हुए आगामी समय में जी-20 की भूमिका अधिक सशक्त होने संभावना बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों ने न केवल भारत का लोहा स्वीकार किया है बल्कि उनको भारत से बहुत अपेक्षाएं हैं। जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से भारत को विश्व में अपनी छवि मजबूत बनाने का सुअवसर मिला है। हालांकि इसकी शुरुआत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में इंडोनशिया में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन से

जी-20 जीडीपी का 85 प्रतिशत, व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक व विश्व की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।

कर दी है। उन्होंने इस दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में बने स्वदेशी उत्पाद के तोहफ न केवल दिग्गज नेताओं को भेंट किए बल्कि जी-20 का 2023 का लोगो जारी किया, जिसमें भारत के राष्ट्रीय फूल कमल को शामिल कर विश्व को संदेश भी दे दिया कि जी-20 पर भारत की गहरी छाप पड़ने वाली है। प्रधानमंत्री ने कमल के फूल को निरंतर प्रगति का प्रतीक बताया है।

रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ एक बार फिर 'नख दंत' विहीन संस्था साबित हो गई है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन विश्व में शांति बनाए रखने के लिए किया गया था, लेकिन 1945 के बाद खाड़ी युद्ध, अफगानिस्तान पर आक्रमण, तिब्बत पर चीन का अतिक्रमण, भारत-चीन, भारत-पाकिस्तान, करगिल युद्ध जैसे अनेक युद्ध हो चुके हैं। लेकिन संयुक्त राष्ट्र इन युद्धों को रोकने में पूरी तरह से नाकारा साबित हुआ है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की उपयोगिता पर बार-बार सवाल उठता रहा है। आज भारत विश्व की तीव्र गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। वर्ष 2020 में कोविड महामारी का प्रकोप जिस तरीके से भारत में आया था, उससे ऐसा आभास हो रहा था कि 133 करोड़ की आबादी में बहुत ज्यादा लोग काल कवलित होंगे, लेकिन भारत ने जिस तरीके से खुद को संभाला, उसे संपूर्ण विश्व समुदाय देखा। उसके पश्चात भारत ने कोविड महामारी से निपटने के लिए कोविड वैक्सीन न केवल अपने नागरिकों को बचाने के लिए विकसित की बल्कि अपने पड़ोसी राज्यों सहित विश्व के अनेक देशों को खेपें भेजकर वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर विश्व समुदाय को भारत से बहुत अपेक्षाएं रही हैं। रूस भारत का पारंपरिक मित्र रहा है। भारत-रूस के बीच में रक्षा व्यापार संबंधी अत्यंत सशक्त संबंध रहे हैं। अमेरिका और नाटो देशों ने रूस पर अनेक आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। बाजवूद इसके भारत ने रूस से क्रूड ऑयल खरीदा। इंडानेशिया में जी-20 की सम्मिट के दौरान रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भेंट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यहां तक कह दिया कि यह समय युद्ध का नहीं है, युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, समस्याओं का हल बातचीत से निकाला जाना चाहिए।

जी-20 एक वैश्विक आर्थिक सहयोग का बड़ा एवं प्रभावशाली संगठन है। यह विश्व की जीडीपी का लगभग 85 प्रतिशत, व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। जिस तरीके से संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नाममात्र की रह गई है, उसे देखते हुए आगामी समय में जी-20 की भूमिका अधिक सशक्त होने संभावना बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों ने न केवल भारत का लोहा स्वीकार किया है बल्कि उनको भारत से बहुत अपेक्षाएं हैं। जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से भारत को विश्व में अपनी छवि मजबूत बनाने का सुअवसर मिला है।

वास्तविकता तो यह है कि इंडोनेशिया के बाली द्वीप पर आयोजित जी-20 देशों की शिखर बैठक में दुनिया को महाशक्ति बनने की ओर बढ़ते भारत की एक शानदार झलक देखने को मिली। जी-20 की अध्यक्षता मिलने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि हम सब मिलकर जी-20 को विश्व कल्याण का प्रमुख स्रोत बना सकते हैं। निःसंदेह, जी-20 की अध्यक्षता मिलना वैश्विक फलक पर जहां भारत के बढ़ते कद को दर्शाता है, वहीं अगला एक वर्ष नई दिल्ली के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण और अवसर प्रदान करने वाला होने जा रहा है। जी-20 में भारत, जर्मनी, जापान, इटली, रूस, अमेरिका, कनाडा, अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, चीन, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, साउदी अरब, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनशिया, तुर्की और येरापीय संघ शामिल हैं। ये विश्व के सभी प्रमुख सशक्त देश हैं, जिसमें भारत की अहम भूमिका होने वाली है। भारत ने 2023 के शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश, मारिशस, मिस्र, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर और यूई को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया है। यह भारत की दूरदर्शिता को दर्शाता है। **- लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

अंबेडकर की सामाजिक-राजनीतिक सोच

अरविंद जयतिलक

राष्ट्रवाद के मोर्चे पर डॉ. अंबेडकर बेहद मुखर थे। उन्होंने विभाजनकारी राजनीति के लिए मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग दोनों की कटु आलोचना की। हालांकि शुरुआत में उन्होंने पाकिस्तान निर्माण का विरोध किया किंतु बाद में मान गए। इसके पीछे उनका तर्क था कि हिंदुओं और मुसलमानों को पृथक कर देना चाहिए क्योंकि एक ही देश का नेतृत्व करने के लिए जातीय राष्ट्रवाद के चलते देश के भीतर और अधिक हिंसा होगी। वे कतई नहीं चाहते थे कि भारत स्वतंत्रता के बाद हर रोज रक्त से लथपथ हो। वे हिंसामुक्त समानता पर आधारित समाज के पैरोकार थे। उनकी सामाजिक व राजनीतिक सुधारक की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा। मौजूदा दौर में सभी राजनीतिक दल चाहे उनकी विचारधारा और सिद्धांत कितनी ही भिन्न क्यों न होए सभी डॉ. अंबेडकर की सामाजिक व राजनीतिक सोच को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

डॉ. अंबेडकर के राजनीतिक-सामाजिक दर्शन के कारण ही आज विशेष रुप से दलित समुदाय में चेतनाएं शिक्षा को लेकर सकारात्मक समझ पैदा हुआ है। इसके अलावा बड़ी संख्या में दलित राजनीतिक दलए प्रकाशन और कार्यकर्ता संघ भी अस्तित्व में आए हैं, जो समाज को मजबूती दे रहे हैं। डॉ. अंबेडकर समानता के सच्चे पैरोकार थे। हालांकि उन्हें जब भारत सरकार अधिनियम 1919 तैयार कर रही साउथबोरोह समिति के समक्ष गवाही देने के लिए आमंत्रित किया गया तो उन्होंने सुनवाई के दौरान दलितों एवं अन्य धार्मिक समुदायों के लिए पृथक निर्वाचिका और आरक्षण की मांग की। तब उनकी इस इस मांग की तीव्र आलोचना हुई और उन पर आरोप लगा कि वे भारतीय राष्ट्र एवं समाज की एकता को खंडित करना चाहते हैं। पर सच तो यह है उनका इस तरह का कोई उद्देश्य नहीं था। उनका असल मकसद इस मांग के जरिए ऐसे रुढ़िवादी हिंदू राजनेताओं को सतर्क करना था जो जातीय भेदभाव से लड़ने के प्रति गंभीर नहीं थे। इंग्लैंड से

डॉ. अंबेडकर के राजनीतिक-सामाजिक दर्शन के कारण ही आज विशेष रुप से दलित समुदाय में चेतनाएं शिक्षा को लेकर सकारात्मक समझ पैदा हुआ है। इसके अलावा बड़ी संख्या में दलित राजनीतिक दलए प्रकाशन और कार्यकर्ता संघ भी अस्तित्व में आए हैं, जो समाज को मजबूती दे रहे हैं। उन्हें जब भारत सरकार अधिनियम 1919 तैयार कर रही साउथबोरोह समिति के समक्ष गवाही देने के लिए आमंत्रित किया गया तो उन्होंने सुनवाई के दौरान दलितों एवं अन्य धार्मिक समुदायों के लिए पृथक निर्वाचिका और आरक्षण की मांग की।

लौटने के बाद जब उन्होंने भारत की धरती पर कदम रखा तो समाज में छुआछुत और जातिवाद चरम पर था। उन्हें लगा कि यह सामाजिक कुप्रवृत्ति और खंडित समाज देश को कई हिस्सों में तोड़ देगा। सो उन्होंने हाशिए पर खड़े अनुसूचित जाति-जनजाति एवं दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका की मांग कर परोक्ष रुप से समाज को जोड़ने की दिशा में पहल तेज की। अपनी आवाज को जन.जन तक पहुंचाने के लिए 1920 मेंए बंबई में साप्ताहिक मूकनायक के प्रकाशन की शुरुआत की जो शीध्र ही पाठकों में लोकप्रिय हो गया। दलित वर्ग के एक सम्मेलन के दौरान दिए गए उनके भाषण से कोल्हापुर राज्य का स्थानीय शासक शाहु चतुर्थ बेहद प्रभावित हुआ और डॉ. अंबेडकर के साथ उसका भोजन करना रुढ़िवाद से ग्रस्त भारतीय समाज को झकझोर दिया।

कर्मों के अनुरुप मिलता है स्वर्ग-नर्क

हमें बताया जाता है कि हम जैसी जिंदगी बिताएंगे, उसी के मुताबिक हमें मरने के बाद स्वर्ग या नर्क में जगह मिलती है। ऐसे में इनसान सोचता है कि मैं क्या करूं, जिससे स्वर्ग में पहुंच जाऊं, क्योंकि नर्क में कोई नहीं जाना चाहता। यह बताया जाता है कि वहां (नर्क में) बड़ी गर्मी है, बहुत दुख-दर्द हैं, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। हम नर्क से कैसे बचें? वह सोचता रहता है कि मैं क्या करूं, जिससे मेरी जिंदगी बेहतर हो। कई बार यह भी खयाल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क नीचे है? हम वहां कैसे पहुंचेंगे?

एक बार एक युवक के अंदर यह जानने की इच्छा हुई कि स्वर्ग कहां हैं और नर्क कहां हैं और वहां क्या-क्या होता है? एक दिन वह एक संत के पास गया और उनसे सवाल किया कि स्वर्ग कहां है और नर्क कहां है और हम क्या करें, जिससे हम स्वर्ग जा सकें और वे कौन-से कर्म हैं, जिनसे हम नर्क में जाते हैं? संत ने उससे पूछा, 'बेटा, तुम क्या काम करते हो?' उसने कहा, 'मैं पुलिस में हूं।' संत ने कहा,'तेरी तो शक्ल नहीं है पुलिस में काम करने की, तू तो दयनीय लगता है। तुझे किसने पुलिस में भर्ती कर लिया?' उस युवक को बड़ा गुस्सा आया। उसने सोचा कि मैं तो पुलिस का हट्टा-कट्टा जवान हूं, इन्हें क्या हो गया है? गुस्से में उसने अपना हाथ तलवार पर रखा और तलवार को निकाला। उसके कुछ करने से पहले ही संत ने कहा कि यह जो तलवार तुमने निकाली है, इसकी नोक बड़ी मोटी है। इससे तो मेरी गर्दन कटेगी नहीं। यह तूने कैसी तलवार उठाई है? तू किस किस्म का सिपाही है? उसे और गुस्सा आया और जब वह गुस्से से तलवार उठा कर उन्हें मारने ही वाला था, तो संत ने कहा कि यही नर्क है। यह सुनते ही वह रुक गया और उसे ध्यान आया कि वह क्या करने जा रहा था। कैसे इनसान को एक छोटी-सी चीज से गुस्सा आ जाता है। उसके अंदर हलचल इतनी बढ़ जाती है कि वह अपने आपको उस हलचल का शिकार बना लेता है। उसने देखा कि वह तो तलवार निकाल कर संत को मारने लगा था, लेकिन संत शांत

हम जैसी जिंदगी बिताएंगे, उसी के मुताबिक हमें मरने के बाद स्वर्ग या नर्क में जगह मिलती है। ऐसे में इनसान सोचता है कि मैं क्या करूं, जिससे स्वर्ग में पहुंच जाऊं, क्योंकि नर्क में कोई नहीं जाना चाहता। यह बताया जाता है कि वहां (नर्क में) बड़ी गर्मी है, बहुत दुख-दर्द हैं, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। हम नर्क से कैसे बचें? वह सोचता रहता है कि मैं क्या करूं, जिससे मेरी जिंदगी बेहतर हो। कई बार यह भी खयाल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क

अवस्था में बैठे थे। उसने तलवार अंदर रखी, तो संत ने कहा कि यही स्वर्ग है। बहुत बार हमें समझ नहीं आता कि स्वर्ग-नर्क कहां हैं? हम सोचते हैं कि स्वर्ग कहीं आसमान में है और नर्क नीचे पाताल में है। हम यह भूल जाते हैं कि इसी धरती को हम स्वर्ग बना सकते हैं और इसी को नर्क यह इनसान के हाथ में है कि वह अपनी जिंदगी को बेहतर बनाता है या कि खराब।

यूपी ग्रामीण बैंक के अधिकारियों ने चलाया ऋण वसूली अभियान

ललितपुर। वसूली अभियान के दौरान बकायेदार को पकड़े पुलिस

अभियान चलाकर की जा रही बड़े बकाएदारों से हो वसूली : प्रबंधक

ललितपुर। ग्रामीण बैंकों की बेहतर हालत बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण बैंक के अधिकारियों ने व्यापक ऋण वसूली अभियान शुरू कर दिया है। सोमवार को अपर जिलाधिकारी व वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के मुख्य प्रबंधक यूसुफ खान व नायब तहसीलदार विनोद कुमार ने राजस्व व बैंक हित में प्रभावी वसूली हेतु संयुक्त वसूली अभियान चलाकर बड़े बकायेदारों के घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर छापा मार कार्यवाही करते हुए ग्राम बम्हौरी कलां के बड़े बकायेदार संतोष पाठक, बालकिशन, अजुद्दी, दीपू आदि को हिरासत में लेकर तहसील कारागार में बंद किया। जबकि अन्य बकायेदार टीम से एक सप्ताह में कर्ज अदा करने पर ही छोड़े गए। कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा है। जिलाधिकारी ने सक्षम बकायेदारों पर कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए हैं।

राजस्व व बैंक ऋण बकाया वसूली को लेकर प्रतिदिन जिले में अभियान चल रहा है जो रोज़ाना चलाया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि यहां के लोग आसानी से ऋण ले लेते हैं लेकिन लौटाने के नाम पर कोताही बरती जाती है।

जिससे बैंक का संतुलन भी बिगड़ जाता है। यही वजह है कि कर्ज वसूली अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य प्रबंधक यूसुफ खान ने पात्र बकायेदारों से अपील की कि वे अपना कर्ज चुकाने हेतु बैंक में चल रही एक मुश्त समझौता योजना का लाभ उठाएं व कर्जमुक्त होकर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। मौके पर बैंक के मुख्य प्रबंधक यूसुफ खान, शुभम शर्मा, शैलेश गौर, नायब तहसीलदार विनोद कुमार एवं नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

ऋण दिलाने के नाम पर महिलाओं ने ठगी करने का लगाया आरोप

ललितपुर। डीएम को शिकायती पत्र देने पहुंची महिलायें

धोखाधड़ी करने वाली महिला के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग

ललितपुर। महिलाओं को ऋण स्वीकृत कराने का झांसा देकर रुपये ऐंठने और रुपये वापस मांगने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में महिलाओं ने एकजुट होकर जिला प्रशासन व पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये कार्यवाही की मांग उठायी है। शिकायती पत्र में पीड़ित महिलाओं ने बताया कि एक वर्ष पहले मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी एक महिला द्वारा उक्त महिलाओं को एक लाख सत्तर हजार रुपये का ऋण दिलाने के नाम पर रुपये मांगे थे। उक्त महिला की बातों में आकर हम 15 महिलाओं ने अपने-अपने कागजात एवं 5-5 हजार रुपये व नौकरी लगवाने के नाम पर 20 हजार रुपये कुल 95000 रुपये उक्त महिला ने 15 दिन में नौकरी लगवाने एवं 1 माह में लोन दिलाने की बात कही थी। बताया कि उक्त महिला ने जब से रुपये ले लिये, तब से आज तक किसी भी महिला का ना तो ऋण स्वीकृत हुआ और न ही किसी की नौकरी लगवायी। मामले की जानकारी करने पर उक्त महिला टालती रही है। अब एक माह से उक्त महिला द्वारा फोन भी नहीं उठाया जा रहा है। बताया कि जब एकजुट होकर महिलायें उसके पास रुपये वापस लेने पहुंची तो उक्त महिला द्वारा गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये वहां से भगा दिया।

अब पीड़ित महिलाओं ने जिला प्रशासन से मामले में जांच की जाकर उक्त महिलाओं के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

शिकायती पत्र देते समय उर्मिला पाल, विमला, सपना सिंह, पार्वती, छोटू पाल, सोबरन सिंह, छिम्मा देवी आदि मौजूद रहे।

रोजगार मेले में 92 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

ललितपुर। रोजगार मेले के दौरान मौजूद अभ्यर्थी व अतिथि

ललितपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा ग्राम पनारी स्थित एक महाविद्यालय में दिवसीय रोजगार मेला एवं कॅरियर कॉउन्सिलिंग का आयोजन किया गया। रोजगार मेले व कॅरियर कॉउन्सिलिंग का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वल एवं सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। मेले में देश, प्रदेश की विभिन्न कम्पनियो ने प्रतिभाग किया।

उक्त मेले में 184 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया व साक्षात्कार उपरांत 92 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

साथ ही 83 छात्र-छात्राओं को कॅरियर कॉउन्सिलिंग के माध्यम से मार्गदर्शन दिया गया। कॅरियर कॉउन्सिलिंग में प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जीआईसी प्रधानाचार्य अरुण बाबू शर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य डा.महेश कुमार द्वारा अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु उचित मार्गदर्शन देते हुये उनको प्रोत्साहित किया गया। अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों एवं नियोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एचओडी (कृषि शिक्षा) बी.एल.साहू द्वारा किया गया। साथ मे जिला सेवायोजन कार्यालय के नरेन्द्र वर्मा, भूपेन्द्र कुमार, हेमन्त वर्मा व श्याम सुन्दर कुशवाहा उपस्थित रहे।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नेमवि के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

ललितपुर। मेधावी विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय प्राचार्य

ललितपुर। बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय की अंर्त-महाविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन दयानंद वैदिक महाविद्यालय उरई में 01 से 03 दिसम्बर 2022 तक हुआ। इस प्रतियोगिता में नेहरू महाविद्यालय की छात्राओं ने महिला चैम्पियनशिप प्राप्त की और ओवर आल चैम्पियनशिप नेहरू महाविद्यालय ललितपुर ने प्राप्त की। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य प्रो. राकेश नारायण द्विवेदी ने कहा कि खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाये रखते हैं। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है और मन एकाग्र होता है। खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता, धैर्य और साहस का विकास होता है। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश अग्रवाल ने कहा कि खेल के माध्यम से समाज में समन्वयता का स्वरूप विकसित होता है, क्योंकि खेल केवल हार-जीत की पतिस्पद्धा नहीं है, बल्कि आपस में सदभावना, भाईचारा एवं संघर्ष से लडने की चुनौतियां भी सिखाता है। संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि प्राचीन समय से हमारी संस्कृति एवं सामाजिक समरसता के लिए खेलों को जीवन के प्रमुख अंग के रूप में समाहित किया है। खेलों से न केवल शारीरिक स्फूर्ति बल्कि हमारी मानसिकता का विकास होता है। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. डा.अनिल सूर्यवंशी ने बताया कि इस अंर्त-महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने 44 अंक प्राप्त कर महिला चैम्पियनशिप प्राप्त की। जबकि छात्रों ने 35 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ओवर आल चैम्पियनशिप 79 अंकों के साथ नेहरू महाविद्यालय ने प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में 12 गोल्ड मैडल सहित 23 मैडल प्राप्त किये। बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय कैम्पस द्वितीय स्थान पर रहा।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता से लगभग 7 छात्र-छात्रायें के.आई.आई.टी. विश्वविद्यालय उड़ीसा के लिए अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों में खुश्बू वर्मा, राजा बेटी, रानी साहू, रोशनी कुशवाहा, विभा बुंदेला, साक्षी बुंदेला, दीक्षा, सपना कुशवाहा, सिमरन पटैरिया, हलीमन, रचना, रानी, ऋषभराज, मंजीत राज, राजन, युवराज राजपूत, वीरपाल, कृष्णकांत, नरेन्द्र सिंह, दीपक राजा, अरूण धाकड़ आदि शामिल रहे। इस अवसर प्रो. आशा साहू, डा.मनोज कुमार, हिमांशधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, अनीता, डा.सुभाष जैन, श्वेता आनंद, डा.शैलेन्द्र सिंह चौहान, डा.विनीत अग्निहोत्री, डा.रामकुमार रिछारिया, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.सूबेदार यादव, डा.रिचाराज सक्सेना, कविता सिंह पैजवार, डा. बलराम द्विवेदी, डा.राजेश तिवारी, डा.राजीव निरंजन, डा. प्रीति सिरोठिया, डा.रजनी चौबे, डा.गीरेन्द्र सिंह, हरीप्रसाद, रवि कुमार, संजय शर्मा, अरविंद भार्गव, अभिषेक यादव, कमलेश, राकेश, मिलन, लक्ष्मी सोनी, कामता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

नौ सूत्रीय मांगों का जन अधिकार पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

ललितपुर। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने पहुंचे जन अधिकार पार्टी पदाधिकारी

ललितपुर। जातिगत जनगणना कराने एवं अन्य मांगों को लेकर जन अधिकार पार्टी ने जिलाध्यक्ष शोभाराम सेन के नेतृत्व में एक ज्ञापन देश की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। ज्ञापन में बताया कि इस देश में अनेकानेक जाति, धर्म के लोग सैकड़ों वर्षों से रहते चले आ रहे हैं। भारत की प्रमुख नीतियों में एक यह भी है कि हम सभी धर्मों को एक समान रूप से सम्मान करेंगे। किन्तु देश में असहिष्णुता बड़ी है। यह एक स्वस्थ समाज के लिए अनुचित है। देश की संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म हो रही है। संविधान के ढांचे के क्षति पहुंचायी जा रही है। सरकारी संस्थाओं का निजीकरण किया जा रहा है। यह बातें लोकतंत्र के लिए अत्यन्त घातक हैं। अतएव जन अधिकार पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से नौ सूत्रीय मांगों को रखते हुये उनके निस्तारण की मांग उठायी। मांगों को लेकर बताया कि जातिगत जनगणना भागीदारी का आधार है और भागीदारी हमारा अधिकार है। इसलिए जन अधिकार पार्टी प्रत्येक प्रदेश में जातिगत जनगणना कराये जाने की मांग करती है। केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय सम्पत्तियों को निजी क्षेत्रों की कम्पनियों, उद्योगपतियों को कोढियों के दाम बेचा जा रहा है। इससे राष्ट्र की अपूर्णनीय क्षति होगी। इसे तत्काल प्रभाव से रोका जाये। पेट्रोल-डीजल पर अधिरोपित टैक्स को केन्द्र व राज्य सरकार कम करें जिससे पेट्रोल-डीजल सस्ता हो सकें और बढ़ी हुयी कीमतें घटाई जायें। सामान्य वर्ग की तरह अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को भी छात्रवृत्ति प्रदान की जाये। जन अधिकार पार्टी नई शिक्षा नीति का विरोध करती हैं पूरे देश में शिक्षा का पाठ्यक्रम एक समान किया जाये। क्योंकि नई शिक्षा नीति देश में पिछड़े दलित एवं अल्पसंख्यकों को पुनः देश की चली आ रही वर्ण व्यवस्था की तरफ ले जाने वाली है। ऐसा कानून जो बहुसंख्यक समाज को शिक्षा से वंचित करना चाहता हो उसे किसी भी दशा में लागू नहीं किया जाना चाहिए। किसानों को खाद्य बीज व कीटनाशक दवायें उचित मूल्य पर उपलब्ध करायीं जायें और सिंचाई के लिए निःशुल्क विद्युत की व्यवस्था की जाये। छोटे व मंझले किसानों, दुकानदारों, व्यापारियों का कर्ज एवं बिजली का बिल माफ किया जाये। किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान तत्काल किया जाये। बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाना सरकार का संवैधानिक दायित्व है। अतएव सरकार से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए तत्काल कार्यवाही करने की मांग जन अधिकार पार्टी करती है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष शोभाराम सेन, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र झां, देवराज सेन, सिंदपाल रजक, सुरेन्द्र कुशवाहा, सोहनलाल झां, कमल, संदीप झां, अंकुश आदि मौजूद रहे।

बिजली विभाग पर उपभोक्ताओं, व्यापारियों के उत्पीडऩ का आरोप

- **उद्योग व्यापार मण्डल ने बैठक कर ज्ञापन भेजने का लिया फैसला**

ललितपुर। बैठक के दौरान मौजूद व्यापारी नेता

ललितपुर। उद्योग व्यापार मंडल ने स्थानीय होटल में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर सेक्टर में सेक्टर इकाई गठित की जावेगी और व्यापारी नेताओं ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा हजूर उपभोक्ताओं का उत्पीडऩ किया जा रहा है, जो इसका व्यापार मंडल कड़ा विरोध करेगा। प्रदेश के आह्वान पर 2023 में व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती मनाने का संकल्प भी संगठन ने लिया गया। वर्तमान में नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के आम चुनाव प्रस्तावित है इसमें संगठन ने निर्णय लिया है कि जो भी उम्मीदवार व्यापारियों हित की बात करेगा उसी को व्यापार मंडल पूर्ण रूप से समर्थन देगा। वर्तमान में सरकार द्वारा जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों पर छापे डालने की बात कही जा रही है उसमें अगर ललितपुर जीएसटी विभाग किसी भी व्यापारी छापे डालकर का यदि उत्पीडऩ करेगा उसका व्यापार मंडल कड़ा विरोध करेगा। सर्वसम्मति से जिला उद्योग व्यापार मंडल ने निर्णय लिया है कि हर माह मासिक बैठक की जाएगी। संगठन ने निर्णय लिया पूर्व में होटल व्यवसाय पर 999 रुपये किराए के कमरे पर कोई टैक्स नहीं नहीं लिया जाता था 18 जुलाई 20-22 से 12 प्रतिशत टैक्स लगा दिया गया है। इसको लेकर अगर उत्पीडऩ किया गया तो इसका संगठन द्वारा कड़ा विरोध किया जाएगा और संगठन ने सरकार से मांग की है कि पूर्व की भांति कर मुक्त किया जावे। अभी हाल में ही लखनऊ में एक घटना हुई थी उसकी जांच कराई जाए बेवजह होटल व्यवसाई का उत्पीडऩ नहीं किया जाए। व्यापारियों की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल शीघ्र ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल केंद्रीय वाणिज्य उद्योग मंत्री एवं मुख्यमंत्री लखनऊ को शीघ्र ही जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश सराफ, जिलाध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरबांस, महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, संयुक्त महामंत्री अभिषेक अनौरा, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल गुप्ता, अजय सोनी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रवींद्र दिवाकर, मंत्री सुबोध गोस्वामी, विजय नेता, बॉबी सरदार, सुरेंद्र, विजय, संजय जैन रिंकू, दीपक सिंघई, फहीम बेग, अजय डय़ोडिया, मगनलाल सोनी, मनोज शिवहरे, हरविंदर सिंह सलूजा, विपिन, विवेक, सौरभ जैन, चक्रेश, संचित अग्रवाल, सुमित, मक्खन सिंघई, अज्जू, प्रभात सराफ, अविनाश समैया, सचिन समैया, राजीव जैन उपस्थित थे।

पाल वैचारिक क्रांति गोष्ठी में सामाजिक विकास पर दिया जोर

- **समाज में तेरहवीं जैसी कुरीतियां हों खत्म : नाथूराम**



ललितपुर। संगोष्ठी उपरान्त मौजूद पाल समाज के लोग

मड़ावरा (ललितपुर)। कस्बा मड़ावरा में स्थित महिपाल इंटर कॉलेज परिसर में पाल बघेल धनगर महासभा के तत्वाधान में एक वैचारिक क्रांति गोष्ठी का आयोजन करन पाल जिलाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य व पीसीएस मदन मोहन पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं द्वारा समाज में फैली कुरीतियों से बाहर निकलकर सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक विकास की ओर अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया गया। संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी नाथूराम पाल ने तेरहवीं जैसी कुप्रथा को खत्म करने पर जोर देते हुए मौजूद सभी स्वाजतीय बंधुओं को संकल्पित कराया की न तेरहवीं खायेगे और न ही करेंगे। जिलाध्यक्ष करन पाल ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि यह संगठन अब धरातल पर कार्य करेगा, लोगों की समस्याओं में उनके साथ खड़े रहने के लिए चौबीस घंटे तत्पर रहेंगे और जो अन्य संगठन कई दशक में नहीं कर पाया वह हम सभी को मिलकर धरातल पर लोगों के हितों को देखकर करना है। अध्यक्षता कर रहे पीसीएस एम एम पाल ने अपने विचार रखते हुए कई दशकों पुराने संगठन पर सवाल खड़े करते हुए की कोई एक काम धरातल पर गिना दे जो समाज हित में जिले में किया हो अब संगठन केवल बैठकों व पद बांटने तक ही सीमित नहीं रहेंगे। एक उद्देश्य के साथ समाज हित में धरातल पर कार्य करने की रणनीति बनाई जाएगी आज से एक नई क्रांति की शुरुआत हुई है जो बहुत जल्द विस्तार लेगी। अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में समाज के निर्धन बच्चों की शिक्षा को लेकर पहल की जाएगी। गोष्ठी में अपने संबोधन से एड.प्रेरमणारायण पाल, शिक्षक दिनेश पाल, सुखदयाल पाल, ब्लॉक अध्यक्ष राजू पाल, शिवकुमार पाल, शिक्षक कपिल पाल, हरिनारायण पाल शिक्षक, पवन पाल, कोमल पाल संचालक, मुकेश पाल, राहुल पाल आदि ने अपने विचार रखे। गोष्ठी में समाजसेवी सुखनंदन पाल, बाबूलाल पाल, कमलेश पाल, डा.ब्रजेश पाल, इमरत पाल, कल्याण पाल, प्रकाश पाल, चंद्रभान पाल, हीरालाल पाल समेत दर्जनों स्वाजातीय समाजसेवी शामिल रहे। गोष्ठी का संचालन पत्रकार संतोष पाल व आभार व्यक्त पीसीएस एम एम पाल ने किया।

सार सुर्खियां

राज्य सरकार छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 10 दिसम्बर

ललितपुर। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

ललितपुर। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा जानकारी दी गयी कि अल्पसंख्यक समुदायों (मुस्लिम, सिख, इसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी) को राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना का लाभ पाने हेतु सभी छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन बेवसाइट पर आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10 दिसम्बर 2022 है। छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए ऑनलाइन आवेदन के साथ समस्त अभिलेखों की प्रति जैसे बच्चे का आधार कार्ड, पिछले वर्ष की मार्कसीट (50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हो), आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बच्चे का बैंक पास बुक की प्रति इत्यादि को संलग्न करना होगा। छात्र-छात्रा के स्तर से पोस्ट मैट्रिक एवं अदर देन इण्टर मीडिएट की अन्तिम तिथि 10 दिसम्बर 2022 तक निर्धारित की गयी है। छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन आवेदन करवाने की जिम्मेदारी सम्बन्धित शिक्षण संस्थान के प्रधानाध्यापक की है। सभी शिक्षण संस्थान अपने लॉगिन पर प्रदर्शित सभी पात्र छात्र-छात्राओं के आवेदनों को अनिवार्य रूप से अग्रसारित करना होगा। छात्रवृत्ति आवेदन को ऑनलाइन अग्रसारित नहीं करने की दशा में किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी का होगा।

प्रभु के चरणों में सर्वस्व न्योछावर में ही जीवन का कल्याणः मुनि सुधासागर



धर्मसभा को संबोधित करते मुनिश्री

ललितपुर। आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री सुधासागर महाराज ससंघ का सुबह बांसी नगर में प्रभावनापूर्ण मंगल प्रवेश हुआ स्वयंसेवकों ने दिव्यघोष के साथ मुनि श्री की अगुवाई की। नगर में द्वारे-द्वारे रंगोली सजाई गई श्रद्धालुओं ने पादप्रक्षालन कर आरती उतारी और आशीर्वाद ग्रहण किया। मुनि सुधासागर महाराज अपने संघस्थ पूज्यसागर महाराज एलक धैर्यसागर महाराज एवं क्षुल्लक गम्भीरसागर महाराज के साथ प्रातःकाल ग्राम भौरसिल से पद विहार हुआ उनके साथ सैकडों की संख्या में श्रावक श्राविकाए ललितपुर से पद विहार करते हुए चल रहे थे। ज्यो ही नगर सीमा में प्रवेश हुआ जैन जैनेतर समाज के धर्मालुजनों ने मुनिश्री के दर्शन किए। जैन मंदिर पहुचने पर मुनिश्री की जैन समाज के पदाधिकारियों एवं श्रावकों ने पादप्रक्षालन कर आरती उतारी और आशीर्वाद लिया। मुनिश्री ने नगर के प्राचीन जैन मंदिर में चमत्कारिक पाश्र्वनाथ भगवान की मनोज्ञ प्रतिमा के दर्शन किए। मंदिर प्रांगण में श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा प्रभु के चरणों में सर्वस्व न्योछावर में ही जीवन का कल्याण है उन्होने कहा जिस प्रकार जीवन में कुछ पाने के लिए सब कुछ दाव पर लगाते हैं वैसा ही प्रभु की भक्ति में करना चाहिए। मुनि धर्म को श्रेयस्कर बताते हुए कहा जीवन की श्रेष्ठता इसी में है और यही वह मार्ग है जो कल्याणकारी है। धर्मसभा के पूर्व बांसी जैन समाज ने मुनि श्री के चरणों में श्रीफल अर्पित कर श्री जैन समाज द्वारा नवनिर्मित श्री चैतन्य चमत्कारिक पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के आगामी 9 दिसम्बर से सम्पन्न होने वाले श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सानिध्यता एवं मार्गदर्शन के लिए आर्शीवाद ग्रहण किया। गौरतलव रहे कि मुनि श्री सुधासागर महाराज मुनि अभिनंदनोदय तीर्थ से चातुर्मास के उपरान्त प्रभावना पूर्वक मंगल पदविहार बांसी के लिए हुए उनके साथ पदविहार में सैकडों धर्मालुजन सम्मलित हुए। मुनिश्री के सानिध्य में नेशनल हाईवे स्थित ग्राम रोडा पर दो नवीन जिनालयों की आधारशिला श्रावक श्रेष्ठी परिवारों ने रखकर मंदिर निर्माण का संकल्प लिया।

विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

ललितपुर। बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम का ओयाजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता केन्द्र प्रभारी डा.दिनेश तिवारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा कानपुर घासीराम सहरिया ने की दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बताया गया कि किसान अपने खेत की मिट्टी की जांच उपरान्त ही फसलों में उर्वरकों का प्रयोग करके लागत को कम किया जा सकता है। मुख्य अतिथि ने बताया कि खेत की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए किसान को जैविक खाद का प्रयोग अधिक से अधिक करना चाहिए। गोबर की सड़ी-गली खाद खेत में डालने से जहां एक ओर खेत की उपजाऊ क्षमता बढ़ती है तो वहीं कई पोषक तत्व की कमी भी पूरी हो जाती है। पादप सुरक्षा वैज्ञानिक डा.एन.के. यादव ने बताया कि किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करनी चाहिए, नहीं तो वो दिन दूर नहीं जब हमारी जमीन बंजर बन जायेगी। किसानों को जैविक खाद के प्रयोग से खेत की उत्पादकता क्षमता बढग़ी। प्रयोगशाला तकनीशियन राधा मौर्य ने बताया कि किसानों को मिट्टी के नमूनों की जांच के उपरान्त जो परिणाम सामने आये उसके आधार पर अपने खेत में पोषक तत्व व खाद का प्रयोग करें साथ ही मृदा परीक्षण कराने के लिए कृषकों को प्रेरित किया। इस दौरान प्रभू, प्रकाश, आशाराम एवं गुडडी सहित अनेकों किसानों व महिला किसानों ने प्रतिभाग किया।

मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

ललितपुर। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (न.नि.) ने अवगत कराया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2022 के निर्वाचन को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियों को नगर निकाय क्षेत्रों में बनाये गये जोन एवं सेक्टर में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के पद पर उनको आवंटित किये गये मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों हेतु तत्काल प्रभाव से नियुक्त करते हुए निर्देशित किया गया है कि वह अपने निकाय में आवंटित जोन एवं सेक्टर में समाहित मतदान केन्द्रों, मतदेय स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर मतदाताओं की सुविधा हेतु मूल भूत सुविधाएं (पेयजल, शौचालय, बिजली, रैम्प, फर्नीचर एवं बूथ तक पहुँचने हेतु सुगम मार्ग आदि) की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए शान्तिपूर्ण, पारदर्शी एवं सकुशल निर्वाचन सम्पन्न करायेंगे।

झूठे मामलों में फंसाने का आरोप

ललितपुर। शहर के मोहल्ला जुगपुरा निवासी शीतल सिंह पुत्र अनंदी राजपूत ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भेजते हुये कुछ लोगों द्वारा राजनैतिक विद्वेष रखते हुये झूठी शिकायतें करते हुये षडयंत्र में फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि वर्तमान में वह नगर निकाय चुनाव में पार्षद पद हेतु चुनाव लड़ने का इच्छुक है। आगे बताया कि मोहल्ले के कुछ लोग उससे राजनैतिक विद्वेष रखते हैं। जिसके चलते वह आये दिन पीड़ित को किसी न किसी तरह से परेशान करते हुये उसे फर्जी मामले में फंसाने हेतु षडयंत्र रचते रहते है। विगत दिनों इन्होंने पीड़ित के खिलाफ रात्रि में घर में घुसकर गाली-गलौच, मारपीट करने व जान से मारने की धमकाने देने के सम्बन्ध में समाधान दिवस में शिकायत की है।

जैसे छोटा-सा तिनका हवा का रुख बताता है वैसे ही मामूली घटनाएँ मनुष्य के हृदय की वृत्ति को बताती हैं। - महात्मा गांधी

बोलेरो की टक्कर से किशोरी समेत दो घायल

भास्कर न्यूज, बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के मरझा गांव निवासी चिचिरवीर (60) पुत्र झंडू सिंह सोमवार की दोपहर सड़क किनारे खड़ा था तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके से भाग रही बोलेरो ने हैंडपंप से पानी भरकर आ रही किशोरी रानी (16) पुत्री फकरुद्दीन को भी टक्कर मारकर घायल कर दिया। दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बोलेरो चालक को ग्रामीणों ने दबोच लिया।

हाईटेंशन करंट से युवक झुलसा

भास्कर न्यूज, बांदा। पेड़ में चढ़कर बकरियों के लिए पत्ती तोड़ रहा युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पड़री गांव निवासी भइयालाल (19) पुत्र कल्लू सोमवार की दोपहर बकरियों के लिए पेड़ में चढ़कर पत्ती तोड़ रहा था। तभी वहीं से गुजरी हाईटेंशन लाइन के तार में उसका हाथ छू गया। इससे करंट की चपेट में आकर वह झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डेंगू से एक भर्ती, संख्या पहुंची 144

भास्कर न्यूज, बांदा। सर्दी बढ़ने से अब डेंगू के मरीजों में कमी आई है। इक्का-दुक्का मरीज ही उसकी चपेट में आ रहे हैं। डेंगू की चपेट में आए एक किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी में बताया गया कि अप्रैल माह से अब तक डेंगू के 144 लोग पाजिटिव मिले हैं। सर्दी बढ़ने के साथ डेंगू के मरीजों में कमी आई है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि उनकी टीम लगातार लार्वा निरोधक का छिड़काव करते हुए फागिंग कर रही है। मरका थाना क्षेत्र के गुजेनी गांव निवासी नरेंद्र (12) पुत्र धर्मराज कई दिनों से बुखार से पीड़ित है। घरवालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने डेंगू की आशंका जताई है। जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार का कहना है कि सक्रिय में कोई भी मरीज डेंगू का नहीं मिला है। अब तक 144 लोग डेंगू से पाजिटिव पाए गए हैं। उनकी टीमें लगातार घर-घर सर्वे कर रही हैं।

सुबह 8 से अपराह्न 2 बजे तक होगा योगा प्रशिक्षण

भास्कर न्यूज, बांदा। जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार चिकित्सालय बांदा के नवीन भवन में (टेलीमेडिसिन कक्ष/कोविड-19 वेक्सीनेशन के सामने) योगा वेलनेस सेन्टर की स्थापना कर दी गयी है साथ ही तथा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने योगा प्रशिक्षक/योगा सहायक उपलब्ध करा दिया है। योगा प्रशिक्षण का समय सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक का निर्धारित किया गया है। सीएमएस ने जिला चिकित्सालय के स्टाफ को निर्देशित किया है कि वे चिकित्सालय में आने वाले मरीज/तीमारदार व अन्य कर्मचारियों को योगा प्रशिक्षण केन्द्र में योगा प्रशिक्षण प्राप्त करने को जागरुक करें।

डीएम ने फिर चलाया कार्रवाई का चाबुक, ग्राम पंचायत अधिकारी सस्पेंड

- कैरी गांव में खड़ंजा निर्माण में अनियमितता पाए जाने पर निलंबित हुआ सचिव
- दो दिन पूर्व समाधान दिवस में शिकायत मिलने पर लेखपाल को किया था निलंबित

बैठक को संबोधित करतीं डीएम।

भास्कर न्यूज, बांदा। जिले की तेज तर्रार जिलाधिकारी दीपा रंजन ने बिगड़ैल अफसरों पर लगाम कसना शुरू कर दिया है। एक के बाद एक हो रही कार्रवाई से अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। दो दिन पूर्व संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादी से अभद्रता की शिकायत पर जहां डीएम ने लेखपाल को सस्पेंड कर दिया था, वहीं सोमवार को बिसंडा ब्लाक के ग्राम पंचायत कैरी में खड़ंजा निर्माण में अनियमितता पाये जाने पर ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलम्बन की अवधि में ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड बिसण्डा से सम्बद्ध रहेंगे। इस प्रकरण में खण्ड विकास अधिकारी नरैनी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत कैरी में कराये गये विभिन्न विकास कार्यों के सन्दर्भ में जानकीशरण मौर्य पुत्र रामनारायण मौर्य निवासी ग्राम पंचायत कैरी ब्लाक बिसण्डा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया था कि ग्राम पंचायत कैरी में ग्राम प्रधान व सचिव ने ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर वित्तीय अनियमितता करते हुए बिना काम कराये ही सचिव व ग्राम प्रधान ने धनराशि आहरित कर ली। इसकी जांच जिलाधिकारी दीपा रंजन ने जिला विकास अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया गया था। मामले की जांच कर जिला विकास अधिकारी राघवेन्द्र तिवारी ने अपनी आख्या प्रस्तुत की। जांच में पाया गया कि विकास खण्ड बिसण्डा के ग्राम पंचायत कैरी में खडण्जा निर्माण में गम्भीर अनियमितता हुई। इस आरोप में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सचिव सुरेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि निलम्बन की अवधि में सचिव सुरेश कुमार विकास खंड बिसंडा से सम्बद्ध रहेंगे। इस प्रकरण में खण्ड विकास अधिकारी नरैनी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अनिवार्य अभिलेख न होने से चयन प्रक्रिया बाधितः जिलाधिकारी दीपा रंजन की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के चयन के क्रम में जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष 23 से अधिक उपयोजनाओं में आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल प्राप्त आवेदनों का सत्यापन पूर्ण हो चुका है, जिसमें कई आवेदनों में अनिवार्य अभिलेख आवेदकों ने अभी तक उपलब्ध नहीं कराए, जिससे वे पात्रता की श्रेणी में नहीं आ सके। इन्हें पूरा करने के लिये समिति ने निर्णय लिया है कि बड़ी योजनाओं में बैंक सहयोग करें, ताकि ई-लॉटरी के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों का अनुमोदन चयन की प्रक्रिया में हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त मनरेगा के साथ अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

शिल्पकला व विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने सजाए आकर्षक माडल

प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

- शांति धाम स्कूल की वार्षिक प्रदर्शनी में बच्चों दिखाई प्रतिभा

भास्कर न्यूज,अतर्रा। वार्षिक शिल्पकला व विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने आकर्षक माडल प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने इस दौरान आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हुए जमकर तालियां बटोरीं। कस्बा स्थित शांतिधाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को वार्षिक शिल्पकला व विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित हुई। उप जिलाधिकारी विकास यादव ने शिल्पकला व विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक माडल सजाए। शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने माडलों को जमकर सराहा। विद्यालय के बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। देशभक्ति गीतों, पंजाबी एवं गढ़वाली, राष्ट्रीय गीत, कव्वाली, एकल गीत, मिक्स सांग डांस समेत सांस्कृति नृत्य पेश किए। लघु नाटक प्रस्तुत करके लोगो को जागरूक करने का भरसक प्रयास किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। विशिष्ट अतिथि बिशप पीटर परापुल्लिल (झांसी) ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। ऐसे आयोजन बच्चों को देश की परंपरा से जोड़े रखते हैं। साथ ही बच्चों में छिपी प्रतिभा का विकास होता है। प्रधानाचार्य फादर टी.आरुल राज ने सभी का आभार जताया।

हलधर किसान यूनियन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, मुआवजे की मांग

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान।

भास्कर न्यूज, बांदा। भारी बारिश के कारण फसल नष्ट हो जाने के बाद मुआवजा समेत किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर भारतीय हलधर किसान यूनियन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उनका कहना है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द निदान न किया गया तो वे आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। किसानों की समस्याओं पर सरकार ध्यान नहीं दे रही, जिससे आक्रोशित भारतीय हलधर किसान यूनियन ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि इस वर्ष वर्षा काल बीत जाने के बाद भी अतिवृष्ट होती रही, जिसकी वजह से किसानों की लाखों की फसल नष्ट हो गई। सरकार ने आश्वासन भी दिया था कि किसानों को मुआवजा दिया जायेगा, इसके बावजूद अभी तक किसानों को सरकार की ओर से किसी प्रकार की सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है। किसानों का कहना है कि अभी तक खाद की समस्या भी सरकार हल नहीं कर पाई है। समितियों में खाद कम आ रही है, उसमें भी पूंजीपतियों का कब्जा है। ज्ञापन में यह भी अवगत कराया कि किसान कृषि कार्य के लिये ट्रैक्टर की ट्रॉली में चार-पांच किसान भी बैठकर धान बेचने को मंडी जाते हैं तो प्रशासनिक अधिकारी ट्रैक्टर का चालान कर देते हैं। उन्हें अन्ना जानवरों से भी निजात नहीं दिलाई जा रही। जंगली सुअर और नील गाय जैसे आवारा जानवरों की रोक के लिये यदि किसान अपने खेतों में कंटीले तार लगाते हैं तो किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया जाता है। ज्ञापन में यह भी बताया कि गोवंशों को गौशालाओ में बंद किया गया है, लेकिन रात में उन्हें छोड़ दिया जाता है, जिससे वे उनकी फसल नष्ट कर देते हैं। बिजली विभाग फर्जी बिल बनाकर भेजना बंद नहीं कर रहा। किसान को न्यूनतक 10 घंटे भी बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है, जिससे उनके ट्यूबवेलों से सिंचाई नही हो पा रही है। उनकी मांग है कि किसान आयोग का गठन किया जाये और 60 से ऊपर जीवनयापन के लिये किसानों को कम से कम 1 हजार रुपये पोषण भत्ता दिया जाये।

भुगतान न हुआ तो मजदूर धरना-प्रदर्शन को होंगे बाध्य

भास्कर न्यूज, बांदा। शहर के चिल्ला रोड (कताई मिल) निवासी उर्मिला निषाद पत्नी शिवबली निषाद ने जिलाधिकारी को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि वह निर्माण खंड-2 लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारी करती है। उसने घूरा से गुगौली, सैमरी मजरा से जारी, बड़ागांव से मड़ौलीकलां, जौहरपुर और रैपुरा संपर्क मार्ग व पुलिया का निर्माण कराया, लेकिन विभाग अभी भुगतान नहीं कर रहा। इस संबंध में वह गत 12 अक्टूबर को प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद समेत लोक निर्माण विभाग के सचिव, जिलाधिकारी व मुख्य अभियंता को भी अवगत करा चुकी हैं। भुगतान न मिल पाने के कारण वह मजदूरों को उनका पारिश्रमिक नहीं दे पा रही हैं। इस वजह से मानसकि रूप से काफी परेशान हैं। यदि जल्द भुगतान नही होता तो मजदूर धरना-प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

श्रमदानियों को सिमौनी मेला के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियां

- बैठक में मेला तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप 15 दिसंबर से शुरू होगा सिमौनीधाम मेला

भास्कर न्यूज, बबेरू। सिमौनीधाम में 15 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय मेला व भंडारा को लेकर आयोजित श्रमदानियों की बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बिंदुवार चर्चा करते हुए श्रमदानियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। सभी श्रमदानी कार्य प्रभारियों को समय से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करने के निर्देश दिए गए। बबेरू तहसील क्षेत्र के सिमौनी गांव स्थित अवधूत महराज आश्रम में तीन दिवसीय मेला व भंडारा 15 से 17 दिसंबर तक आयोजित होगा। सोमवार को प्रसाद वितरण कार्यालय में आयोजित बैठक में भंडारा व मेला की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान श्रमदानी पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, वीके सिंह (भरखरी) समेत शिव प्रकाश सिंह संजय, शिवनायक सिंह, शिवपाल यादव, मनोज तिवारी (महोबा), बाला महाराज, राजाबाबू सिंह, अजीत सिंह तथा अमर सिंह को कड़ाही की जिम्मेदारी दी गई है। बब्बू तिवारी तथा ज्ञान यादव को रसद आपूर्ति का प्रभारी बनाया गया। पूड़ी भंडार कक्ष की जिम्मेदारी शिवमिलन दुबे, आटा मड़ाई बैजनाथ साहू, आलू कटाई कमल सिंह यादव, प्रसाद आपूर्ति कल्लू सिंह, पूड़ी आपूर्ति आशीष सिंह, प्रशासनिक काउंटर बिछावन महानारायण शुक्ला खौड़ा, पत्तल सुरक्षा में विजयपाल, सब्जी ढुलाई हरिशरण शर्मा, प्रसाद आपूर्ति काउंटर चेकिंग सुरेश गौतम, संत सेवा की जिम्मेदारी राकेश सिंह को सौंपी गई है। इसी तरह प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी अरुण पटेल, पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, बृजमोहन सिंह, बच्चा सिंह, अर्जुन सिंह, प्रेम सिंह, शिवनायक सिंह तथा श्रीपाल यादव को सौंपी गई है। तीन दिवसीय भंडारे का संचालन पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल संभालेंगे। जबकि वीआईपी आगंतुकों की अगुवानी राजेश द्विवेदी देखेंगे। यहां दिन में होने वाले नाटक तथा रात्रि में होने वाली श्री रामलीला के संचालन की जिम्मेदारी रज्जू तिवारी को सौंपी गई है। जबकि पंजीयन कक्ष, बिजली, टेंट, साउंड तथा अन्य विभाग आनंद स्वरूप द्विवेदी देखेंगे। मेला-प्रदर्शनी की जिम्मेदारी सुलेमान, सर्वेश तिवारी, नीमेश मिश्रा को सौंपी गई है। सभी श्रमदानी कार्य प्रभारियों को समय से अपने कार्य में लगने के निर्देश दिए गए हैं।

खाद किल्लत पर भड़का अन्नदाता का गुस्सा, एनएच पर लगाया जाम

सड़क पर जाम लगाए किसान।,

अतर्रा में जाम खुलवाते पुलिसकर्मी।

- मौके पर पहुंचे एसडीएम खुलवाया जाम, बंटवाई खाद

भास्कर न्यूज, अतर्रा (बांदा)। डीएपी खाद न मिल पाने से आक्रोशित किसानों ने सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम लगाकर प्रदर्शन किया। खाद की मांग जल्द पूरी न करने पर किसानों ने प्रशासन को अनशन की चेतावनी दी। आधा घण्टे से भी ज्यादा समय तक बांदा-प्रयागराज मार्ग बाधित रहा। राजमार्ग पर दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतार लगी रहीं। सूचना मिलने पर पहुंचे एसडीएम ने किसानों को समझा-बुझाकर बमुश्किल जाम खुलवाया और खाद वितरित करवाई। किसानों को गेहूं की बुवाई के लिये इन दिनों डीएपी खाद की आवश्यकता है। डीएपी के अभाव में किसान बुवाई न कर पाने से अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। क्रय विक्रय सहकारी समिति पर सोमवार को 400 बोरी खाद की जानकारी होने पर सैकड़ों की तादाद में किसानों का हुजूम टूट पड़ा। भारी तादाद में किसानों की मौजूदगी से केंद्र प्रभारी घबरा गया और वह ताला बंद कर वहां से भाग खड़ा हुआ, जिससे आक्रोशित किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम लगाकर अपना आक्रोश जाहिर किया। सूचना मिलने पर वहां पहुंचे उपजिलाधिकारी विकास यादव, इंस्पेक्टर अनूप दुबे ने भारी पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला। प्रदर्शन कर रहे किसानों को समझाते हुए किसी तरह हाई-वे से हटाया गया और डीएपी खाद का वितरण शुरू कराया गया। किसानों ने उपजिलाधिकारी विकास यादव को बताया प्राइवेट दुकानों में नकली खाद 1550 बोरी धड़ल्ले से बिक रही है। इस पर उन्होंने छापेमार कार्रवाई का आश्वासन देकर किसानों के लिए खाद उपलब्धत कराने का आश्वासन दिया।

खाद संकट को लेकर जौरही में भी लगा जामः खाद संकट को लेकर ही थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम जौरही में भी किसानों ने रोड जामकर आक्रोश व्यक्त किया। किसानों का कहना है कि इस बार गेहूं की बुवाई अतिवृष्टि के कारण पहले से ही लेट हो चुकी है, उस पर सरकार उन्हें खाद भी मुहैया नहीं करवा पा रही है। समिति में जो थोड़ी बहुत खाद की उपलब्धता भी होती है तो उस पर पूंजीपति पहले से डेरा जमा लेते हैं। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि समिति के माध्यम से खाद की कालाबाजारी की जा रही है। इसीलिये प्राइवेट दुकानों में महंगे दामों पर खाद बेची जा रही है। बाद में मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों को समझाकर जाम खुलवा दिया।

सार सुर्खियां

आधी सीटों पर पिछड़े वर्ग को तरजीह, दो पर आधी आबादी को मौका

शासन ने जारी किया नगर पालिका व नगर पंचायतों का आरक्षण

भास्कर न्यूज , बादा। नगर निकाय चुनाव में वार्डों की आरक्षण सूची के बाद शासन की ओर से जनपद की दो नगर पालिका परिषद व छह नगर पंचायतों के अध्यक्ष पदों के चुनाव के लिये सोमवार शाम सूची जारी कर दी। जनपद की सिर्फ दो नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद की सीटें अनारक्षित रखी गई हैं। जबकि एक नगर पालिका और एक नगर पंचायत की सीट पर आधी आबादी को अपनी किस्मत आजमाने का मौका मिलेगा, वहीं आधी सीटों पर पिछड़ा वर्ग को तवज्जो दी गई है। नगर निकाय चुनाव की रणभेरी बजने के बाद से ही चुनावी दंगल में कूदने को आतुर राजनीतिक दलों के दिग्गजों को जिस घड़ी का बेसब्री का इंतजार था, आखिरकार वह आ ही गई, लेकिन सीटों के आरक्षण ने राजनीति के धुरंधरों का गणित बिगाड़ कर रख दिया। कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं का यह भी मानना है कि आपत्तियों के निस्तारण के बाद अभी सीटों के आरक्षण में फेरबदल भी संभव है। शासन से जारी सूची के मुताबिक नरैनी व बिसंडा नगर पंचायत अध्यक्ष पर की सीटें अनारक्षित रखी गई हैं। बांदा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की सीट अन्य पिछड़ा वर्ग और अतर्रा नगर पालिका परिषद अनुसूचित जाति महिला के लिये आरक्षित की गई है। इसी तरह बबेरू व मटौंध नगर पंचायत में अध्यक्ष पद की सीट पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित है, जबकि तिंदवारी नगर पंचायत सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग महिला चुनाव लड़ सकेंगी। ओरन नगर पंचायत में अध्यक्ष पद की सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई है।

बढ़ते विकास को बताया मृदा स्वास्थ्य के लिये चिंता का विषय

मृदा संरक्षण, स्वास्थ्य और संवर्धन पर दिया गया जोर विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस पर मृदा संरक्षण को किया प्रेरित

भास्कर न्यूज, बांदा। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में विश्व मृदा दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ.नरेन्द्र प्रताप सिंह ने शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मृदा मनुष्य मात्र की जननी एवं कृषि का आधार है। इसलिये इसके संरक्षण, स्वास्थ्य व संवर्धन पर ध्यान देना न सिर्फ जरूरी बल्कि अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि बढ़ता हुआ विकास मृदा स्वास्थ्य के लिये चिंता का विषय है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के सेवा निवृत्त प्राध्यापक डॉ.आरपी त्रिपाठी ने मृदा की भौतिक संरचना को कैसे सुरक्षित रखें, इस पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिये हमें वैज्ञानिक स्तर पर संस्तुत तकनीकियों का उपयोग करना होगा। कृषि विष्वविद्यालय की मिट्टी में उपजाऊ क्षमता का जिक्र करते हुए कहा कि जैव विविधता बनाये रखना अति आवश्यक है। अधिष्ठाता कृषि डॉ.नरेन्द्र सिंह ने विश्व मृदा दिवस की शुरूआत क्यों और केसे हुई पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पीजी एवं पीएचडी के छात्रों ने पोस्टर प्रतियागिता में प्रतिभाग किया। उन्हें प्रमाणपत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में डॉ.जेके तिवारी, डॉ.अरविंद गुप्ता समेत कृषि विष्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भी बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

दोहरे हत्याकांड का एक और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

बबेरू के अमरहिया पुरवा में हुआ था दोहरा हत्याकांड

भास्कर न्यूज, बबेरू। एक माह पहले कोतवाली क्षेत्र के अमरहिया पुरवा में मामूली बात को लेकर हुए विवाद में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसमें आठ लोगों को नामजद किया गया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को तो मुठभेड़ के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया था। बाकी अन्य लोग फरार हो गए। धीरे-धीरे पुलिस ने पांच आरोपी गिरफ्तार कर लिए थे। छठवें आरोपी को सोमवार की सुबह बस स्टैंड से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। अमरहिया पुरवा निवासी छोटेलाल (55) पुत्र चुनुवा यादव और उसके भतीजे शारदा (50) पुत्र रामप्रसाद की चार नवंबर को पड़ोसी रामभजन ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद मुख्य आरोपी रामभजन को तो पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था। मृतक छोटेलाल के पुत्र हरीराम की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। एक के बाद एक करके पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। छठवें आरोपी की तलाश की जा रही थी। सोमवार की सुबह आरोपी भगवानदास पु मुनुवा यादव बस स्टैंड के पास कहीं जाने के लिए खड़ा हुआ था। तभी मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। बबेरू कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भक्तों के कल्याणार्थ भारतभूमि पर अवतरित होते श्रीहरि

भास्कर न्यूज, पैलानी। अतरहट में इन दिनों की श्रीश्री 1008 स्वामी महेशानंद तीर्थ दंडी स्वामी की मूर्ति के अनावरण अवसर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति की रसधार बह रही है। चौथे दिन कथा व्यास ने पं.कमल किशोर शुक्ल कहा कि श्रीहरि उसे उसी रूप में मिलते हैं, जिस रूप में लोग उन्हें देखते हैं। बाल रूप में भगवान श्रीकृष्ण यशोदा के लिये वात्सल्यता का प्रतीक हैं तो बृजवासियों में कोई उन्हें मित्र और सखा के रूप में देखते हैं तो कोई उन्हें पुत्र के रूप में। गोपियां उनकी मनमोहक छवि और मीठी मुस्कान में ऐसी खो जाती हैं कि उन्हें अपनी सुध-बुध भी नहीं रही। भगवान ने उन पर प्रेम की वर्षा की, जबकि कंस और उसकी सेना बाल रूप श्रीकृष्ण को शत्रु के रूप में देखते हैं। भगवान ने भी उसी अवस्था में उनका वध कर यमलोक पहुंचाने का काम किया। भगवान श्री कृष्ण व रुक्मणी विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कथा व्यास ने कहा कि कि रुकमणी ने श्रीकृष्ण को पहले कभी नहीं देखा था, फिर भी वह उन्हें अंतरात्मा से अपना पति स्वीकार कर चुकी थीं। वह उन्हें बहुत चाहती थी इसलिये जब रुकमणी का विवाह चेदिराज शिशुपाल से तय हुआ तो श्रीकृष्ण ने रुकमणी का हरण करके उनसे विवाह रचा लिया, क्योंकि श्रीहरि से तो किसी के भी मन की बात नहीं छिप सकती। इससे पूर्व कथा व्यास श्रीशुक्ल ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ ही माखन चोरी की अद्भुत कथा सुनाकर श्रद्धालु भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथा परीक्षित बालकृष्ण द्विवेदी इंजीनियर एवं सावित्री देवी ग्राम छिबांव कथा श्रवण कर रहे हैं। अतरहट गांव स्थित हनुमान कुटी में श्रीश्री 1008 डमरु स्वामी की वर्षगांठ पर श्रीश्री 1008 स्वामी महेशानंद तीर्थ दंडी स्वामी की मूर्ति प्रतिष्ठा की जा रही है। इस उपलक्ष्य में 8 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला छत से कूदी, मुख्यालय रेफर

भास्कर न्यूज-मौदहा। नगर के फत्तेपुर में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला ने अपने घर की छत से छलांग लगा दी जिसे सरकारी अस्पताल से गंभीर हालत में मुख्यालय रेफर कर दिया गया। नगर के फत्तेपुर निवासी सुधा 38 पत्नी काफी अर्से से मानसिक बीमारी से प्रभावित है जिसका ईलाज भी चल रहा है।

सोमवार की दोपहर सुधा ने अपने घर की छत पर छलांग लगा दी जिससे उसके गंभीर रूप से घायल होने पर उसके परिजनों ने उसे आनन-फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया
जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

बंटवारे को लेकर हुए विवाद के चलते दबंगों ने दंपत्ति को पीटा

भास्कर न्यूज़-राठ। कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके में प्लॉट के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के चलते तीन लोगों ने दंपति के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ति दंपति ने राठ कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध घटना की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। राठ कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके के निवासी सुरेश कुमार पुत्र जगदीश ने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि उसके परिवारीजन ब्रजेश व नरेश ने उसके हिस्से के खाली पड़े प्लॉट पर कब्जा कर लिया है। जब उसने उक्त लोगों से प्लॉट पर से कब्जा छोड़ने के लिए कहा तो वह लोग गाली गलौज करते हुए उसके साथ अभद्रता करने लगे। जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त दबंगों ने कुल्हाड़ी व लाठियों से हमलाकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसकी पत्नी उसे बचाने के लिए दौड़ी तो उक्त दबंगों ने उसकी पत्नी की भी पिटाई कर उसे घायल कर दिया। दबंगों के द्वारा की गई मारपीट पर उसे व उसकी पत्नी को शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। उसने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर तारा सिंह पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा घायल दंपत्ति का मेडिकल परीक्षण कराकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

फांसी पर लटका मिला युवक का शव

भास्कर न्यूज़-राठ। क्षेत्र के ग्राम जिगनी बिलगांव में स्थित खेतों में लगे आम के पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में 25 वर्षीय एक युवक का शव लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार राठ क्षेत्र के ग्राम जिगनी बिलगांव के निवासी जगभान सिंह पुत्र करन सिंह निषाद का शव आज गाँव के बाहर स्थित खेतों में लगे आम के पेड़ पर फांसी पर लटकता हुआ पाया गया। ग्रामीणों ने जब पेड़ पर युवक के शव को झूलता हुआ देखा तो परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक युवक जगभान के भाई शिवसिंह ने बताया कि उसका भाई जगभान दिल्ली में रहकर प्राइवेट गार्ड की नौकरी करता था तथा बीते 3 दिन पूर्व ही वह दिल्ली से वापस अपने गांव आया हुआ था।
उसके भाई ने अज्ञात कारणों के चलते फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।
मामले में चिकासी थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात कारणों के चलते 25 वर्षीय युवक जगभान ने गांव के बाहर स्थित खेतों में लगे आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

जानवर से टकराई तेज रफ्तार बाइक, तीन लोग हुए गम्भीर रूप से घायल

भास्कर न्यूज़-राठ। क्षेत्र के कछवा कला गांव के पास तेज रफ्तार बाइक के जानवर से टकराने पर बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे उसमें सवार तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के द्वारा इलाज हेतु राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर दो लोगों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार राठ क्षेत्र के पथखुरी गांव कन्या बीसल सिंह पुत्र भागीरथ, राकेश पुत्र भागीरथ व महेश पुत्र प्रहलाद जो कि किसी काम के लिए राठ से वापस अपने गांव पथखुरी जा रहे थे। तभी रास्ते में राठ क्षेत्र के कछवा कला गांव के पास एक के जंगली जानवर अचानक उनकी तेज रफ्तार बाइक से टकरा गया।

जिससे हुए हादसे में बाइक पर सवार बीसल सिंह, राकेश व महेश गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने आनन-फानन में उपचार हेतु राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर दो लोगों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

डा. अंबेडकर के निर्वाण दिवस की पूर्व संध्या पर भाजपाइयों ने की मूर्तियों की साफ सफाई

भास्कर न्यूज़-राठ। भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार आज बाबा भीमराव अंबेडकर जी के निर्वाण दिवस के पूर्व स्वच्छता अभियान के तहत अंबेडकर चैराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा की धुलाई एवं परिसर की स्वच्छता भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई। इस दौरान तमाम भाजपाई मौजूद रहे। भाजपा नगर महामन्त्री दीपू मुंशी ने बताया कि इसके पश्चात रविदास मंदिर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा को सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा धुलाई एवं परिसर की सफाई की गई एवं कल 6 दिसंबर को निर्वाण दिवस के अवसर पर बाबा साहब के विचारों को समाज में फैलाने हेतु गोष्ठी एवं श्रद्धा सुमन अर्पण का कार्यक्रम निश्चित किया गया है। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंबेडकर चैराहा कार्यक्रम संयोजक मनीष सोनी गुड्डू, सह संयोजक महेंद्र शर्मा गांधी,रविदास मंदिर कार्यक्रम संयोजक प्रेमचंद्र अनुरागी,सह संयोजक महेंद्र शुक्ला,जिला कार्यसमिति सदस्य बृजेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अमरजीत अरोरा,नीलेश अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल,संतोष परिहार, ज्योति गुप्ता नगर मंत्री,निशा भटनागर,अनीता शुक्ला,अनिल सोनी, मंगल एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के गौरा देवी निवासी रमाकांती पत्नी इंदल निषाद ने अपने लड़के को गाड़ी द्वारा टक्कर मार देने की तहरीर थाना कुरारा में दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कुरारा में दिए गए प्रार्थना पत्र में वादी रमाकांती पत्नी इंदल निषाद ने बताया कि मेरा लड़का सुबह सरसई से हमीरपुर आ रहा था। उसी समय तेज गति से आ रही स्कार्पियो के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल का इलाज सदर अस्पताल हमीरपुर में चल रहा है। टक्कर मारने के बाद स्कार्पियो चालक तेज गति से वाहन को भगा ले गया।

जिलाधिकारी ने जनपद में पांलीथीन कलेक्शन अभियान चलाने के दिये निर्देश

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा. चंद्रभूषण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शत प्रतिशत अन्ना गौवंशो को गौशालाओ में संरक्षित किया जाये। उन्हें किसी भी दशा में सड़कों पर खुला में न छोड़ा जाये। गौशालाओ में चारा, पानी, भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित की जायें। प्राइवेट लोगो के अन्ना सड़को में घूमने वाले पशुओं को कैटल कैचर के माध्यम से पकड़कर उन्हें गौशालाओ में रखा जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रकार के पेंशन लाभार्थियों यथा विधवा, दिव्यांग, वृध्दावस्था के आधार सीडिंग कराए जायें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत समय से लाभार्थियों को राशन बांटा जाए तथा रिक्त दुकानों का समय से व्यवस्थापन किया जाए। लाभार्थियों का शत प्रतिशत आधार सीड कराया जायें। पेंशन के पेंडिंग प्रकरणों का तत्काल सत्यापन कर लाभार्थियों को इससे लाभान्वित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सामुदायिक शौचालय क्रियाशील एवं जियोटैग होने चाहिए। सामुदायिक शौचालय किसी भी दशा में बंद नही होने चाहिए। कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जाए तथा इसके एक्टिवेशन का कार्य नियमित रूप से किया जाये। कोई भी पात्र परिवार आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे। नई सड़कों का निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। क्षतिग्रस्त सड़को को दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्राप्त शिकायतोंध आवेदनों की पेंडेंसी शीघ्र निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एटीकाकरण, 102 एंबुलेंस सेवा तथा 108 एंबुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कौशल विकास मिशन, स्वरोजगार संबंधित योजनाओ, ओडीओपी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में पांलीथीन कलेक्शन अभियान चलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होने ने पांलीथीन कलेक्शन में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

हमीरपुर। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीएम

रायगढ़ में झुलसे कस्बे के युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

- शव के घर आते ही परिजनों में मचा कोहराम

भास्कर न्यूज़-हमीरपुर। रायगढ़ छत्तीसगढ़ में रहकर किसी कंपनी में कार्य करने वाले कस्बे के दो युवक खाना बनाते समय गैस लीक कर जाने के कारण बुरी तरह से झुलस गये। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। सोमवार को शव कस्बे में आने पर परिजनों में कोहराम मच गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। कस्बे के दुग्ध डेयरी मार्ग में रहने वाले लवलेश 23 वर्ष, मुकेश 39 वर्ष रायगढ़ छत्तीसगढ़ की एनआर टीएमटी कंपनी में नौकरी करते थे। गत 23 नवंबर को यह रूम में खाना बनाते समय गैस लीकेज हो जाने से बुरी तरह से झुलस गए थे। गत शनिवार को लवलेश की उपचार के दौरान मौत हो गई। सोमवार को दोपहर में शव कस्बे में लाया गया। शव के घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। देर शाम युवक का कस्बे में ही अंतिम संस्कार किया गया। दूसरे युवक की भी हालत गंभीर बताई गई है। मृतक युवक दो भाइयों एवं दो बहनों में सबसे बड़ा था। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

हमीरपुर। मृतक के परिवार को ढांढस बंधाते महेश गुप्ता दीपू

डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। जिला निवाचन अधिकारी नगर निकाय/जिला मजिस्ट्रेट डा. चन्द्रभूषण की अध्यक्षता में डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में निर्वाचन अधिकारी/सहायक निर्वाचन अधिकारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना, नाम निर्देशन की संवीक्षा (स्क्रूटनी), अभ्यर्थन वापसी तथा निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन, र्निविरोध निर्वाचन, मतपत्र मत पेटियां, निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता तथा मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति आदि से संबंधित सभी बिन्दुओं पर गहनता के साथ प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी/सहायक निर्वाचन अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। जिससे निर्वाचन संबंधी कार्यो में किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। जिससे पारदर्शी निष्पक्ष नगर निकाय के चुनाव सम्पन्न कराये जा सके। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य नगर निकाय चुनाव से जुड़े अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

हमीरपुर। बैठक को सम्बोधित करते डीएम

बाबा निजामी उर्सरू कुल की फातहा के साथ चार दिवसीय उर्स का हुआ समापन

- उर्स में देर रात पहुंचे डीएम एसपी ने बेहतर व्यवस्थाओं का लिया जायजा तथा कव्वाली सुन हुए गदगद

भास्कर न्यूज-मौदहा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मौदहा क्षेत्र के कम्हरिया गांव में चल रहे बुंदेलखंड के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत हकीम अब्दुल्ला शाह बाबा निजामी रहमतुल्लाह अलैह के चार दिवसीय सलाना उर्स का सोमवार को कुल की फातहा के साथ समापन हो गया। उर्स के समापन के दिन भी मेला जायरीनों से खचाखच भरा रहा। वहीं सोमवार को सुबह बड़े कुल की फातहा में हज़ारो की संख्या में अकीदतमंद हाथ उठाये नजर आए और मुल्क में अमन-चैन की दुआएं मांगी। फातहा के बाद महफ़िल खाना में शानदार कव्वालियो का आयोजन हुआ जहां कव्वाली सुन श्रोताओं ने लाखों रुपयों की बारिश कर दी। उर्स के तीसरे दिन देर शाम मेला में पहुंचे जिलाधिकारी डॉ चंद्रभूषण त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने दल बल के साथ कम्हरिया मेले का जायजा लिया और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं बाबा की मजार में हाज़िरी लगाने पहुंचे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भी दुआएं मांगी और महफ़लि खाने में पहुंच बाबा के सज्जादानशीनों से मुलाकात कर उन्हें उर्स की बधाई दी और वहीं पर बैठ कर कव्वालियों का आनन्द लिया। जिसके बाद मेला परिसर का चारों ओर जायज़ा लिया और कमेटी द्वारा की गई व्यवस्था पर खुशी जाहिर की। उर्स में लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और बाबा के चाहने वालो की ओर से जगह जगह भारी लंगर का आयोजन किया गया।

हमीरपुर। महफ़लि ए कव्वाली में शामिल हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

कूड़ा कुडेदान में ही डाले: डा. सुरेश कुमार

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। ब्रजकिशोर गुप्ता जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार स्वक्षता अभियान के तहत संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा/ सभासद वार्ड 14 पत्नी डा. सुरेश कुमार कोरी ने वार्ड नं 5 व 3 नम्बर में महेंद्र सिंह गौतम सभासद वार्ड 5 व रोहित शर्मा चिकित्सा प्रकोष्ट भाजपा के साथ सफाई अभियान चलाया और साथ में वार्ड 5 व 3 के लोगो को जागरूप किया कि घर में जो कूड़ा निकले उसे कूड़े दान में डाले या नगर पालिका की गाड़ी आती है। उसमें डाले सूखा कचड़ा अलग रखे और गीला अलग रखे और बाहर रोड पर कूड़ा न फेके और अपने आस पास साफ सफाई रख्खे गंदगी फैलने से तमाम प्रकार की विमारिया फैलती है। बीमारियों से बचने के लिए घर में कूड़े के डिब्बे रखे और उसमें कूड़ा डाले और कूड़े के डब्बे को ढककर रखे। जिससे बीमारियां नही फैलेगी। उसके बाद अम्बेडकर पार्क में डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की साफ सफाई की और माल्यार्पण किया।

हमीरपुर। सफाई करते डा. सुरेश कुमार व अन्य

सार सुर्खियां

प्रयागराज ने जीती अंर्तजनपदीय जोनल क्रिकेट प्रतियोगिता

रोमांचक मुकाबले में मेजबान बांदा को आठ रनों से हराया
डीआईजी ने विजेता-उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया

बांदा। रोमांचक मुकाबले में प्रयागराज ने मेजबान बांदा को आठ रनों से पराजित करते हुए अंतर्जनपदीय जोनल क्रिकेट प्रतियोगिता जीत ली। प्रयागराज के कप्तान हाशिम मैन ऑफ द मैच व इसी टीम के अरविंद यादव मैन आफ द सिरीज चुने गये। चित्रकूटधाम पुलिस उप महानिरीक्षक ने विजेता और और उप विजेता टीम के साथ शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। पुलिस लाइन ग्राउंड में सोमवार को अतंर्जनपदीय जोनल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच मेजबान बांदा और प्रयागराज टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज ने 20 ओवर में 174 रन बनाए। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन की कप्तानी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए बांदा पुलिस की टीम ने शानदार तरीके से बैटिंग की। अंतिम तीन ओवर में बांदा को जीत के लिए 24 रन चाहिए थे, लेकिन अंतिम 2 ओवर में अप्रत्याशित रन आउट के की वजह से मेजबान बांदा के हाथों जीत दूर हो गई। बांदा टीम 166 रन ही बना पाई। आठ रनों से प्रयागराज मैच जीतकर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रयागराज के अरविंद ने मैन आफ दी सीरीज चुने गए। पूरी प्रतियोगिता के दौरान आलराउंडर प्रदर्शन करते हुए अपने बल्ले से 177 रन बनाए और 5 विकेट लिए। मार्च पास्ट के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। डीआईजी डा.विपिन कुमार मिश्र ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। विजेता और उप विजेता टीमों के अलावा शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को उन्होंने पुरस्कृत किया। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने सभी का आभार जताया।

प्रभावी पैरवी कर दहेज हत्या के आरोपी अभियुक्त को अधिकतम 10 वर्ष के कठोर करावास व 13,000 रुपये के अर्थदंड की दिलायी सजा

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। जनपद पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय में की गयी सार्थक पैरवी के फलस्वरूप 20 अप्रैल 2017 को थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर में पंजीकृत असं. 129/17 धारा 304बी, 498ए आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट में नामजद अभियुक्त संजय निषाद पुत्र दुब्बी निषाद निवासी भरुआ सुमेरपुर थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर को सजा दिलाई गई। इस अपराध में नामित अभियुक्त के विरूद्ध अभियोजन स्तर पर विवेचना में संपूर्ण साक्ष्यों का गहनता से संकलन किया गया। इसी के परिणाम स्वरूप उक्त अभियोग मे आरोपी को दोषी करार देते हुए न्यायालय द्वारा अधिकतम 10 वर्ष के जनपद हमीरपुर कठोर कारावास व 13,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी साथ ही 50,000 की धनराशि पीड़िता पक्ष को मुआवजे के रुप में देने का आदेश पारित किया गया।

पालिका की पिछड़ा वर्ग सीट घोषित होने से सवर्ण दावेदार मायूस

भास्कर न्यूज़-राठ। शाम को आरक्षण का परिसीमन घोषित होते ही कई दावेदार जो कि पिछड़ा वर्ग में नहीं आते अपने आपको बेहद मायूस समझ रहे हैं। पालिका अध्यक्ष पद की कुर्सी पर विराजने का सपना संजोए सभी दावेदार पिछले कई महीनों से बेहद विनम्र और खुले हस्त से पैसा खर्च कर रहे थे। उनको हर गम और खुशी में हर जगह देखा जा रहा था। कल ही स्वामी ब्रह्मानंद जी की शोभायात्रा में इन दावेदारों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और कुछ ने स्टाल भी लगवा दिए थे।परंतु दुर्भाग्य आज महिला पिछड़े वर्ग हेतु सीट घोषित होते ही सारे सवर्ण दावेदार बेहद उदास नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर पिछड़ा वर्ग के फिलहाल दो सशक्त उम्मीदवार दावेदार भूपेंद्र यादव और उमेश यादव के यहां खुशी का माहौल है। अब देखना है कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से कौन प्रत्याशी बनता है और किस जात का नगरपालिका अध्यक्ष पद का उम्मीदवार घोषित होता है। क्योंकि अभी तक यह सारे सामान दावेदार भाजपा से ही टिकट की दावेदारी कर रहे थे। जबकि उमेश और भूपेंद्र निर्दलीय चुनाव लड़ने का मूड बनाए हुए थे।

18 साल पूर्ण कर चुके मतदाताओं के बढ़ाये गये नाम

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण अभियान में हुए वृहद निरीक्षण आज विधानसभा पुनरीक्षण अभियान के तहत आर्य समाज महर्षि विद्या मंदिर हमीरपुर स्कूल में भाग संख्या 93 के बीएलओ अकबर अली के साथ विपिन कुमार शाह जियाउर रहमान खान विजय कुमार साहू ने अपने अपने बूथ पर परिवर्धन, विलोपन और संशोधन का कार्य किया। सुपरवाइजर दयाराम प्रजापति लेखपाल सदर व मतदाता हसन खान सैयद, उमर कमर अली, नौशाद खां, राम बिहारी शुक्ला, शाहिद अली आदि कई सम्मानित मतदाता भी उपस्थित रहे। बूथ पर उप निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व उप जिला अधिकारी सदर रविन्द्र सिह एवं शहर कोतवाल दुर्ग विजय सिंह ने निरीक्षण कर अनुशासन एवं शांति व्यवस्था परखी। इस अवसर पर बूथ लेवल अधिकारी अकबर अली ने बताया कि 18 साल पूर्ण कर चुके मतदाताओं के नाम बढाए गये है। वर्तमान मे निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची अद्यतन कर ली गयी है।

घर-घर जल योजना के तहत सम्बंधित खुली बैठक में करे प्रतिभागः डीएम

उरई जालौन। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पेयजल मिशन द्वारा संचालित घर-घर जल योजना के तहत जनपद के विभिन्न विकास खण्ड के अन्तर्गत संतृप्त राजस्व ग्रामों में घर-घर तक पाइप लाइन बिछाकर जल आपूर्ति सुनिश्चित कराई गयी है। इस पेयजल योजना का अनुरक्षण संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा सुनिश्चित कराया जाना है। इस के लिये यूजर चार्ज न्यूनतम 50/- रू० शासनादेशानुसार प्रति घर से लिया जाएगा जो इससे अधिक भी तय किया जा सकता है। इस यूजर चार्ज के कलेक्शन से ही ग्राम में पेयजल आपूर्ति के अनुरक्षण पर इसी मद से व्यय किया जाएगा। इस संबंधित खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड की संबंधित ग्राम पंचायत की खुली बैठक कराकर पेयजल आपूर्ति अनवरत एवं सुदृढ़ बनाये रखने हेतु एक कार्ययोजना का प्रस्ताव करायेगें तथा इसका अनुमोदन ग्राम पंचायत की ग्राम पेयजल समिति से करायेगें। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए पृथक-पृथक कार्य योजना बनाकर पेयजल समिति के अनुमोदन के उपरान्त कार्यवाही की एक प्रति इस कार्यालय को भी प्रेषित की जाय। इस ग्राम पेयजल योजना के रख-रखाव एवं आने वाली समस्या के निराकरण हेतु संबंधित ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव (ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत अधिकारी) उत्तरदायी होगे। हर घर नल जल योजना से संग्रह की गयी धनराशि तथा उस मद से अनुरक्षण पर व्यय की गयी धनराशि का विवरण ग्राम पंचायत द्वारा अनुरक्षित किया जाएगा। संबंधित उपजिलाधिकारी भी अपने परगना क्षेत्र के हर घर जल योजना से संतृप्त राजस्य ग्राम में आयोजित होने वाली किसी एक-दो जन चौपाल की खुली बैठक में प्रतिभाग करेगें और ग्राम पेयजल योजना के अनुरक्षण से संबंधित उक्त प्रस्ताव का नियमानुसार अनुमोदन करायेगें।

देश-विदेश

आज ही के दिन 1732 को भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के पहले गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स का जन्म हुआ था।

सारसुर्खियां

रूस में आग लगने से तीन की जान गई

मॉस्को। रूस के रियाजान शहर के पास एक हवाई अड्डा के पास ईंधन टैंकर में विस्फोट के कारण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। विस्फोट के कारण ईंधन ट्रक में आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस हादसे में नौ लोग घायल हुए, जिनमें से तीन लोगों की मौत हो गई। सुरक्षा एजेंसियां विस्फोट की वजह को लेकर जांच कर रही हैं।

एंथनी कोरोना संक्रमित

कैनबरा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस को कोरोना हो गया है। इस बात की जानकारी सोमवार को उन्होंने दी। सोशल मीडिया पर उन्होंने ट्वीट किया कि वह खुद को सबसे अलग रखेंगे और कोरोना के सभी नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने आगे लिखा कि वह घर से काम करना जारी रखेंगे। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि आज दोपहर मेरा नियमित पीसीआर परीक्षण हुआ, जिसका कोविड-19 के लिए सकारात्मक परिणाम आया है। मैं सबसे अलग रह रहा हूं और घर से काम करना जारी रखूंगा।

अर्जेंटीना में कोरोना

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना में पिछले सप्ताह में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पिछले सप्ताह में अर्जेंटीना में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में 12,609 की पुष्टि हुई थी, जो कि पिछले सप्ताह की तुलना में चार गुना ज्यादा है। जब देश में 3,323 पुष्ट मामले थे। अर्जेंटीना में कोविड-19 की मृत्यु दर पिछले दो सप्ताहों में एक समान बनी हुई है। अर्जेंटीना ने अक्टूबर में अपने खुद की बनाई कोरोना वैक्सीन के पहले चरण का परीक्षण पूरा कर लिया है।

जापान बर्ड फ्लू

टोक्यो। जापान के एची प्रान्त में बर्ड फ्लू फैलने के कारण करीब 310,000 मुर्गियां मारी जाएंगी। अधिकारियों ने कहा कि पिछले 11 सालों में यह पहला प्रकोप है। एची में एक फार्म पर कर्मचारियों ने अचानक बड़ी संख्या में मरी हुई मुर्गियां देखी। इन तेरह मरी हुई मुर्गियों में से छह बर्ड फ्लू से पीड़ित पाई गई। क्योदो के अनुसार, बर्ड फ्लू के प्रकोप के बीच कागोशिमा के प्रांत में 34,000 मुर्गियां मारी गईं।

हंगरी के डाउनटाउन बुडापेस्ट क्रिसमस के पहले आयोजित सांता रेस में भाग लेते प्रतिभागी। एजेंसी

दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन का निर्माण

- **आइंस्टीन के सिद्धांतों का होगा सटीक परीक्षण**

लंदन, एजेंसी। इक्कसवीं सदी की वृहत वैज्ञानिक परियोजनाओं में से एक स्क्वायर किलोमीटर एरे (एसकेए) का निर्माण चरण सोमवार से शुरू हो गया।



स्क्वायर किलोमीटर एरे (एसकेए) वर्ष 2028 में पूरा होने पर यह दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो टेलीस्कोप होगा। ब्रिटेन में मुख्यालय के साथ दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया तक में फैली यह सुविधा खगोल भौतिकी में सबसे बड़े प्रश्नों का हल खोजने में मदद करेगी। यह आइंस्टीन के सिद्धांतों का सबसे सटीक परीक्षण करेगा और यहां तक कि अतिरिक्त-स्थलीय जीवों की खोज भी करेगा। परियोजना का नेतृत्व करने वाले आठ देशों के प्रतिनिधिमंडल पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ मर्चिसन शायर और दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी केप के कारू में समारोहों में भाग ले रहे हैं। स्क्वायर किलोमीटर एरे ऑर्गनाइजेशन के महानिदेशक प्रो फिल डायमंड ने कहा कि यह वह क्षण है, जब यह वास्तविक हो रहा है। यह 30 साल की यात्रा रही है। पहले 10 साल अवधारणाओं और विचारों को विकसित करने के बारे में थे। दूसरे 10 साल प्रौद्योगिकी विकास करने में बिताए गए थे और फिर पिछला दशक विस्तृत डिजाइन, साइटों को सुरक्षित करने, सरकारों से सहमत होने के बारे में था, जो एक संधि संगठन (एसकेएओ) की स्थापना करें और परियोजना शुरू करने के लिए धन उपलब्ध कराएं। यह टेलीस्कोप को पृथ्वी से अरबों प्रकाश वर्ष दूर लौकिक स्रोतों से आने वाले बेहद हल्के रेडियो संकेतों का पता लगाने में सक्षम बनाता है, जिसमें बिग बैंग के बाद पहले कुछ सौ मिलियन वर्षों में उत्सर्जित सिग्नल भी शामिल हैं।

टेलीस्कोप में होंगी 200 छतरियां

टेलीस्कोप की प्रारंभिक वास्तुकला में 200 से कम परवलयिक एंटेना, या छतरियां, साथ ही साथ 131,000 द्विध्रुवीय एंटेना शामिल होंगे, जो क्रिसमस के पेड़ों की तरह दिखते हैं। इसका उद्देश्य सैकड़ों हजारों वर्गमीटर के प्रभावी संग्रहण क्षेत्र का निर्माण करना है। यह एसकेए को अद्वितीय संवेदनशीलता और संकल्प देगा, क्योंकि यह आकाश में लक्ष्यों की जांच करता है। यह प्रणाली मोटे तौर पर 50 मेगाहर्ट्ज से लेकर अंततः 25 गीगाहर्ट्ज तक की फ्रीक्वेंसी रेंज में काम करेगी।

'वुहान लैब से ही लीक हुआ था कोरोना'

चीन की वुहान लैब में काम कर चुके अमेरिका के एक वैज्ञानिक ने किया बड़ा खुलासा

- **मानव निर्मित ही था कोरोना का वायरस**

लंदन, एजेंसी। वैश्विक महामारी कोरोना के वायरस का जन्म चीन की वुहान लैब से हुआ और इसी लैब से यह वायरस लीक हुआ। इसकी पुष्टि वुहान लैब में काम कर चुके एक अमेरिकी वैज्ञानिक ने की है। उन्होंने खुलासा किया है कि कोरोना वायरस मानव निर्मित था।

चीन के वुहान की विवादित लैब के अमेरिकी वैज्ञानिक ने दावा किया है कि कोविड-19 एक मानव निर्मित वायरस था और यह इसी लैब से लीक हुआ था। अमेरिका स्थित शोधकर्ता एंड्रयू हफ के बयान के हवाले से बताया कि दो साल पहले वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (डब्ल्यूआईवी) से कोविड लीक हुआ था। यह लैब चीन सरकार द्वारा संचालित और वित्त पोषित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी विशेषज्ञ एंड्रयू हफ ने अपनी नई किताब 'द ट्रुथ अबाउट वुहान' में यह दावा किया है। हफ का दावा है कि यह महामारी अमेरिकी सरकार के चीन में कोरोना वायरस रिसर्च की फंडिंग के कारण हुई थी। उन्होंने अपनी किताब में दावा किया है कि चीन के गेन-ऑफ-फंक्शन प्रयोग पूरी सुरक्षा के साथ नहीं किए गए, जिसके कारण वुहान लैब में रिसाव हुआ।

गौरतलब है कि कोविड वायरस के मानव निर्मित होने व वुहान की लैब से फैलने को लेकर पहले भी दावे किए जा चुके हैं। हालांकि, चीन सरकार लगातार इन दावों का खंडन करती रही है। सरकारी अधिकारियों और लैब कर्मचारियों दोनों ने इस बात से इंकार किया है कि वायरस की उत्पत्ति इसी लैब में हुई है।

नहीं थे जोखिम प्रबंधन के इंतजाम

शोधार्थी एंड्रयू हफ ने ताजा पुस्तक में दावा किया है कि इस लैब में उचित जैव सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन के इंतजाम नहीं थे। इसी वजह से वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में की प्रयोगशाला से कोविड वायरस का रिसाव हुआ। वायरसल के लीक होने के बाद लैब में मौजूद सभी लोगों को क्वारंटाइन कर दिया गया, लेकिन फिर भी यह वायरस फैल गया। बाद में इस लैब को नष्ट कर दिया गया।

सबसे पहले अमेरिका ने किया था दावा

चीन की वुहान लैब से ही कोरोना का वायरस लीक हुआ, इस बात का खुलासा सबसे पहले अमेरिका ने ही किया था। वैज्ञानिक हफ ने 2014 से 2016 तक इकोहेल्थ एलायंस में काम किया है। हफ ने कहा कि गैर-लाभकारी संगठन ने कई वर्षों तक वुहान लैब को अन्य प्रजातियों पर हमला करने के लिए चमगादड़ों को तैयार किया। इन्हें कोविड संक्रमण फैलाने में सक्षम बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी सरकार चीनी लैब को खतरनाक जैव प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की दोषी है।

उ. कोरिया ने जापान की ओर दाग दिये 130 गोले

- **दोनों देशों में तनाव में हुआ और इजाफा**

सियोल, एजेंसी। उत्तर कोरिया ने 2018 के अंतर कोरियाई सैन्य समझौते का उल्लंघन करते हुए जापान के सागर और पीले सागर की ओर करीब 130 गोले दागे। हालांकि इससे कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव में और ज्यादा इजाफा हो गया है।

योनहाप न्यूज एजेंसी ने सोमवार को संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के हवाले से बताया कि उत्तर कोरिया ने स्थानीय समयानुसार कांगवोन प्रांत में कुमगांग काउंटी और दक्षिण ह्वांगहे प्रांत में जांगसन केप से करीब दो बजकर 59 मिनट पर गोले दागे। समाचार एजेंसी के अनुसार गोले समुद्री बफर जोन में गिरे। यह एक वास्तविक समुद्री सीमा है, जिसे 2018 में निर्धारित किया गया था। जेसीएस ने उत्तर कोरियाई पक्ष को संदेश भेजकर अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते का उल्लंघन करने वाले उकसावों को तत्काल बंद करने की मांग की है। एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया की सेना अमेरिका के सहयोग से उत्तर कोरिया की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

वहीं, दक्षिण कोरिया का कहना है कि हाल के हफ्तों में उत्तर कोरिया ने मिसाइल लॉन्च और सैन्य अभ्यास में तेजी की है. सियोल और वॉशिंगटन के मुताबिक, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन अपने देश का सातवां परमाणु परीक्षण करने के करीब हैं. गौरतलब है कि उत्तर कोरिया पिछले कुछ माह से लगातार मिसाइलों का परीक्षण कर रहा है।

फारुक अब्दुल्ला फिर से नेकां अध्यक्ष

- **कुछ दिन पहले ही पद से दिया था इस्तीफा**

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेस (नेकां) ने सोमवार को पार्टी अध्यक्ष के रूप में फारुक अब्दुल्ला को फिर से निर्विरोध चुन लिया गया।

पार्टी अध्यक्ष पद के लिए किसी भी अन्य उम्मीदवार के नामांकन दाखिल नहीं किया था। ऐसे में सोमवार को पार्टी के प्रतिनिधियों ने ध्वनि मत से डॉ. फारूक अब्दुल्ला को फिर से पार्टी अध्यक्ष चुना लिया। इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सांसद फारूक अब्दुल्ला को बधाई दी है।

अब्दुल्ला (85) को पार्टी के संस्थापक शेख अब्दुल्ला के मकबरे के पास नसीम बाग में आयोजित पार्टी के प्रतिनिधि सत्र में सर्वसम्मति से पार्टी का फिर से अध्यक्ष चुन लिया गया। अब्दुल्ला ने कहा कि वह अध्यक्ष के रूप में बने रहने के इच्छुक नहीं है, लेकिन मेरी पार्टी के लोगों ने जोर देकर कहा कि मैं इस महत्वपूर्ण समय पर छोड़ कर नहीं जा सकता। इसलिए मैं पार्टी के सहयोगियों की बात मानने के लिए सहमत हो गया, लेकिन मेरा उन्हें सुझाव है कि पार्टी का नेतृत्व करने के लिए अगली पीढ़ी को तैयार करना चाहिए।

अब्दुल्ला ने पिछले महीने पार्टी नेताओं को सूचित किया कि वह अध्यक्ष के रूप में बने रहने के इच्छुक नहीं है।

बस पलटने से 21 यात्री हुए घायल

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के थुरल क्षेत्र में एक निजी बस के पलटने से 21 यात्री घायल हो गए जिनमें 10 की हालत गंभीर है। थुरल से तीन किलोमीटर दूर चूला में एक निजी के पास पालमपुर-सुजानपुर सड़क पर एक निजी बस पलट गई। बस नाले पर बनी पुलिया से टकरा गई और पहाड़ी से टकराकर सड़क पर पलट गई। हादसे के समय बस में चालक-परिचालक समेत 21 लोग सवार थे।

कविता ने सीबीआई से मांगी दूसरी तारीख

शराब घोटाला

- **पूछताछ के लिये कविता को दिया गया था नोटिस**

हैदराबाद। टीआरएस एमएलसी के. कविता ने सोमवार को दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीबीआई से 10 दिसंबर के बाद उनसे पूछचाछ करने का समय देने का आग्रह किया है।

सीबीआई ने कविता को दिल्ली शराब घोटाला मामले में 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे पहुंचने के लिए नोटिस जारी किया था।

राघवेंद्र वत्स, शाखा प्रमुख/डीआईजी सीबीआई एसीबी, दिल्ली को लिखे एक पत्र में, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने कहा कि मेरे व्यस्त कार्यक्रम के कारण आपके प्रस्ताव के अनुसार 6 दिसंबर को मिलने की स्थिति में नहीं हूं। मैं इस महीने की 11, 12, 14 या 15 तारीख को आपसे मिल सकती हूं। आपके हैदराबाद दफ्तर में या मेरे आवास पर जो भी आपके लिए सुविधाजनक हो, कृपया जल्द से जल्द इसकी पुष्टि करें।

सीबीआई ने शुक्रवार शाम कविता को ई-मेल के माध्यम से नोटिस जारी करते हुए कहा कि हम आपकी सुविधा के अनुसार हैदराबाद या दिल्ली में आपके आवास पर पूछताछ के लिए आपके पास आ रहे हैं, लेकिन उन्होंने सीबीआई को सूचित किया कि वह अपने हैदराबाद आवास पर उनके अधिकारियों से मिलेंगी। ईडी ने गुरुग्राम के कारोबारी अमित अरोड़ा को गिरफ्तार किया था, जिसने कविता का नाम लिया था।

अधिवक्ता का किरदार निभाएंगे मनोज

बॉलीवुड हलचल

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी ने अपनी आने वाली कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। मनोज बाजपेयी इस फिल्म में अधिवक्ता का किरदार निभाएंगे।

मनोज बाजपेयी कई प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं। मनोज वाजपेयी ने अपनी आने वाली कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म की शूटिंग को पूरा कर लिया है। मनोज बाजपेयी ने अपने इस कोर्ट रूम ड्रामा प्रोजेक्ट की शूटिंग पूरी होने की जानकारी इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा कर दी है, जिसमें वह एक वकील की तरह कोर्ट में खड़े होकर अपनी दलीलें देते हुए दिख रहे हैं। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर मनोज वाजपेयी ने लिखा कि और इस शूटिंग को खत्म कर लिया है। इस कोर्ट ड्रामा फीचर फिल्म का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है और इस फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और भानुशाली स्टूडियो द्वारा किया गया है।

'मिर्जापुर 3' में खुलेंगे कई राज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अली फजल अपनी आने वाली फिल्म मिर्जापुर 3 की शूटिंग पूरी होने पर भावुक हो गए। सीरीज के तीसरे पार्ट में कई राज खुलेंगे। अली फजल ने मिर्जापुर 3 की पूरी टीम के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर जानकारी दी है कि इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। अली फजल ने इमोशनल नोट लिखते हुए कहा कि इस सीजन का सफर उनके लिए बहुत अलग और शानदार रहा है। अली फजल ने लिखा कि ये मैसेज मेरी सबसे प्यारी टीम के लिए है। मिर्जापुर की दुनिया में आपके द्वारा लाए गए प्यार और कड़ी मेहनत के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मिर्जापुर सीजन 3 का सफर मेरे लिए बहुत अलग और शानदार रहा है, लेकिन आपको पता होना चाहिए कि मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैं और गुड्डू पंडित उन सेट्स पर काम करने वाले व्यक्ति से प्रेरणा हासिल करते हैं। यह इस सीरीज के बाकी दो सीजन का एक्सपीरियंस भी मेरे लिए कुछ ऐसा ही था।

'फ्रेड्डी' को लेकर में चर्चा में हैं कार्तिक



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन हर भाषा की फिल्म में काम करना चाहते हैं। कार्तिक आर्यन इन दिनों फिल्म 'फ्रेडी' को लेकर चर्चा में है। कार्तिक आर्यन के पास कई और फिल्में है। इसी बीच कार्तिक आर्यन ने दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में काम करने की इच्छा जाहिर की है। कार्तिक आर्यन हर भाषा की फिल्म करने के इच्छुक हैं। कार्तिक ने कहा कि वह नहीं चाहते कि फिल्ममेकर्स उनके अलावा किसी और को देखें और उन्हें लगता है कि वह उस मुकाम तक पहुंच रहे हैं। मैं किसी भी भाषा में फिल्में करने के लिए तैयार हूं, लेकिन ये बात पूरी तरह से स्क्रिप्ट पर निर्भर करती है।

महाराष्ट्र के मंत्री नहीं करें कर्नाटक में प्रवेश

- **सीएम बसवराज बोम्मई ने जारी की चेतावनी**

हुबली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर महाराष्ट्र के मंत्री मौजूदा परिस्थितियों में राज्य में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं तो उनकी सरकार उचित कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी।

बोम्मई ने कहा कि अगर महाराष्ट्र के मंत्री राज्य में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं, तो संबंधित अधिकारियों को उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया है।" उन्होंने कहा कि वही कार्रवाई, जो पहले की गई थी, इस बार भी की जाएगी। बोम्मई ने कहा कि स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मौजूदा परिस्थितियों में महाराष्ट्र के मंत्रियों का दौरा उचित नहीं था। उनके दौरे से राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा होगी। इसके बावजूद, महाराष्ट्र के मंत्रियों का कर्नाटक आने का फैसला सही नहीं है। इस स्थिति में महाराष्ट्र के मंत्रियों का दौरा उकसावे की कार्रवाई है। इसके अलावा यह लोगों की भावनाओं को भड़काने जैसा होगा। मैं इस संबंध में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से बात करूंगा।

अहमदाबाद में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में वोट डालने के लिये पैदल जाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

चुनाव आयोग पर उठाए कई सवाल, चुनाव में अनियमितताओं की शिकायतों पर नहीं की जा रही है कोई कार्रवाई

प्रधानमंत्री के पैदल मार्च पर कांग्रेस का एतराज

- **कांग्रेस प्रत्याशी पर हमले का आरोप**

नई दिल्ली। गुजरात में सोमवार को दूसरे चरण में वोट देने जाते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैदल मार्च पर कांग्रेस ने सख्त आपत्ति जताते हुए चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि गुजरात में प्रधानमंत्री वोट देने निकलते हैं और इस दौरान वह ढाई घंटे तक पैदल मार्च करते हैं, जिसका सीधा प्रसारण होता है, लेकिन चुनाव आयोग इस पर चुप्पी साध लेता है। इससे पहले कांग्रेस प्रतिनिधियों ने आयोग को गुजरात में चुनाव के दौरान कई अनियमितताओं की जानकारी दी है, लेकिन लगता है कि जैसे आयोग दबाव में काम कर रहा है, इसलिए वह चुप्पी साधे हुए है।

उन्होंने कहा कि आयोग हर बात को हवा में उड़ा रहा है। उनका कहना था कि कांग्रेस विधायक कांतिभाई खराड़े ने आयोग को सूचना दी थी कि उनको खतरा है, इसलिए उन्हें सुरक्षा दी जानी चाहिए, लेकिन आयोग इस पर भी चुप्पी साधे हुए है। खराड़े पर हमला हुआ तो जान बचाने के लिए जंगल में छिप गये, लेकिन इस शिकायत पर भी आयोग चुप है।

प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल चुनाव में की जा रही गड़बड़ियों की शिकायत को लेकर आयोग से मिलने गया, लेकिन पांच दिन बाद उन्हें मिलने का टाइम दिया गया। कांग्रेस ने आयोग से शिकायत की थी कि भाजपा चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन आयोग ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया और न किसी को नोटिस दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव प्रचार के समय प्रचार करते हैं और उसका प्रचार लाइव चलता है। उनका कहना था कि चैनलों को इस लाइव का बिल भाजपा को भेजना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि भाजपा को 93 प्रतिशत इलेक्ट्रोरल बौंड मिल रहे हैं तो चैनलों को भी लाइव करने का पैसा मिलना चाहिए।

आयोग को माफ नहीं किया जा सकता

कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि वह जिस तरह का काम कर रहा है उसे माफ नहीं किया जा सकता है। गुजरात में नशाबंदी है, लेकिन भाजपा गाड़ियों में भरकर शराब बांटती है। इसके वीडियो आयोग को भेजे गये, लेकिन इस पर कोई ध्यान आयोग नहीं देता है। पैदल मार्च का मामला गंभीर है और इससे लोकतंत्र का दुरुपयोग हो रहा है। इसलिए कांग्रेस इस बारे में कानूनी विशेषज्ञों की भी राय ले रही है।

आज ही के दिन 1956 में भारतीय राजनीति के मर्मज्ञ, विद्वान शिक्षाविद् और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का निधन हुआ था।

सारसुर्खियां

इंग्लैंड ने सेनेगल को दी करारी शिकस्त

अल खोर। इंग्लैंड ने फीफा विश्वकप 2022 के सुपर-16 मुकाबले में सेनेगल को 3-0 से रौंदकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। अल बैत स्टेडियम पर रविवार को खेले गये एकतरफा मुकाबले में जॉर्डन हेंडरसन (38वां), हैरी केन (45+3वां) और बुकायो साका (57वां) ने विजेता टीम के गोल किये। इंग्लैंड ने शुरुआती पलों में सेनेगल के खिलाफ थोड़ा संघर्ष किया। पहली बार इंग्लैंड का सामना कर रही सेनेगल ने भी शुरुआती पलों में दो बार बढ़त हासिल करने के मौके बनाये, लेकिन इंग्लैंड ने पहला हाफ खत्म होने से पहले दो गोल करके मैच का रुख पलट दिया। दूसरे हाफ में साका के गोल ने इंग्लैंड और फ्रांस के बीच क्वार्टरफाइनल मुकाबला सुनिश्चित किया। यह किसी अफ्रीकी टीम के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार 21वीं जीत है। इंग्लैंड का सामना रविवार को क्वार्टरफाइनल में फ्रांस से होगा। इस मुकाबले पर फुटबॉल प्रेमियों की नजरे टिकी हुई हैं। यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

फ्रांस ने पोलैंड टीम को 3-1 से हरा दिया

दोहा। फ्रांस ने कतर में चल रहे फुटबॉल विश्व कप के तीसरे क्वार्टर फाइनल में पोलैंड को 3-1 से हरा दिया। गत चैंपियन ने आसानी से इस मैच को जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। उसके लिए युवा स्टार किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल (74वें और 90+1वें मिनट) किए। वहीं, अनुभवी ओलिवर जिरूड ने 44वें मिनट में गोल कर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा 52 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पूर्व दिग्गज थिएरी हेनरी को पीछे छोड़ा। फ्रांस ने कुल नौवीं बार विश्वकप के अंतिम आठ में जगह बनाई है। इसके साथ ही फ्रांस ने 1982 के विश्वकप में तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में पोलैंड से मिली 2-3 की हार का हिसाब 40 वर्ष बाद चुकता कर लिया। पोलैंड की ओर से एकमात्र गोल इंजरी टाइम में मिली पेनाल्टी पर कप्तान रॉबर्ट लेवांडोवस्की (90+9वें मिनट) ने किया। उधर, इंग्लैंड भी अगले चरण में पहुंच गया है।

कतर के अल खोर में अल बायत स्टेडियम में फीफा विश्वकप के दौरान इंग्लैंड के डेक्लान राइस से बॉल छीनने का प्रयास करता सेनेगल का खिलाड़ी, मैच में जीत के साथ इंग्लैंड क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर गया। एजेंसी

विश्वकप में शेफाली होंगी भारत की कप्तान

अंडर-19 महिला

- **श्वेता सहरावत को बनाया उपकप्तान**

यह होगी विश्वकप महिला टीम

शेफाली वर्मा (कप्तान), श्वेता सहसरावत (उपकप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी त्रिशा, सौम्या तिवारी, सोनिया मेंढिया, हर्ले गाला, हर्षिता बसु (विकेटकीपर), सोनम यादव, मन्नत कश्यप, अर्चना देवी, पारशवी चोपड़ा, तीता साधु, फलक नाज, शबनम एमडी। अतिरिक्त खिलाड़ीः शिखा, नजला सीएमसी, यशश्री।

मुंबई। भारत की 18 वर्षीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले पहले अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी।

शेफाली सितंबर 2019 में वरिष्ठ टीम की ओर से पदार्पण करने के बाद दो टेस्ट, 21 वनडे और 46 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। शेफाली ने 46 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 134.52 के स्ट्राइक रेट और 24.24 की औसत से 1091 रन बनाये हैं। न्यूजीलैंड महिला विकास टीम के खिलाफ पांच टी-20 मैचों में भारत की अगुवाई कर रही श्वेता सहरावत को विश्वकप के लिये उपकप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर ऋचा घोष को भी 15-सदस्यीय स्क्वाड में जगह दी गई है। वह शेफाली के अलावा ऐसी दूसरी खिलाड़ी हैं, जो सीनियर टीम के लिये खेलने के बाद अंडर-19 विश्वकप टीम में आई हैं।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि शेफाली टी-20 विश्वकप से पहले दक्षिण अफ्रीका में मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 शृंखला में भी अंडर-19 टीम की अगुवाई करेंगी। यह सीरीज 27 दिसंबर को शुरू होगी और सभी मुकाबले प्रिटोरिया के टुक्स ओवल में खेले जाएंगे।

भारत को अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप-डी में मेजबान दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात और स्कॉटलैंड के साथ रखा गया है।

भारत अभियान की शुरुआत 14 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करेगा। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 27 जनवरी को पोटचेफस्ट्रूम में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला भी इसी मैदान पर 29 को आयोजित होगा।

पाक ने इंग्लैंड के आगे टेके घुटने

रोमांचक पहले टेस्ट मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने पाकिस्तान को 74 रनों से हराया

- **343 रनों के जवाब में 268 पर हो गई आउट**

रावलपिंडी, एजेंसी। पहले टेस्ट मुकाबले में पाकिस्तान ने इंग्लैंड के आगे घुटने टेक दिये। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में जेम्स एंडरसन (36/4) और ओली रॉबिनसन (50/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 74 रन से मात दी।

इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 343 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में पाकिस्तान 268 रन पर ऑलआउट हो गई। बेन स्टोक्स की टीम ने यह ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिये पूरे मैच में आक्रामकता का प्रदर्शन किया। पहली पारी में 78 रन की बढ़त हासिल करने के बाद स्टोक्स ने चौथे दिन 264 रन पर पारी घोषित कर दी। बाबर की टीम ने इसके जवाब में पांचवें दिन चाय तक पांच विकेट के नुकसान पर 257 रन बना लिये, लेकिन आखिरी सत्र में एंडरसन-रॉबिनसन की जोड़ी ने महत्वपूर्ण विकेट निकाले और पाकिस्तान की बाकी टीम 11 रन के अंदर सिमट गई। पाकिस्तान ने पांचवें दिन की शुरुआत 80/2 के स्कोर से की और उसे जीत के लिये 263 रनों की आवश्यकता थी। इंग्लैंड ने पहले सत्र में दबाव बनाकर इमाम उल हक (48) को आउट किया, लेकिन इसके बाद सऊद शकील और मोहम्मद रिज़वान ने पाकिस्तान की पारी संभाल ली। शकील और रिज़वान ने चौथे विकेट के लिये 87 रन की साझेदारी की।

शायद यह हमारी सबसे बड़ी जीत : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट में हराने के बाद सोमवार को कहा कि यह विदेशी सरजमीन पर शायद इंग्लैंड की सबसे बड़ी विजयों में से एक है। आज हम भाग्यशाली रहे कि गेंद रिवर्स स्विंग हुई। जेम्स एंडरसन और ओली रॉबिन्सन आज शानदार थे। हम बाहर आने से लगभग आठ मिनट पहले जीते होंगे।

22 वर्ष बाद जीता टेस्ट मुकाबला

इंग्लैंड की टीम पिछले 17 सालों में सुरक्षा कारणों से कोई टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही थी। इंग्लैंड पाकिस्तान के खिलाफ उसके घर में 22 साल बाद कोई टेस्ट जीत सका है। पिछली बार इंग्लिश टीम ने पाकिस्तान में साल 2000 में टेस्ट जीता था। तब तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में कराची में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया था और 1-0 से सीरीज अपने नाम की थी। इंग्लैंड ने पाकिस्तान में 25 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से तीन में जीत हासिल की है, जबकि चार में हार का सामना करना पड़ा है। 18 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

पैरा बैडमिंटन में भारत को छह स्वर्ण समेत 14 पदक

- **पेरू में भारतीयों को शानदार प्रदर्शन**

लिमा, एजेंसी। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सुकांत कदम की अगुवाई में भारत ने पेरू पैरा-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय 2022 में छह स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य सहित कुल 14 पदक जीतकर अपना अभियान समाप्त किया।

कदम ने पुरुष एसएल4 श्रेणी के फाइनल में सिंगापुर के ची ह्योंग एंग को 21-14, 21-15 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि नेहल गुप्ता ने पुरुष एसएल3 फाइनल में फ्रांस के मैथ्यू थॉमस को 21-16, 21-14 से मात दी।

कदम ने जीत के बाद कहा कि मैं परिणाम से वास्तव में खुश हूं। मैं कड़ी ट्रेनिंग कर रहा हूं। मेरा साल अच्छा रहा है और मुझे उम्मीद है कि अगले साल भी इसी तरह की निरंतरता बनी रहेगी। महिला वर्ग में नित्या सुमति सिवन और मनदीप कौर ने एसएच6 और एसएल3 एकल वर्ग में खिताब जीते। नित्या ने जहां मेजबान पेरू की गिउलियाना पोवेदा फ्लोरेस को 21-6, 21-13 से हराया, वहीं मनदीप ने यूक्रेन की ओक्साना कोजिना को 21-11, 21-11 से मात दी।

नेहाल और ब्रेनो जोहान की पुरुष युगल जोड़ी ने रेनजो डिकेज बांस मोरालेस और पेड्रो पाब्लो डी विनेता की पेरू जोड़ी को 21-16 21-13 से हराकर सोना जीता। दूसरी ओर, पारुल परमार और वैशाली नीलेश पटेल की महिला युगल जोड़ी ने पेरू की केली एडिथ एरी एस्क्लांते और मनदीप को 21-17 21-19 से हराया।

विकेटकीपर की भूमिका को तैयार: राहुल

- **जरूरत होगी तो निभाऊंगा किरदार**

ढाका, एजेंसी। भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल ने कहा है कि वह एकदिवसीय क्रिकेट में जरूरत पड़ने पर विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने के लिये तैयार हैं।

राहुल ने बंगलादेश के खिलाफ पहले वनडे में एक विकेट की हार के बाद कहा कि हमने पिछले छह-सात महीनों में ज्यादा एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन अगर आप देखेंगे तो 2020-21 में मैंने एकदिवसीय क्रिकेट में विकेटकीपर की भूमिका निभाते हुए चौथे-पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी की है।

राहुल ने कहा कि यह एक ऐसी जिम्मेदारी है, जिसके लिये टीम ने मुझे तैयार रहने के लिये कहा है। मैं यह पहले भी कर चुका हूं, और टीम में जब भी इसकी जरूरत होगी, मैं यह किरदार निभाऊंगा। वह टी-20 विश्वकप के बाद से अपने खेल पर काम कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रन बनाकर अच्छा महसूस कर रहे हैं। टी-20 विश्वकप में राहुल का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जहां वह छह में से चार पारियों में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके और 21.33 की औसत से कुल 128 रन बनाये।

मेजबानी की बोली वापस लेगा भारत

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एएफसी एशियाई कप 2027 की मेजबानी के लिये बोली वापस लेने का फैसला किया है। समिति ने कहा कि बड़े आयोजनों की मेज़बानी उसकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। एएफसी एशियाई कप 2027 जैसे बड़े आयोजनों की मेजबानी से पहले हमारा ध्यान देश में उचित फुटबॉल संरचना की बुनियाद खड़ी करने पर केंद्रित है।

झटका: आलराउंडर लिविंग्सटन हुए चोटिल

- **पाकिस्तान के साथ नहीं खेले सकेंगे अगला टेस्ट**

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियम लिविंग्सटन दाहिने घुटने की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट शृंखला से बाहर हो गए हैं।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को बताया कि लिविंग्सटन को पहले टेस्ट के दूसरे दिन फील्डिंग करते हुए घुटने में चोट आई थी। वह रिहैब के लिये मंगलवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। इंग्लैंड ने फिलहाल अन्य दो टेस्ट मैचों के लिये लिविंग्सटन की जगह किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है।

अपना पहला टेस्ट खेल रहे लिविंग्सटन ने पहली पारी में नौ रन का योगदान दिया, जबकि दूसरी पारी में वह दौड़ते हुए संघर्ष करते नजर आये और पारी घोषित होने से पहले नाबाद सात रन का योगदान दे सके। इंग्लैंड दूसरे टेस्ट के लिये मार्क वुड को टीम में बुला सकता है। वुड अपने कूल्हे की चोट के कारण पहले टेस्ट के लिये अपनी फिटनेस साबित करने में नाकाम रहे थे। दूसरी ओर, 18 वर्षीय स्पिनर रेहान अहमद भी इंग्लैंड के सबसे युवा टेस्ट खिलाड़ी के रूप में पदार्पण कर सकते हैं।

एचडीएफसी का राष्ट्रीय रक्तदान अभियान

- **देश भर में आयोजित होंगे 5.5 हजार शिविर**

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक 9 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान आयोजित करेगा। वार्षिक अभियान एचडीएफसी बैंक के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम हैजटैग परिवर्तन के तहत स्वास्थ्य सेवा की अग्रणी पहल अपने 14वें वर्ष में है। भारत भर के 1,150 शहरों में 5,500 से अधिक केंद्रों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड, ऑपरेशंस भावेश झवेरी ने कहा कि चिकित्सा देखभाल दाताओं से रक्त की निरंतर आपूर्ति पर निर्भर करती है, क्योंकि अस्पताल में प्रवेश करने वाले सात लोगों में से एक को रक्त की आवश्यकता होती है। चिकित्सा पेशेवरों ने पुष्टि की है कि यदि कोविड और अन्य सामान्य सावधानियां बरती जाती हैं तो रक्तदान करना सुरक्षित है। इस शुक्रवार अपने नज़दीकी रक्तदान शिविर में रक्तदान कर हम अपने आसपास के समुदायों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने के लिए समाज में अपना छोटा सा योगदान दें। अखिल भारतीय रक्तदान अभियान इस दिशा में हमारा ईमानदार प्रयास है।

ईएसआईसी को दी निवेश की अनुमति

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अपनी अतिरिक्त निधियों को घरेलू शेयर बाजारों में निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा कि अपेक्षाकृत कम लाभ अर्जित करने वाली निधियों से अधिक लाभ लेने और निवेश में विविधता लाने के लिए ईएसआईसी ने एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों में सीमित तरीके से शेयर बाजारों में अधिशेष निधियों के निवेश के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की। प्रारंभिक निवेश पांच प्रतिशत से शुरू होगा और दो तिमाहियों की समीक्षा के बाद धीरे-धीरे 15 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।

जिंदल स्टेनलेस की रिन्यू पावर के साथ भागीदारी

- **ऊर्जा क्षेत्र को लेकर किया गया समझौता**

नई दिल्ली। जिंदल स्टेनलेस ने सोमवार को ओड़िशा के जाजपुर में स्थित अपने संयंत्र के लिए एक यूटिलिटी-स्केल की निजी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना हेतु नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी रिन्यू पावर के साथ समझौते किया।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि परियोजना के तहत सालाना 70 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन पवन तथा सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के मिश्रण के ज़रिये किया जाएगा। उच्च क्षमता उपयोग कारक वाले इस नवोन्मेषी पवन-सौर ऊर्जा के मिश्रित समाधान से अनुबंधित क्षमता की प्रति यूनिट ऊर्जा का उल्लेखनीय रूप से अधिक मात्र में उत्पादन होने की उम्मीद है। रिन्यू पावर इसके साथ बिज़नेस-टू-बिज़नेस दायरे में अपना चौबीसों घंटे आपूर्ति का समाधान लेकर आ रही है, जिसकी शुरुआत यूटिलिटी कंपनियों के लिए पिछले साल की थी। इसके अलावा, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की इस सबसे बड़ी कंपनी के साथ भागीदारी से जिंदल स्टेनलेस के लिए अपेक्षित निष्पादन संबंधी निश्चितता भी आएगी।

नई दिल्ली में सतत खेती के लिए मृदा स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर।

वैश्विक स्तर पर मिले सकारात्मक संकेतों के बाद भी घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों ने बरती अधिक सतर्कता

अधिकांश घरेलू समूहों में बिकवाली से रहा दबाव

- **छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली**

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू स्तर अधिकांश समूहों में बिकवाली होने से शेयर बाजार सोमवार को दबाव में रहा। जिससे बीएसई का सेंसेक्स मामूली टूट गया। वहीं, निफ्टी में मामूली बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई का सेंसेक्स 33.90 अंकों की गिरावट लेकर 62834.80 अंक पर रहा, जबकि एनएसई का निफ्टी 4.95 अंक की मामूली बढ़त लेकर 18701.05 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली देखी गई। जिससे बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत बढ़कर 26349.10 अंक पर और स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत बढ़कर 29986.30 अंक पर रहा।

बीएसई के अधिकांश समूह गिरावट में रहे, जिसमें हेल्थकेयर 0.47 प्रतिशत, एनर्जी 0.17 प्रतिशत, आईटी 0.36 प्रतिशत, टेलीकॉम 0.27 प्रतिशत, ऑटो 0.31 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.12 प्रतिशत, टेक 0.29 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बढ़त में रहने वालों में धातु 2.37 प्रतिशत, रियलटी 0.74 प्रतिशत, बैंक 0.46 प्रतिशत, वित्तीय सेवायें 0.35 प्रतिशत, और कमोडिटी 0.85 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई में कुल 3794 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिसमें से 2111 बढ़त में, जबकि 1486 गिरावट में रहे, जबकि 197 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर जर्मनी के डैक्स के 0.47 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख सूचकांकों में तेजी देखी गई। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.28 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 4.51 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.76 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.15 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स करीब तीन अंकों की मामूली गिरावट लेकर 62865.28 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 62939.63 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा और इस दौरान बिकवाली के दबाव में यह 62507.88 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 62868.50 अंक की तुलना में 33.90 अंक अर्थात 0.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 62834.80 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 15 बढ़त में, जबकि 15 गिरावट में रही।

निफ्टी की 23 कंपनियों को नुकसान

एनएसई का निफ्टी 23 अंकों की बढ़त के साथ 18719.55 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 18728.60 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। इस दौरान यह बिकवाली के दबाव में 18591.35 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 18696.10 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत अर्थात 4.95 अंक बढ़कर 18701.05 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 27 हरे निशान में, जबकि 23 लाल निशान में रही।

राजनंदिनी ने बनाई विस्तार की योजना

नई दिल्ली। राजनंदिनी मेटल्स ने एनएसई को सूचित किया है कि कंपनी ने कारोबार के विस्तार की दृष्टि से बावल आईएमटी, हरियाणा में लगभग 55000 वर्ग मीटर फीट की ज़मीन खरीदी है।

कंपनी का अनुमान है कि कारोबार में 400 करोड़ रुपये या अधिक (वार्षिक) और लाभप्रदता में 20 करोड़ रुपये या अधिक (वार्षिक) की वृद्धि होगी साथ ही यह नई अधिग्रहीत भूमि पर निर्माण गतिविधि पहले ही शुरू हो चुकी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 में 1000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार देखा साथ ही कोविड की स्थिति के बावजूद 63 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसकी पूरे भारत में पहुंच है और 15 देशों में कई खरीदारों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ संबंधों का पोषण करके व्यापार का दायरा बढ़ा रहा है।

गो फर्स्ट ने ईज़मायट्रिप के साथ किया करार

- **सेवाओं का किया जाएगा प्रचार, खोलेंगे ऑफिस**

नई दिल्ली। विमानन कंपनी गो फर्स्ट ने ऑनलाइन टेक ट्रैवेल प्लेटफॉर्म ईज़मायट्रिप के साथ एक विशेष 'जनरल सेल्स करार' किया है।

कंपनी ने कहा कि इसके तहत इसी महीने से सऊदी अरब में यात्री टिकटों और अन्य सेवाओं का प्रचार एवं मार्केटिंग की जाएगी। पश्चिमी एशिया के सबसे बड़े यात्रा बाजारों में से एक के साथ लाभकारी वाणिज्यिक सम्बंध और पकड़ बनाने के लिये ईज़मायट्रिप सऊदी अरब के दम्मम और रियाध तथा दूसरी जगहों पर एक स्वतंत्र ब्राण्डेड ऑफिस खोलकर और एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करते हुए गो फर्स्ट के परिचालन का विस्तार करेगी। यह बड़े यात्रा बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया एक प्रयास होगा। तीन साल की यह विशेष भागीदारी वाली डील दोनों ब्रांड को सऊदी अरब में अपनी सेवाओं का विस्तार करने का मौका देगी। ईज़मायट्रिप और उसकी व्यापक पहुंच, मार्केटिंग की विस्तृत मध्यस्थताएं और स्थानीय लोगों के बारे में जानकारी सऊदी के पर्यटकों और लोगों को अनुकूल स्कीमें देने में गो फर्स्ट की मदद करेगी, जिससे उनका अनुभव और बेहतर होगा। इसके अलावा, यह भागीदारी आस-पास के सभी ट्रैवेल एजेंट्स के लिये उस वक्त ईज़मायट्रिप से एक पर्चेज सर्किट बनाना जरूरी करेगी, जब वे सऊदी अरब से गो फर्स्ट के टिकट खरीदेंगे।

निराशा के समान दूसरा पाप नहीं। आशा सर्वोत्कृष्ट प्रकाश है तो निराशा घोर अंधकार है।
- रश्मिमाला

दवा प्रकरण: इस कांड का मास्टर माइंड कहां?

पुलिया नंबर नौ के आउटर पर गिराए थे एसएलआर से दवा के पैकेट?

- छह माह पहले चोरी किए गए थे दवा के पैकेट
- पांच आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल
- घटनास्थल क्यों बदला गया?

झाँसी। रेल सुरक्षा बल और आरपीएफ की खुफिया एजेंसी ने छह माह पहले तमिलनाडु एक्सप्रेस के रियर एसएलआर से दवा के पैकेट गिराने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें चार आरोपी पुलिया नंबर नौ के है। इन्हीं आरोपियों ने पुलिया नंबर नौ आउटर पर दवा के पैकेट गिराए थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश किया। वहां से उनको जेल भेजा गया।

वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन से भोपाल की ओर जाने वाले ट्रेनों से लगजेवान सील तोड़कर माल गिराने वाला गिरोह काफी दिनों से सक्रिय हो गया था। यह गिरोह आए दिन किसी न किसी ट्रेन की लगेजवान सील तोड़कर माल गिरा रहा था। इनमें दवा के पैकेट के अलावा कपड़े आदि सामान भी शामिल था। बताते हैं कि 24 जून की रात तमिलनाडु एक्सप्रेस दिल्ली से चलकर भोपाल की ओर जा रहा था। जैसे ही यह ट्रेन भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंची तो पता चला कि इस ट्रेन के रियर एसएलआर की सील टूटी है। पैकेट भी गायब है। इस घटना की जानकारी झाँसी रेल मंडल के आरपीएफ अफसरों को दी गई थी। जानकारी मिलते ही आरपीएफ अफसर व एजेंसियां सक्रिय हो गई थी। बताया गया है कि तमिलनाडु एक्सप्रेस ललितपुर रेलवे सेक्शन के पास जीरोन रेलवे स्टेशन पर धीमी हुई थी। शंका थी कि माल यहां पर गिराया गया है।

उधर, ललितपुर और वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन की आरपीएफ टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था। घटनास्थल को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। इस मामले की जानकारी प्रयागराज आरपीएफ अफसरों को हुई तो उन्होंने जांच के आदेश दिए थे। जांच आरपीएफ की खुफिया एजेंसी कर रही हैं। वहीं, घटनास्थल को लेकर आरपीएफ ललितपुर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद आरपीएफ ने माल गिराने वाले बदमाशों की तलाश शुरु की। इस दौरान चोरी के मामले में चार युवकों के व रिसीवर के नाम प्रकाश में आए थे। बीती रात आरपीएफ और आरपीएफ खुफिया एजेंसी ने पुलिया नंबर नौ निवासी सकील उर्फ बबलू, साजिद उर्फ साजू, शाहरुख उर्फ छोटे, मोहम्मद कादिर और भूपेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक कार्टून मेडिसन जिसमें 144 नग भरे हुए थे बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों को अदालत में पेश किया। वहां से उनको जेल भेजा गया।

आरपीएफ की खुफिया एजेंसी कर रही थी जांच

आरपीएफ के अफसरों के निर्देश पर आरपीएफ की खुफिया एजेंसी दवा मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान कुछ दिनों पहले भूपेंद्र, सकील और मिनर्वा चौराहा के पास स्थित मेडिकल स्टोर के एक संचालक को पकड़ा था। पूछताछ हुई थी। पूछताछ के बाद तीनों को छोड़ दिया था।

गिरफ्तारी में आरपीएफ ललितपुर क्यों शामिल नहीं?

आरपीएफ और आरपीएफ खुफिया एजेंसी ने पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी ललितपुर आरपीएफ थाने से दिखाई है। जीआरपी सर्विलांस टीम को शामिल भी कर लिया है लेकिन ललितपुर आरपीएफ स्टॉफ को क्यों शामिल नहीं किया गया है?। यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इससे स्पष्ट है कि घटनास्थल झाँसी का है इसलिए इसमें आरपीएफ और आरपीएफ खुफिया एजेंसी शामिल हुई है। इस तरफ आरपीएफ अफसरों ने भी ध्यान नहीं दिया है। चर्चा यह है कि आरपीएफ में आपसी समन्वय नहीं है, इसलिए तालमेल ठीक नहीं चल रहा है।

साहब, हमारे पति को ही क्यों फंसाया गया?

साहब, हम तो गरीब है, हमारे पति को ही क्यों फंसाया गया है। हमारे पति ने मिनर्वा चौराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा खरीदी थी। दवा खरीदते समय दुकान के संचालक ने कुछ नहीं बताया था। दवा ले जाकर बेच दी। इसमें उनके पति का क्या लेना देना था। महिला ने बताया है कि चोरों ने भी माल को मिनर्वा चौराहा स्थित मेडिकल स्टोर पर ही बेचा था। जिसका मेडिकल स्टोर है, उसको पकड़ा भी था, बाद में उसे छोड़ दिया गया। इसमें कहीं न कहीं आरपीएफ की भूमिका संदिग्ध है।

किसी को नौनंबर तो किसी को ग्वालियर से उठाया था

आरपीएफ ने अच्छा गुडवर्क तो किया मगर अब बुरी तरह फंसती नजर आ रही हैं। जिन लोगों ने पुलिया नंबर नौ आउटर के पास माल गिराया था, उन लोगों को पुलिया नंबर नौ से ही उठाया है। इसी तरह एक अभियुक्त को ग्वालियर से उठाया गया है। इस मामले में पुलिया नंबर नौ के एक आरोपी की मां ने डीजीपी आरपीएफ समेत अन्य अफसरों से शिकायत भी की है। इसकी गोपनीय स्तर से जांच की जा रही है।

कई सालों से सक्रिय था यह गिरोह

पकड़े गए पुलिया नंबर के चारों अभियुक्तों ने एक गैंग तैयार कर लिया था। इस गैंग ने पुलिया नंबर नौ आउटर के पास ही माल गिराने का स्थान चिन्हित कर लिया था। इस स्थान से गुजरने वाली ट्रेनों से माल गिराने का सिलसिला जारी है। दवा पैकेट के पहले भी यहां पर कई बार माल गिराया गया था। इसकी जानकारी यहां की आरपीएफ और आरपीएफ की खुफिया एजेंसी को अच्छी तरह से हैं, मगर चोरों को पकड़ने में दिलचस्पी काफी कम ही नजर आती हैं। वर्तमान स्थिति में आरपीएफ के अंदर तालमेल की कमी नजर आ रही हैं।

जीआरपी सर्विलांस से मिलती हैं आरपीएफ को मदद

आरपीएफ ने जितने भी गुडवर्क किए हैं। इनमें अधिकांश मामले में जीआरपी सर्विलांस ने ही आरपीएफ और आरपीएफ खुफिया को सफलता मिली हैं। इनमें चाहे मोबाइल फोन चोर शामिल हैं। इसके अलावा अन्य मामले भी शामिल हैं, अगर जीआरपी सर्विलांस आरपीएफ की मदद न करें तो यह लोग एक भी गुडवर्क नहीं कर सकते हैं।

संघर्ष सेवा समिती ने बहन का कराया नि :शुल्क श्रंगार

झाँसी। कभी-कभी मुँहबोले रिश्ते वो काम कर जाते हैं जो आपके सगेवाले भी नही कर पाते। ऐसा ही हजारों बहनों के जीवन की रक्षा का संकल्प लिए वरिष्ठ समाज सेवी संघर्ष सेवा समिति संस्थापक/अध्यक्ष डा. संदीप सरावगी ने एक बार फिर से मानवता की मिशाल पेश की। बहन रश्मि पुत्री स्व. राकेश श्रीवास निवासी गुलाम गोस खां पार्क नाले का बाग), के सिर से पिता का साया पहले ही उठ चुका था। लेकिन पिता की कमी को पूरा करते हुए बड़े भाई के स्वरूप में डा. संदीप सरावगी ने बहन रश्मि को उनके विवाह पर कलर्स ब्यूटी पार्लर के सहयोग से बहन रश्मि का निःशुल्क श्रंगार किया गया। सर्वप्रथम बहन सिखा को कलर्स ब्यूटी पार्लर के मालिक रूपेश कुदरिया,रचना कुदरिया के सहयोग से श्रंगार एवं दुल्हन के जोड़े में तैयार किया गया। इसके पश्चात डॉ.संदीप सरावगी द्वारा बहन रश्मि के पैर पखारे गए इसके पश्चात बहन को उपहार भेंट की। इस पल को याद करते हुए बहन रश्मि भावुक हुई पिता को याद करते हुए बहन रश्मि ने कहा कि आज मुझे पिता स्वरूप बड़े भाई मिले हैं डा. संदीप सरावगी जैसा भाई दुनिया में हर बहन को मिले यही मेरी ईश्वर से कामना है। वहीं इस मौके पर डा. संदीप सरावगी ने कहा की बहनो की जीवन की रक्षा करने हेतु में संकल्पित हूं और जब भी किसी बहन को मेरी जरूरत महसूस हो। उनका भाई डा. संदीप सरावगी व संघर्ष सेवा समिति सेवा में तत्पर रहेगी। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से जिला अध्यक्ष अजय राय, सुशांत गेंडा, बसंत गुप्ता, राकेश अहिरवार, राजू सेन, संदीप नामदेव, नीलू रायकवार, मनीष श्रीवास्तव, उदय प्रताप सिंह आदि सदस्य मौजूद रहे।

स्मार्ट हेल्थ सेन्टर का भूमि पूजन



झाँसी। झाँसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड राशि रु0 1864 करोड़ की लागत से निर्माण की जाने वाली स्मार्ट हेल्थ सेंटरपरियोजना का भूमि पूजन सांसद झाँसी- ललितपुर अनुराग शर्मा, एमएलसी झाँसी- ललितपुर- जालौन श्रीमती रमा निरंजन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लिमिटेड पुलकितगर्ग की उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

परियोजना के क्रियान्वयन के लिये राशि रु0 1864 करोड़ का आवंटन कार्यदायी संस्था को किया जा रहा है। परियोजना पूर्ण होने के उपरान्त आवंटन राशि कार्यकारणीं संस्था को निर्धारित समय में वापिस कर दी जायेगी एवं बिल्डिंग और सारी मशीनों का स्वामित्व झाँसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड का रहेगा। स्मार्ट स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक फार्मेसी और डायग्नोस्टिक्स की सुविधा है।

वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन पर बवाल

- प्लेटफार्म व स्टेशन परिसर में भिड़े एमबीए और बीबीए के छात्र
- काफी देर तक चला बवाल, जीआरपी के पहुंचने पर एमबीए के छात्र भागे

झाँसी। वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन पर दोपहर के समय एमबीए के छात्रों ने जमकर बवाल किया। एमबीए के छात्र व बाहर से बुलाए गए लड़कों ने बीबीए की छात्र व छात्राएं की बेरहमी से पिटाई की। प्लेटफार्म से लेकर स्टेशन परिसर में जमकर हंगामा किया। इस घटना में बीबीए के दो छात्रों के सिर में गंभीर चोटें आई है। सूचना मिलते ही जीआरपी स्टॉफ मौके पर पहुंचा तो एमबीए के छात्र व फोन पर बुलाए गए छात्र बाइकों पर सवार होकर रफू चक्कर हो गए। इस घटना को लेकर बीबीए के छात्रों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के एमबीए और बीबीए छात्र-छात्राओं का एक दल माउंट टाबू, उदयपुर आदि स्थानों पर भ्रमण करने गया था। भ्रमण के दौरान टूर मैनेंजर भी शामिल थे। सोमवार को दोपहर के समय यह दल उदयपुर इंटरसिटी से जैसे ही झाँसी रेलवे स्टेशन पहुंचा तो टूर मैनेंजर के सामने ही एमबीए के छात्रों ने बीबीए की छात्राओं से दुर्व्यहार करना शुरु किया। इसका छात्रों ने विरोध किया, तभी एमबीए के छात्रों ने मोबाइल फोन पर अपने साथियों को स्टेशन पर बुला लिया। जैसे ही बीबीए के छात्र प्लेटफार्म से होकर स्टेशन परिसर में पहुंचे तो वहां पहले ही खड़े दर्जनों छात्रों ने प्रियंक ओझा, आदर्श और हर्ष यादव की बेरहमी से पिटाई की। बेल्टों से पीटा। पिटाई करने का विरोध बीबीए की छात्राओं ने किया तो उनके साथ भी धक्का मुक्की भी की गई, लेकिन टूर मैनेंजर वहां पर मूकदर्शक बने देखते रहे।

इस बवाल की जानकारी मिलते ही जीआरपी का स्टॉफ वहां पहुंचा तो एमबीए के छात्रों के कहने पर आए लड़के बाइकों पर सवार होकर रफू चक्कर हो गए। मौके पर एमबीए के तीन छात्रों को पकड़ लिया। जीआरपी स्टॉफ एमबीए और बीबीए के छात्रों को पकड़कर थाने ले गए। इसकी जानकारी छात्रों के परिजनों को दी गई। छात्र के परिजन भी जीआरपी थाने पहुंच गए मगर बुविवि के स्टॉफ के लोग वहां नहीं पहुंचे। इसको लेकर छात्र-छात्राओं के परिजनों ने आपत्ति दर्ज की है।

लोगों का कहना है कि इस घटना के लिए बुविवि का स्टॉफ पूरी तरह से दोषी हैं। इस तरह की घटनाएं टूर के समय भी हो चुकी हैं। कुछ एमबीए के छात्रों ने बीबीए की छात्राओं के साथ दुर्व्यहार भी किया। अश्लील बातों का प्रयोग किया हैं लेकिन टूर ले जाने वाला स्टॉफ शांत रहा है। जीआरपी का कहना है कि घायल छात्रों का डॉक्टरी परीक्षण भी कराया गया है। इसकी जांच की जा रही हैं। जांच में जो भी दोषी छात्र पाया जाएगा तो उसके नाम बुविवि प्रशासन के पास भेजे जाएंगे, ताकि इस प्रकार के छात्र घटना की पुनरावृत्ति न कर सके।

शराब के अवैध अड्डों पर दबिश, हजारों लीटर लहन नष्ट

झाँसी। आबकारी और पुलिस विभाग की टीम ने शराब के अवैध अड्डों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान हजारों लीटर लहन नष्ट किया गया। मौके से चार सौ लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। इस कार्रवाई से शराब का अवैध कारोबार करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, उप आबकारी आयुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, व सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन-1 व 2 के निर्देशन में शिशुपाल सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 01, मधुसूदन शुक्ला आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन 01 व पुलिस थाना रक्सा की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब निर्माण/बिक्री के दृष्टिगत ग्राम गुढ़ागांव मजरा ढीमरपुरा में व हर्ष बाबू आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 व पुलिस थाना उल्दन की संयुक्त टीम द्वारा डेरा सेकरा एवं पलरा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान उक्त स्थलो से 400 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। इसके अलावा 4700 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्रवाई को लेकर शराब का अवैध कारोबार करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

यूपी सरकार ने तैयार किया बुंदेलखंड में अदरक की खेती को बढ़ावा देने का रोडमैप

- बुंदेलखंड के कृषि विशेषज्ञों से मशवरा लेकर तैयार होगी कार्ययोजना
- उद्यान विभाग कार्ययोजना बनाने में किसानों से भी ले रहा सलाह

झाँसी। उत्तर प्रदेश सरकार बुंदेलखंड में अदरक की पैदावार का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है। सरकार इस क्षेत्र में अदरक की पैदावार से जुड़े किसानों को प्रोत्साहित करेगी। झांसी के बरुआसागर की अदरक उत्पादन के प्रमुख केंद्र के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि रही है। सरकार उन समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कर रही है, जिनके चलते अदरक उत्पादन के क्षेत्रफल में कमी आयी। इन समस्याओं के निराकरण की कार्ययोजना तैयार कर सरकार किसानों की मदद करेगी।

पैदावार बढ़ाने को विशेषज्ञ जुटा रहे जानकारी

उत्तर प्रदेश सरकार ने कुछ समय पहले उद्यान विभाग को इस बात के निर्देश दिए थे कि अदरक उत्पादन का क्षेत्रफल बढाने को लेकर कार्ययोजना तैयार करें। झांसी में उद्यान विभाग द्वारा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों से विभिन्न तरह की जानकारियां जुटाई गई। जनपद के किसानों से भी अदरक की पैदावार से जुड़ी समस्याओं की जानकारी हासिल की जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक वर्तमान समय में झांसी में लगभग 800 एकड़ क्षेत्रफल में अदरक की पैदावार होती है जबकि किसी समय में इससे तीन से चार गुना क्षेत्रफल में पैदावार हुआ करती थी।

लागत, सब्सिडी पर हो रहा मंथन

अदरक उत्पादन के क्षेत्रफल विस्तार के लिए लागत, सब्सिडी, रुझान, संसाधन, प्रोसेसिंग, बिक्री जैसे विभिन्न जरूरी मसलों पर विमर्श कर इन्हें कार्ययोजना में शामिल किया जा रहा है। झांसी के जिला उद्यान अधिकारी प्रशांत सिंह ने बताया कि सरकार के निर्देश पर अदरक के उत्पादन के क्षेत्र विस्तार के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। किसानों की समस्याओं को दूर कर बेहतर किस्म के अदरक के बीज उपलब्ध कराना, सब्सिडी की व्यवस्था सहित विभिन्न जरूरी विषयों पर किसानों और विशेषज्ञों की राय लेकर शासन को अवगत कराया जा रहा है।

सार सुर्खियां

अब आज का समय में एकल आय पर निर्भर न रहें: ब्रजेश पाण्डेय

बुविवि में म्यूचुअल फंड कारोबार पर वर्कशॉप आयोजित हुई

झाँसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल व अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में म्यूचुअल फंड कारोबार पर वर्कशॉप आयोजित हुई, वर्कशॉप में निवेशक जागरूकता पर छात्र - छात्राओं को विषेश जोर दिया गया, यूटीआई म्युचुअल फंड के मुख्य प्रबंधक ब्रजेश पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को म्युचुअल फंड के बारे में प्राथमिक स्तर से जानकारी दी, कैसे वो सुरक्षित निवेश म्युचुअल फंड में कर सकते हैं और अपनी आय को कैसे बड़ा सकते हैं।

इस दौरान अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो सीबी सिंह ने कहा हमारे विभाग का हमेशा प्रयास रहता है, कि छात्रों को किताबों के ज्ञान के साथ-साथ बाहरी दुनिया से भी अवगत कराया जाय। कार्यक्रम के आयोजक व ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ संदीप अग्रवाल ने बताया की सेल का प्रयास है की इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को म्यूचुअल फंड मैं उनके करियर की संभावना से अवगत करवा कर रोजगार हेतु उपयोगी स्किल्स को कैसे विकसित किया जाय। इस दौरान डॉ अतुल गोयल, डॉ शभुनाथ सिंह, डॉ फुरकान मलिक, नैन्सी खैरा,छोटूराजा, कुलदीप,प्रशांत, शिवेश समेत एमकॉम व एमबीए के छात्र - छात्राएं मोजूद रहे।–

कई खुराफाती तत्व चिह्नित, चुनाव में होंगे पाबंद

झाँसी। जिला प्रशासन के साथ पुलिस ने भी निकाय चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने कई खुराफाती तत्वों को सूचीबद्ध करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में अब तक जिले में ऐसे खुराफाती तत्व चिह्नित किए गए हैं, जिन्हें नोटिस जारी कर मजिस्ट्रेटों के स्तर से पाबंद किया जाएगा। एसएसपी राजेश एस के स्तर से अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ व थाना प्रभारियों को निर्देशित कर जिले भर के अराजक तत्वों की यह सूची तैयार कराई जा रही है। अब तक कई लोगों को इस सूची में शामिल किया गया है। इस सूची को मजिस्ट्रेटों के समक्ष भेजकर नोटिस जारी करा कर पाबंद कराया जाएगा। पुलिस की योजना है चुनाव से ठीक पहले ऐसे लोगों पर शिकंजा कस दिया जाए। जिससे चुनाव के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी, झगड़ा फसाद आदि न हो। पूर्व के चुनावों में फसाद करने वालों को चिह्नित किया जा रहा है। उन पर पैनी नजर रखी जा रही है, ताकि ऐसे शरारती तत्व संवेदनशील झाँसी में आने वाले चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी न कर सकें। इसके अलावा पुलिस स्तर से चुनाव को ध्यान में रखते हुए थाना वार असलहों व ऐसे अपराधियों की सूची भी तैयार की जा रही है, जो वर्तमान में जेल से बाहर हैं। उनकी गतिविधियों पर एक बार फिर से बीट सिपाही की मदद से अपडेट लिया जा रहा है। ऐसे अपराधियों पर पुलिस ने फोकस बढ़ा दिया है। असलहों को जमा कराया जाएगा। एसएसपी बताते हैं कि चुनाव को लेकर काम शुरू कर दिया गया है। किसी भी कीमत पर चुनाव शांतिपूर्वक ढंग से कराने के लिए कमर कस ली है। थाना प्रभारी से लेकर अन्य अधिकारियों को भी काम पर लगाया गया है।

मनुष्य को गीता के उपदेशो को अपने जीवन में उतारना चाहिए

झाँसी। लायंस क्लब झांसी विकास के चार्टर अध्यक्ष लायन जय किशन प्रेमानी की अध्यक्षता मे सामूहिक गीता पाठ का आन लाइन आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नीतीश भारद्वाज व कार्यक्रम सहोजक टीम के द्वारा सभी को गीता के 17 श्लोकों का पाठ आन लाइन कानपुर से सीधे प्रसारण गोपाल दास एंड संस के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रीराम कानपुर प्रान्त के मार्गदर्शन मै एवं दिनेश पाठक के अनुरोध पर लाइव प्रसारण किया गया। इस ऑनलाइन आयोजन में मौजूद एच.एन.शर्मा,अशोक बिलगैंया, ,रोहित, बंसी प्रेमानी,,नेहा झा,माला मेहरोत्रा,विजय मित्तल, कैलाश अग्रवाल मनीष वेद प्रकाश अग्रवाल जीत मिश्रा माला मल्होत्रा आदि की झाँसी से व कानपुर सै उमेश पालीवाल, डा,नीतीश भारद्वाज, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मार्गदर्शन नगर कार्यवाहक तरितेश शर्मा का प्राप्त हुआ। आयोजन का संचालन जयकिशन प्रेमानी ने किया। एवं अंत मै वसुधा प्रेमानी के द्वारा सभी आगंतुकों को एक एक भागवत गीता भेंट स्वरुप प्रदान की गयी। साथ ही गीता के उपदेशों को अपने जीवन में उतारने का वचन लिया गया। अंत में आभार आशुतोष अहिरवार ने किया।

आम दल निषाद पार्टी का शिक्षण प्रशिक्षण किया



झाँसी। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी का शिक्षण प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम धमनोड़ में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष इं.अशोक रायकवार ने पार्टी की विचारधारा को बताते हुए और पार्टी कैसे मजबूत की जाए। इसके बारे में ग्राम के हरगांव के घर में निषाद पार्टी का नारा कैलेंडर एवं प्रतिदिन महाराजा निषादराज की आरती करने और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी करने को कहा। इस अवसर राजेश रायकवार, प्रदीप कश्यप, रमेश रायकवार, अमित रायकवार, नारायण, रानू, रामू, बृजकिशोर, प्रीतम, अनिल, जितेन, कल्लू, राजू, टीकाराम, दयाशंकर, गुरु परिहार, बृजमोहन, राजेश, हरिओम सोनी, सोनू एवं माता बहना उपस्थित रहे।

संस्थापक प्रधान संपादक स्व. महेश प्रसाद अग्रवालः दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी एवं सम्पादक संजय कुमार अग्रवाल के लिये प्रकाशक, मुद्रक रमेश चन्द्र तिवारी द्वारा इम्प्रेसन्स प्रिन्टिंग एण्ड पैकेजिंग लि. 14-15, इण्डस्ट्रियल एस्टेट, ग्वालियर रोड, झांसी (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 31, रानी महल झांसी से प्रकाशित। फोन-2440550 आर.एन. आई. नं. 4645/58, डाक पंजीकरण संख्या-42/09 जनवरी 2013 समाचार चयन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवाद झांसी न्यायालय के अधीन होंगे। E-mail: dbjhansi@rediffmail.com, E-paper-dainikbhaskarup.com

श्री कार्तिकेय

नकारात्मकता को नष्ट करने वाली शक्ति

जो रक्षा करते हैं।
जो सभी बुराइयों का नाश करते हैं।
जो ओजस्वी सेनापति हैं।

भगवान शिव और देवी पार्वती (शक्ति)के दूसरे पुत्र कार्तिकेय को **सुब्रह्मण्यम, षणमुख, षडानन, स्कंद** आदि कई नामों से जाना जाता है। दक्षिणी भारत में श्री कार्तिकेय एक लोकप्रिय देवता हैं और उन्हें **मुरूगन** के नाम से जाना जाता है।

श्री कार्तिकेय ~ जन्म कथा

पृथ्वी पर सूरपद्म और उसके भाइयों, सिंहमुख व ताड़कासुर, का आतंक अपने चरम पर पहुंच चुका था। ताड़कासुर को यह वरदान प्राप्त था कि शिव और पार्वती की संतान ही उसका विनाश कर सकती है। । लेकिन भगवान शिव तो सती आत्मदाह के पश्चात मोह के सभी बंधनों से मुक्त होकर हिमालय पर तपस्या करने चले गए थे।

ऐसे में उनके मन में पार्वती के लिए आकर्षण विकसित होना एक कठिन कार्य था। कामदेव के बाण की वजह से वे पार्वती के प्रति आकर्षित हुए । यद्यपि उन्होंने कामदेव को अपने क्रोध में भस्म कर दिया था, लेकिन शिव के भीतर छिपी क्रोध की ज्वाला अभी तक समाप्त नहीं हुई थी। जब अग्नि देव उनके वीर्य को लेकर जा रहे थे, तो उसके ताप के कारण उन्होंने उसको गंगा जी में गिरा दिया और वे इस वीर्य को शरवन वन तक ले गईं जहां उनसे छः बच्चों का जन्म हुआ।

उस वन में विहार करती छः कृतिका कन्याओं (कृतिका नक्षत्र के छः तारों) ने उनका पालन पोषण किया। जब माँ पार्वती ने अपने पुत्रों को देखा तब वे सभी छः शीश वाले एक शिशु में बदल गए। कृतिकाओं द्वारा लालन-पालन होने के कारण उस बालक का नाम कार्तिकेय पड़ गया।

श्री कार्तिकेय ~ युद्ध के देवता

श्री कार्तिकेय वीरता के प्रतीक और युद्ध के देवता हैं। उनका जन्म राक्षसों को नष्ट करने के लिए ही हुआ है अर्थात वह मनुष्यों की नकारात्मक प्रवृत्तियों का नाश करते हैं।
कार्तिकेय के छः मुखों के प्रतीक स्वरूप, उनका एक नाम षडानन भी है, अर्थात जिसके छः सिर हैं। उनके छः शीश पांच इंद्रियों और मन के प्रतीक हैं। वे यह भी इंगित करते हैं कि यदि मनुष्य जीवन की इस लड़ाई में कुशलता से खुद का नेतृत्व करना चाहता है तो उसे हमेशा इन छः राक्षसी अवगुणों से सतर्क रहना चाहिए। ये छः अवगुण हैं- **काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर।**

उनके छः सिर उन्हें सभी दिशाओं में देखने में सक्षम बनाते हैं। उनकी यह महत्वपूर्ण विशेषता सुनिश्चित करती है कि श्री कार्तिकेय उन सभी प्रकार के प्रहारों का मुकाबला करने में सक्षम हैं, जो उन्हें मार सकते हैं ।

श्री कार्तिकेय एक हाथ में भाला लिए हुए हैं और उनका दूसरा हाथ हमेशा भक्तों को आशीर्वाद देता है। उनका वाहन एक पवित्र पक्षी मोर है जो अपने पैरों से नाग को पकड़ता है, यह नाग लोगों के अहंकार और इच्छाओं का प्रतीक है। मोर हमारी हानिकारक आदतों के विनाश और कामुक इच्छाओं पर विजय का प्रतीक है। इस प्रकार उनका जीवन हमें हमेशा नकारात्मक व्यवहार पर विजय पाने हेतु प्रेरित करता है।

श्री कार्तिकेय के सम्मान में मनाए जाने वाले त्योहार

कार्तिक पूजा- यह एक हिंदू बंगाली त्योहार है और पश्चिम बंगाल में अधिक लोकप्रिय है। यह त्यौहार बंगाली कार्तिक महीने के अंतिम दिन दुर्गा पूजा की तरह ही बड़े उत्साह मनाया जाता है।

कार्तिक दीपम- भगवान कार्तिकेय की पूजा के लिए प्रमुख त्योहारों में से एक कार्तिक दीपम है। यह रोशनी का एक त्योहार है जो मुख्य रूप से हिंदू तमिलों द्वारा मनाया जाता है। इसे कार्तिक नक्षत्र में श्री कार्तिकेय के जन्मोत्सव के उपलक्ष में मनाया जाता है।

थाईपुसम - यह भी तमिल समाज के लोगों द्वारा मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी पार्वती ने ताड़कासुर की राक्षस सेना को हराने के लिए भगवान मुरूगन को एक दैवीय भाला दिया था, इसलिए यह बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है।

सहज योग परिवार की ओर से श्री कार्तिक दीपम की हार्दिक शुभकामनाएं।

श्री कार्तिकेय ~ सेनापति (Commander in Chief)

श्री कार्तिकेय के बारे में कहा जाता है कि **वे देवों की सेना के सेनाध्यक्ष हैं**। वे सभी गणों के कप्तान या नेता है अर्थात वे उन पर नियंत्रण करते हैं। नियंत्रण में होना, स्वामी होने से अलग है ।

जब आप नियंत्रण में होते हैं तो स्वामित्व कहीं खो जाता है और यही वह स्थिति है जो हमें अब प्राप्त करनी है। कार्तिकेय के हाथों में अबोधिता की कमान हैं और वे दूसरों पर और स्वयं अपने पर नियंत्रण करने की शक्ति देते हैं।

दूसरों पर नियंत्रण की शक्ति पुरुषों में वाकचातुर्य से, उनके ओजस्वी होने से, उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों के माध्यम से आती है। महिलाओं के लिए यह उनकी प्रेम शक्ति से, उनकी सहनशीलता से, उनके सुंदर व्यवहार, क्षमा, करुणा के माध्यम से आती है।

जब किसी व्यक्ति का अपने पर नियंत्रण हो जाता है तो वह किसी भी हानिकारक आदत से प्रभावित नहीं होता है। बल्कि वह हमेशा इन आदतों के ऊपर नियंत्रण पाने के हेतु वीरता दिखाता है और उन पर विजय प्राप्त करता है। ऐसा व्यक्ति कभी भी सिगरेट, शराब, मादक पदार्थों के व्यसन का शिकार नहीं होता है और ना ही उसे depression या आत्महत्या जैसे विचारों से जूझना पड़ता है। **साथ ही श्री कार्तिकेय की शक्ति, काले जादू और तंत्र-मंत्र के दुष्प्रभाव से भी हमारी रक्षा करती है।**

श्री कार्तिकेय के गुण और सहज योग

लेकिन इन गुणों को अपने अंदर कैसे जागृत किया जा सकता है? केवल उनकी पूजा करने या बातें करने या इनके बारे में पढ़ने से तो ऐसा संभव नहीं है। इसे श्रीमाताजी निर्मला देवी ने सहज योग के माध्यम से बड़ी ही सुगमता से सफल बनाया है। सहज में ही हमारी कुण्डलिनी शक्ति का जागरण कर हमें चारों और फ़ैली परमात्मा ही की शक्ति से योग कराया है।

हमारी उत्क्रांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए, हमारी रीढ़ की हड्डी में सात चक्र और कुण्डलिनी शक्ति स्थित हैं। **ये सभी चक्र हमारे शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए उत्तरदायी हैं ।** जब कुंडलिनी जागृत होती है, तो वह चक्रों को पोषित करती है और उन्हें संघटित करती हुई हमें परमात्मा के दिव्य प्रेम की सर्वव्यापी शक्ति से जोड़ देती है। कुंडलिनी जागरण और चक्रों के पोषण का एक महत्वपूर्ण लाभ यह होगा कि व्यक्ति में एक आंतरिक संतुलन आएगा और वह स्वस्थ हो जाएगा।

व्यक्ति के भीतर कुंडलिनी शक्ति के जागरण से सभी चक्रो के गुण प्लावित, पोषित होने लगते हैं। जब यह शक्ति हमारे दाएं मूलाधार चक्र को स्पर्श करती हुई पोषण प्रदान करती है तो **इस चक्र के अधिष्ठित देवता श्री कार्तिकेय अपने गुण और शक्तियों से व्यक्ति को आशीर्वादित करते हैं और इस प्रकार सहजयोग के माध्यम से मनुष्य अपनी हानिकारक आदतों और नकारात्मक विचारों और तंत्र-मंत्र के दुष्प्रभावों पर विजय प्राप्त करता है।**

श्री कार्तिकेय का वास हमारे सूक्ष्म तंत्र के मूलाधार चक्र में दाईं ओर है।

अपनी दिव्य शक्तियों को जागृत करें
अपना आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करें

सहज योग ध्यान
पूर्णतः निःशुल्क है

Sahaja Darshan Prachaar aur Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936
www.nirmaldham.org | www.sahajayogamumbai.org

www.sahajayoga.org.in | Toll Free - 1800 2700 800